| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 71,595.49 ▲ +167.06 | | |
| डॉलर | 83.031 ▼ +0.054 | | |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 10.0 | 18.0 |
| धनबाद | 24.0 | 10.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 11.0 | 24.0 |
| पलामू | 24.0 | 08.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 10 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 115, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विकास की एक नई सुबह ...6



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का अद्वितीय ...10 देश/विदेश



पलामू जिलान्तर्गत

# पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना

का शिलान्यास

₹456.6 करोड़ पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति

**योजना की संक्षिप्त विवरणी**

उत्तरी कोयल, औरंगा एवं सोन नदी से आएगा जल

**कुल 31.397 MCM जल लिफ्ट होगा**

योजना से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम, पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटाँड डैम, कुन्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम तथा पाईपलाईन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय, तालाब एवं आहर में पानी होगा एकत्रित

**पलामू जिलान्तर्गत चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड होंगे लाभान्वित**

02 वर्ष में योजना पूर्ण करने का लक्ष्य

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर-कमलों द्वारा

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डाल्टेनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री रामचन्द्र चंद्रवंशी**
माननीय विधायक, बिश्रामपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छतरपुर



दिनांक : **10 फरवरी, 2024** | समय : **11.30 बजे पूर्वाह्न**
स्थान : शिवाजी मैदान, डाल्टेनगंज, जिला-पलामू

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 318531 (IPRD) 2023-24

## एक नजर

### जारी है समृद्धि की पाठशाला

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था समाज के हर वर्ग की जरूरत के मुताबिक अपने सीमित संसाधन के साथ निरंतर प्रयासरत है। जरूरतमंदों के लिए रोटी व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित कर संस्था नेक कार्य कर रही है। बैजंती गुप्ता ,ऋषि कुमार, रंजीता, वीणा गुप्ता आदि अभियान में सतत जुटे हैं।

### सीसीएल कर्मी की मौत

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के कांके कला गांव निवासी किडनी रोग से ग्रसित सीसीएल कर्मी अजय राम उम्र 40 वर्ष की गुरुवार की रात सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि अजय राम पतरातू में कार्यरत थे। पिछले दो वर्षो से वह किडनी रोग से ग्रसित थे। हमेशा अस्पताल में उनका डायलिसिस कराया जाता था। कुछ दिन पहले अजय शादी समारोह में शामिल होने गांव आए हुए थे। इस बीच गुरुवार की रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।

### शदिक चौक से लावारिस बाइक बरामद

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शदिक चौक के पास झाड़ी से पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात बाइक को बरामद किया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर किसी व्यक्ति ने टीओपी-टू प्रभारी इंद्रदेव पासवान को सूचना दी कि शदिक चौक के पास झाड़ी में लावारिस अवस्था में एक बाइक पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही सदल-बल मौके पर पहुंच कर उन्होंने बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस बाइक मालिक का पता लगाने में जुट गई है।

### फरार वारंटियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतरिया कला निवासी अमरेश पाण्डेय के पुत्र रौशन पाण्डेय व राहुल पाण्डेय पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। जिस पर व्यवहार न्यायालय से वांरट निकला है। मामले में दोनों फरार चल रहे हैं। पुलिस ने उनके घर इश्तिहार चिपकाकर 18 फरवरी तक न्यायालय में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। एएसआई मृत्युंजय तिवारी ने बताया कि उक्त मामले में अभियुक्त राहुल पाण्डेय व रौशन पाण्डेय फरार चल रहे हैं। अभियुक्त यदि निर्धारित समय पर व्यवहार न्यायालय के समक्ष समर्पण नहीं करते हैं तो कुर्की-जब्ती भी की जा सकती है।

---

गगनभेदी जयकारे से गूंजित हुआ क्षेत्र, भक्तों में उत्साह

# बजरंग बली की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नपं के वार्ड नंबर दो स्थित सैदाबाद गांव में नवनिर्मित मंदिर में बजरंग बली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें काफी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु जयकारे के साथ सम्मिलित हुये। मंदिर परिसर से स्टेशन रोड होते हुये शहर का भ्रमण करते हुए श्रद्धालु देवरी स्थित सोन नदी तट पर पहुंचे। वहां पर पुरोहित ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराकर कलश में जल स्थापित कराया। इस कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बजरंग बली की जय, जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे के साथ नाचते-गाते मंदिर परिसर पहुंचे। जहां



वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश को स्थापित किया गया। शनिवार को आचार्यो के सानिध्य में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। रविवार को भंडारे के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से यजमान रामप्रवेश विश्वकर्मा,कपिल शर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता,गोविंद साव, भोला शर्मा, अजय विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा,रामू विश्वकर्मा, उपेंद्र शर्मा,संगीता देवी,सुमन देवी, पिंकी देवी,रीना देवी भक्त मौजूद रहीं।

## थाने में विराजेंगे भगवान शिव व हनुमान जी

### प्राण-प्रतिष्ठा के लिये निकली शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना परिसर में नवनिर्मित शिव व हनुमान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को गाजे-बाजे व जयघोष के साथ कलश जल यात्रा के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। जिसमे पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, पूर्व थाना प्रभारी सूरज चैल तथा एसआई अभय आनंद सहित पुलिस कर्मियों, जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने थाना परिसर से सिर पर



कलश लेकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनपुन नदी उद्गम स्थल पहुंचे। जहां जलभरी के बाद वापस थाना स्थित मंदिर में कलश को स्थापित किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह व समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि शनिवार को पूजा-अर्चना तथा रविवार को प्राण-प्रतिष्ठा, हवन एवं भंडारे के आयोजन के साथ ही भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में जिला पार्षद ददन पासवान, संदीप पासवान, राजेंद्र प्रसाद यादव, भोला सिंह, फुटूक कुमार सिंह, अमरनाथ सिंह, मुखिया प्रियंका तिवारी, राजेश राजवंशी, भीम सिंह, जनेश्वर भुइयां, विकास सिंह शामिल थे।

---

नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

# देखते ही बनी रामदरबार की झांकी, बाल हनुमान ने मोहा मन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में बजरंग बली की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई। कलश



यात्रा में शामिल श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुए रेहला स्थित कोयल नदी तट पर पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। शोभा यात्रा मे शामिल श्रद्धालु कलश सिर पर लेकर नंगे पांव वापस मंदिर प्रांगण पहुंचें। जहां विधि-विधान और राम नाम के जयघोष के बीच कलश की स्थापना हुई। कलश स्थापना के साथ ही तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ की शुरूआत हुई। रविवार को महाभंडारे के साथ यज्ञ का समापन किया जायेगा। शोभा यात्रा में रथ पर सजी रामदरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। हनुमान जी बने बाल कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया। शोभा यात्रा मे वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, प्रो.नंदलाल शुक्ला, निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, मिथिलेश चौबे, प्रभात रंजन दुबे, विक्की शुक्ला, चंचल शुक्ला, नीरज शुक्ला, विगण शुक्ला, श्रवण दुबे, उदयकांत दुबे,ओमप्रकाश शुक्ला शामिल थे।

---

वैकल्पिक शिक्षक से कराया जा रहा पठन-पाठन कार्य

# लापता प्रधानाध्यापक को खोजने में विभाग विफल



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर-15 के मध्य विद्यालय बैरियाडीह में शिक्षा विभाग के द्वारा वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था कर विद्यालय में पठन -पाठन सुचारू किया जा रहा है। विदित हो कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदयभान बिना छुट्टी के लगातार विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। जिसके कारण विद्यालय बंद रहता था। विद्यालय बंद होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ा और इसकी लिखित शिकायत विभाग को की गयी। इसके बाद विभाग के द्वारा वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था कर विद्यालय खोला गया। इस बाबत शिकायत मिलने के बाद प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी विद्यालय पहुंची तथा बताया कि बच्चों के भविष्य से इस प्रकार के खिलवाड़ करना घोर निंदनीय कार्य है। इस तरह की हरकत करने वाले शिक्षक पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि कोई भी शिक्षक इस प्रकार लापरवाही न करे। लोगों ने विद्यालय के रंग-रोगन तथा विकास फंड के सारे पैसे वापस कर प्रधानध्यापक को इस विद्यालय से तत्काल हटाने की मांग की है।

---

## गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेताओं ने किया संपर्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भाजपा द्वारा आयोजित गांव चलो अभियान के तहत प्रखंड के उपरी कला व उपरी खुर्द में भाजपा नगर मंडल व उरद्वार मंडल के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह गांव चलो अभियान के विधानसभा प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को मोदी सरकार के विकास कार्यो से रूबरू कराया गया। वहीं प्रबुद्ध जनों से मिलकर एक बार पुनः भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य हुए है और भविष्य में भी होंगे। केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास कार्य जारी है। मौके पर भाजपा के वरीय नेता रामप्रवेश सिंह,रणविजय सिंह,नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता,रविंद्र ठाकुर, बिकास कुमार,बिरबली यादव,ललन यादव,बिकास मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

---

पांकी विधायक ने शोक संतप्त परिजनों को बंधाया ढांढस

# बेकार नहीं जायेगी जवान की शहादत

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड तरहसी के ग्राम ओझा पतरा गांव निवासी शहीद जवान सुकन पासवान उम्र 30 वर्ष के घर पहुंचकर विधायक कुशवाहा डा. शशि भूषण मेहता ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि जवान की शहादत बेकार नहीं जायेगी। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि इस पूरे प्रकरण में उच्च पदाधिकारियों की लापरवाही का विषय सामने आ रहा है। इसे लेकर सरकार से उच्चस्तरीय जांच की मांग की जायेगी। आगामी विधानसभा के सत्र में इस विषय को सरकार के समक्ष



गंभीरता से रखकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जायेगी। मौके पर प्रो. बच्चन ठाकुर, कमेश यादव, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता,प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि लड्डू रजक, दिलीप पांडे, शंकर शुक्ला, सरयू सिंह, सुधीर तिवारी, अजय तिवारी, रौशन सिंह, आलोक पांडे, अरविंद मेहता उपस्थित थे। विदित हो कि जवान सुकन चतरा जिला के जोरी थाना के बोरियो जंगल में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

---

## विधायक मद से 12 योजनाओं का शिलान्यास

**पाटन।** स्थानीय सतौवा पंचायत में पाटन-छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने विधायक मद से 12 योजनाओं का



शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार में कोने-कोने तक विकास किया जा रहा है। इसी दौरान विधायक ने प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ अमित कुमार झा समेत प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। प्रखंड विकास पदाधिकारी से विभिन्न कार्यों के लिए जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने कहा कि समस्याओं को चिन्हित कर समाधान किया जाएगा। मोके पर पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, भाजयुमो युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, मंडल मंत्री आनंद सिंह ओम प्रकाश पांडे ब्रजकिशोर सिंह जमुना प्रसाद कामता सिंह अजय सिंह, नॉलेज सिंह, अजीत सिंह, अजीत प्रसाद,शंभू प्रसाद, प्रमोद सिंह, निर्भय सिंह उपस्थित थे।

## मृतका के परिजनों को स्टोन माइंस प्रबंधन ने किया सहयोग



**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत निवासी दामोदर प्रजापति की पत्नी 62 वर्षीय उर्मिला देवी का देहांत सीढ़ी से गिरने की वजह से हो गया था। विदित हो कि दामोदर प्रजापति अत्यंत गरीब हैं तथा उनकी दिमागी हालत भी सही नहीं है। बताया जाता है की घर का सारा बोझ उर्मिला देवी पर ही था। ऐसे में उनके न रहने से परिवार के भरन-पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। पता चलने पर आसेहार में संचालित रेयाज स्टोन माइंस के संचालक मेराज अहमद खान के निर्देश पर समाजसेवी गणेश प्रजापति के द्वारा स्वर्गीय उर्मिला देवी के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया गया। संचालक ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व है।

---

## प्रखंड प्रमुख ने आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन

**पांकी।** प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने शुक्रवार की दोपहर जरही चौक के समीप ज्ञानदीप आवासीय विद्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत में शिक्षकों के द्वारा उन्हें फूल माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रमुख ने कहा कि आवासीय विद्यालय का उद्घाटन होने से सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई करने में बेहद सहूलियत होगी। यह विद्यालय सैकड़ो बच्चों का भविष्य संवारने का कार्य करेगा। उन्होंने प्रधानाध्यापक ज्ञानचंद कुमार की सराहना की। प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय में नवोदय, नेतरहाट, सैनिक एवं एकलव्य विद्यालय की तैयारी कराई जाएगी। मौके पर उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, पंचायत समिति सदस्य श्याम नंदन ओझा, विनोद यादव, लक्ष्मण सिंह उपस्थित थे।

---

# बिहार भेजा जा रहा 738 बोतल अंग्रेजी शराब व टेम्पों जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के बेलौदर मोड़ के समीप पहाड़ीतर सड़क पर बिना नंबर के टेम्पों पर लादकर बिहार भेजे जा रहे 180 एमएल का 738 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की को पुलिस ने जब्त किया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि गुरुवार की रात में गुप्त सूचना मिली थी कि टेम्पों से शराब बिहार ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर बेलौदर मोड पहाड़ीतार के समीप उक्त टेम्पों का पीछा कर पकड़ा गया। हालांकि अंधेरे का लाभ उठाकर कारोबारी सह चालक भागने में सफल रहा।



उन्होंने बताया कि कार्टून में बंद 738 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। शराब तथा टेम्पो को जप्त कर थाना लाया गया है। उन्होंने कहा कि मामले से जुड़े शराब माफियाओं की संलिप्तता की गहनता से जांच की जा रही है। उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। इस अभियान में एसआइ प्रकाश कुमार गुप्ता के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

---

**जायजा** पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, तैयारियों का लिया जायजा

# ऐतिहासिक होगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर व नावाबाजार क्षेत्र में 14 फरवरी को आयोजित राहुल गांधी की न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगी। छत्तीसगढ़ के गोदरमाना के रास्ते न्याय यात्रा रंका,गढ़वा होते हुये विश्रामपुर के बीमोड पर पहुंचेगी। जहां देश व राज्य की वर्तमान स्थिति पर लोगों को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। वहीं कार्यक्रम समापन के बाद विश्रामपुर इटको मुख्य पथ से यात्रा नावाबाजार की ओर प्रस्थान करेगी। जहां रात्रि विश्राम किया जायेगा। उक्त बातें पूर्व वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डा. रामेश्वर उरांव ने कही। वे शुक्रवार को राहुल गांधी की 14 फरवरी को आयोजित न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर कधवन गांव में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने




कहा कि नावाबाजार में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र के किसानों के साथ भी वार्ता कर श्री गांधी उनकी समस्याओं को जानेंगे। इस कार्य के लिए लक्ष्य बनाकर कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता व कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। तैयारी को अंतिम रुप दिया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम को लेकर प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार शुक्ला,वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, हर्षवर्द्धन चौबे आदि से विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने न्याय यात्रा की सफलता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर वरीय कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी, रुद्र शुक्ला, पंकज कुमार, गढ़वा जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला, राकेश चौबे, आलोक चौबे मौजूद थे।

---

## स्थल जांच कर सही लाभुकों का किया जाये चयन

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने आरोप लगाया कि मजदूर,किसान,असहाय,विधवा,दिव्यांग के लिये झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। योजना के तहत स्थल जांच कर योग्य लाभुकों को ही योजना का लाभ देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी स्थिति में सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। हाल यह है कि जिन लाभुकों को आबुआ आवास मिलना चाहिये। उनको नहीं मिल पा रहा है। गरीबों की इस योजना में बिचौलीगिरी हावी है। वास्तविक पात्रों का नाम सूची में नीचे कर दिया गया है। जबकि पक्के मकान वाले और सक्षम व्यक्ति का नाम सूची में सबसे ऊपर कर दिया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

---

## धर्म समन्वय सभा कल

**मेदिनीनगर।** शहर स्थित कोयल नदी के किनारे श्रीराम जानकी मंदिर भिखमदास मंदिर परिसर में रविवार दोपहर ढाई बजे से धर्म समन्वय सभा का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अनुसार रक्षा सूत्र परिवार फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सौहार्द व धार्मिक प्रसार पर मंथन किया जायेगा।

---

मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी मैदान पर आयोजन की तैयारी तेज

# ओबीसी एकता मंच का महासम्मेलन कल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ओबीसी एकता अधिकार विचार मंच के महासम्मेलन को लेकर मंच के संयोजक मंडल सदस्य संतोष गुप्ता ने शहर के अम्बेडकर चौक के समीप शुक्रवार को वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी 11 फरवरी को जिला मुख्यालय



मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी के मैदान पर महासम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पलामू समेत समीपवर्ती जिलों के सभी प्रखंडों से मंच के लोगों की उपस्थिति होगी। इस दौरान पिछड़े समाज के हक व अधिकारों के लिए रणनीति तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि आज भी हर क्षेत्र में ओबीसी को वंचित रखा जा रहा है। देश की आर्थिक संरचना में कई तरह के विकास व बदलाव होने के बावजूद ओबीसी समाज की स्थिति में कोई गुणात्मक परिवर्तन नही हुआ है। जिसका मुख्य कारण है कि ओबीसी वर्ग का कई खेमों में बंटना है। परिणाम यह हो रहा है कि राजनीतिक पार्टियां स्वार्थ सिद्ध कर रही है। उन्होंने ओबीसी समाज के सदस्यों को उक्त महासम्मेलन में शामिल होने की अपील की है। मौके पर संयोजक मंडल सदस्य राजेन्द्र पासवान, अजय प्रसाद गुप्ता, हरि यादव, प्रदीप कुमार मेहता, सुभाष सिंह आदि मौजूद थे।

सेंसेक्स 71,595.49 ▲ +167.06
डॉलर 83.031 ▼ +0.054

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 10.0 | 18.0 |
| धनबाद | 24.0 | 10.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 11.0 | 24.0 |
| पलामू | 24.0 | 08.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 10 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 115, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विकास की एक नई सुबह ...6
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का अद्वितीय ...10 देश/विदेश




**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 62,420
चांदी (किलो) 71,170

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 फरवरी को

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सरकार की दूसरी कैबिनेट की बैठक अपराह्न चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में 12 फरवरी को होगी। इससे पहले दो फरवरी को पहली बैठक हुई थी, जिसमें तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। 12 फरवरी को होने वाली बैठक की जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दे दी है। इस बैठक में भी सिर्फ दो मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता ही शामिल होंगे। इसकी वजह यह है कि 16 फरवरी को कैबिनेट का विस्तार होना है।

### शाह पर राहुल की टिप्पणी मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ की गई कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। भाजपा नेता नवीन झा की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। इससे पहले नवीन झा ने लीगल नोटिस देकर राहुल गांधी से उनके द्वारा अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था।

### अबुआ आवास योजना में बिचौलियों और लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

# राज्य के हर गरीब का होगा अपना आशियाना : चंपाई सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य के हर गरीब का अपना आशियाना होगा। कोई भी व्यक्ति आवास विहीन नहीं रहेगा। राज्य सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सभी जरूरतमंदों को तीन कमरे का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की शुरूआत कर दी है। मुख्यमंत्री सोरेन ने शुक्रवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने इस मौके पर योजना के पहले चरण के लिए चयनित 24 हजार 827 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने के साथ उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 74 करोड़ 48 हजार रुपये हस्तांतरित किया। कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में अबुआ आवास योजना के लिए 1 लाख 92 हजार 624 लाभुक चिन्हित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अबुआ आवास योजना में किसी भी प्रकार की बिचौलियागिरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी योग्य लाभुकों की स्थायी प्राथमिकता सूची बनेगी और उसी अनुरूप उन्हें आवास आवंटित किया जाएगा। इसमें अगर कोई भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपने कुशल नेतृत्व से झारखंड को संवारने का काम कर रहे थे। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी उन्होंने झारखंड की व्यवस्था को अव्यवस्थित होने नहीं दिया। मजदूरों को हवाई जहाज से वापस लाने का काम किया। सभी के जीवन और जीविका की व्यवस्था की। हमारी सरकार उनके संकल्प, सोच, नीति, योजना, मिशन और विजन के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।



**गांव से चल रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सरकार गांव से चल रही है। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के जरिए सरकार घर-घर तक पहुंची और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम हुआ। आज डीसी और एसपी से लेकर बीडीओ-सीओ आपके दरवाजे पर पहुंचकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे लगातार जारी रहेगा।

**एक-एक व्यक्ति को हक-अधिकार और न्याय मिलेगा :** मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि यह सरकार आपकी है। एक-एक व्यक्ति को पूरे मान सम्मान के साथ उसका हक-अधिकार देंगे। किसी के साथ कोई शोषण और अन्याय नहीं होगा। यहां हर किसी को न्याय मिलेगा। सरकार हर परिस्थिति में आदिवासियों-मूलवासियों, गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेगी, यह हमारा वादा है।

**खनिज संसाधनों का राज्य के हित में होगा उपयोग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पित है। यहां के खनिज संसाधन से पूरा देश जगमग करता है, उन खनिज संसाधनों का अब इस राज्य के हित में सदुपयोग होगा। औद्योगिक विकास के लिए औद्योगिक क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जाएगा। सभी पुरानी सड़कों की मरम्मत की जाएगी। अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त करने की पहल शुरू कर दी गई है। हर खेत में पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है ताकि किसान साल भर खेती कर अपनी आय बढ़ाकर खुद को सशक्त बना सकें।

**महिलाओं को पेंशन योजना लाभ देने का निर्णय :** मुख्यमंत्री ने ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज पलामू में

## 456 करोड़ की पलामू पाइप लाइन परियोजना का करेंगे शिलान्यास

- शिवाजी मैदान में होगा कार्यक्रम, चियांकी से सड़क मार्ग से पहुंचेंगे मुख्यमंत्री
- सोन-कोयल व औरंगा नदी से 13 जलाशयों में भरा जायेगा पानी
- इस योजना से जिले के 11 प्रखंडों को सीधे लाभ मिलेगा
- तीनों नदियों से 31.397 एमसीएम पानी उठाया जाएगा
- इस प्रोजक्ट पर पिछले चार साल से चल रहा है काम

**मेदिनीनगर।** सूबे के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 10 फरवरी को पलामू में सोन-कोयल-औरंगा पाइप लाइन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करेंगे। शहर के शिवाजी मैदान में परियोजना का शिलान्यास समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से चियांकी हवाईअड्डा पर उतरेंगे और सड़क मार्ग से शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपाई सोरेन का यह पहला पलामू दौरा होगा। सीएम के दौरे को लेकर पलामू जिला प्रशासन रेस हो गया है। कार्यक्रम स्थल तैयार हो चुका है। उपायुक्त शशि रंजन और एसपी रिष्मा रमेशन जिले के अन्य पदाधिकारियों के साथ लगातार कार्यक्रम स्थल का जायजा ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। सीएम के कार्यक्रम के दौरान कई मंत्री व बड़े नेताओ के मौजूद रहने की संभावना है। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि इस पाईपलाइन परियोजना से पलामू के सात प्रखंडों को सीधे तौर पर सिंचाई के क्षेत्र में लाभ होगा। इस परियोजना को सरकार से 456.6261 करोड़ ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

# चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

### पीएम मोदी ने किया बड़ा एलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया एक्स के जरिए दी है। इससे पहले मोदी सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक के नाम से मशहूर कपूर्री ठाकुर को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा की थी। किसानों के लिए हमेशा खड़े रहने वाले किसान नेता और भारत के पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा कृषि क्षेत्र के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश कर रही है। चौधरी चरण सिंह और डॉ. एमएस स्वामीनाथन के चयन से पता चलता है कि कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को नरेंद्र मोदी सरकार प्राथमिकता दे रही है। तीन भारत रत्न सम्मान पाने वाले में से दो देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव रहे हैं जो गैर-भाजपा पृष्ठभूमि से आते हैं।



## उपभोक्ताओं को मार्च से व्हाट्सएप पर मिलेगा बिजली बिल, भुगतान की भी मिलेगी सुविधा

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) मार्च महीने से अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए व्हाट्सएप और एसएमएस पर भी उपलब्ध होगा। इसके लिए निगम ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। नयी व्यवस्था के तहत प्रचार-प्रसार भी शुरू कर दिया गया है। निगम की ओर से जनता से अपील की गयी है कि जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर बिजली बिल से नहीं जुड़ा है, वो नजदीकी बिजली कार्यालय या ऊर्जा मित्र के माध्यम से बिजली बिल से मोबाइल नंबर को जोड़ कर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर पहले से बिजली बिल से जुड़ा है, उन्हें स्वतः इस व्यवस्था के तहत बिजली बिल मिलने लगेगा। जेबीवीएनएल की मानें तो सभी विद्युत आपूर्ति क्षेत्रों में नयी व्यवस्था का प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है।अधिकारियों और कर्मियों की ओर से इसका प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया पर भी किया जा रहा है।

# भूमि विवाद में तीन लोगों की हत्या, एक गंभीर

### पुलिस ने तीनों मुख्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सिसई थाना क्षेत्र के पोटरो सकरौली गांव में शुक्रवार को ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई। भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं एक व्यक्ति को गंभीर स्थिति में रांची रिम्स रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। वहीं इस घटना के बाद से गांव के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि यह घटना जमीन व पेड़ विवाद में घटी है। सिसई थाना क्षेत्र के पोटरो सकरौली गांव में पूर्व से एक परिवार में आपसी रंजिश चल रही थी। शुक्रवार को विवाद बढ़ गया, जिसमें ननकेश्वर साहू, सतेंद्र साहू व शिव कुमार साहू द्वारा पारंपरिक हथियार से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया गया। इस हमले में मुन्ना साहू, नागेश्वर साहू और पवन साहू की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि मुन्ना साहू के पुत्र विकास साहू की भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उससे रांची रिम्स रेफर किया गया है। इस घटना में मारे गये सभी आपस में भाई लगते हैं। वहीं इस घटना की सूचना मिलने के बाद सिसई थाना पुलिस दलबल के साथ पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये। फिलहाल पूरे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस इस दौरान ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

**इंडिया**

# भारत रत्न से दिल जीतने के बहाने देश जीतने का दांव


सुनील बादल

**कहते** हैं राजनीति में पहली चाल और समायावधि का बड़ा महत्व होता है। पिछड़े वर्ग में जागरूकता और संघर्ष के प्रतीक कपूर्री ठाकुर, राम मंदिर के प्रणेता लाल कृष्ण आडवाणी, भारत में कृषि क्रांति के जनक प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन,भारत में गैट समझौते के तहत वैश्विक तकनीक और प्रतिस्पर्धी बाजार के सूत्रधार पूर्व कांग्रेसी प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और उत्तर प्रदेश के महान किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत सरकार ने भारत रत्न देने का ऐलान किया है। राजनीतिक दृष्टि से चुनाव पूर्व इसे मास्टर स्ट्रोक कहा जा रहा है जिसने भाजपा के कट्टर विरोधी कांग्रेस को सकते में डाल दिया है। आडवाणी का विरोध राम मंदिर का विरोध माना जाएगा और सनातनी नाराज हो सकते हैं जो आज भी परंपरा से उनका मोह नहीं छोड़ पाए हैं जबकि दक्षिण के दो दिग्गजों का आज तक सम्मान नहीं के साथ उनकी उपेक्षा का ढिंढोरा पीट कर भाजपा श्रेय लेकर अभेद्य दक्षिण के किलों में सुरंग बनाने से लेकर छोटा महल बना सकती है। भारत रत्न सिर्फ संभ्रांत कांग्रेसियों को मिला था,के आरोप को और हवा देकर उन्हें और धराशायी किया जा सकता है और कृषि कानूनों तथा आरक्षण पर अड़े किसान नेताओं के साथ जाटों के तेवर ढीले किए जा सकते हैं। जबकि भाजपा यह धारणा प्रचारित करेगी कि असली भारत रत्न ये उपेक्षित धरती पुत्र थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़ से आने वाले चौधरी चरण सिंह ने देश की राजनीति में बड़ा स्थान हासिल किया था । इस ऐलान ने प्रदेश की राजनीति को गरमा दिया है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का ऐलान किए जाने के बाद जयंत चौधरी ने ट्वीट कर इस पर बधाई दी। जयंत ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- दिल जीत लिया।चौधरी चरण सिंह जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में रहे हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी। हालांकि, अब केंद्र सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर हरियाणा और राजस्थान तक दिखेगा। जयंत चौधरी को लेकर पिछले दिनों से लगातार भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन की चर्चा की जा रही है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद जयंत चौधरी की प्रतिक्रिया भी सामने आई। उन्होंने दिल जीत लिए जाने की बात कही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी किसान नेता के सम्मान को लेकर कहा कि वह आपातकाल में सरकार के साथ खड़े रहे। चौधरी चरण सिंह ने हमारे किसान भाई- बहनों के लिए जीवन पर्यंत काम किया।



पीएम नरेंद्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भरत रत्न दिए जोन को लेकर बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई- बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है। पीएम नरेंद्र मोदी के इस पोस्ट को कोट करते हुए जयंत चौधरी ने लिखा, दिल जीत लिया।चौधरी चरण सिंह को जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में मान्यता मिली हुई है। पंजाब में सबसे अधिक 38 फीसदी जाट आबादी है। हालांकि, इसमें से 35 फीसदी जाट सिख धर्म से हैं। 3 फीसदी हिंदू धर्म को मानने वाले जाट हैं। हिंदू जाट की आबादी वाला सबसे बड़ा प्रदेश हरियाणा है। यहां 31 फीसदी हिंदू जाट हैं। इसके अलावा करीब 5 फीसदी सिख और एक फीसदी विश्नोई जाट यहां बसते हैं। पश्चिमी यूपी में 17 फीसदी हिंदू जाट और 2 फीसदी सिख जाट बसते हैं। राजस्थान में 20 फीसदी हिंदू, 2 फीसदी विश्नोई, 2 फीसदी सिख और एक फीसी अंजना जाट हैं। वहीं, दिल्ली में 10 से 12 फीसदी, मध्य प्रदेश में चार से पांच फीसदी, गुजरात में करीब 8 फीसदी, जम्मू कश्मीर में सात से आठ फीसदी और उत्तराखंड में 4 से 5 फीसदी आबादी जाट की है। इन वर्गों में चौधरी चरण सिंह को खूब माना जाता है। ऐसे में उनको भारत रत्न देकर भाजपा नित केंद्र सरकार ने बड़ा दांव खेल दिया है।

### जमीन विवाद में दर्ज एफआईआर निरस्त

# फिल्म निर्देशक प्रकाश झा को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने फिल्म निमार्ता और निर्देशक प्रकाश झा के खिलाफ जमीन विवाद से जुड़े मामले में रांची में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने इसे सिविल नेचर का विवाद माना है और कहा है कि निचली अदालत इस मामले में लंबित टाइटल सूट पर इस फैसले से प्रभावित हुए बगैर विधि-सम्मत तरीके से सुनवाई करेगी। दरअसल, जमशेदपुर में प्रकाश झा की ओर से मॉल का निर्माण कराया जा रहा था। इसमें 10 हजार वर्ग फुट स्पेस खरीदने को लेकर क्लासिक मल्टीप्लेक्स प्रा. लि. के सीएमडी पवन कुमार सिंह ने प्रकाश झा के साथ एग्रीमेंट किया था। इसके लिए उन्हें 20 लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट सौंपा गया था। शिकायतकर्ता पवन कुमार सिंह का आरोप है कि एग्रीमेंट के बाद भी उन्हें मॉल में स्पेस नहीं दिया गया। इसे लेकर उन्होंने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची के सिविल कोर्ट में शिकायत वाद दायर किया था, जिसके आधार पर प्रकाश झा के खिलाफ रांची के कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इस पर जनवरी 2018 में अदालत ने प्रकाश झा के खिलाफ संज्ञान लिया था। प्रकाश झा ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में शरण ली थी। इस बीच पुलिस ने इस मामले की ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।

मां सरस्वती विद्या की अधिष्ठात्री हैं। इस दिन हम परिवार, समाज व देश में आदर्श स्थापित करने की उपासना करते हैं। पूजन के दिन कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे विधि-व्यवस्था में खलल उत्पन्न हो।

अनुराग तिवारी, एसडीओ मेदिनीनगर सदर

## ट्रेन की चपेट में आने से मानसिक रोगी की मौत



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगरा रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से शुक्रवार सुबह शहर थाना क्षेत्र के निमिया वार्ड नंबर तीन के निवासी गुलाब राम चंद्रवंशी के पुत्र कमल किशोर चंद्रवंशी उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि कमल किशोर राम मानसिक रूप से कमजोर थे। कई वर्षो से उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की सुबह वह घर से निकल कर कहीं चले गए थे। मौके पर पहुंची सदर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

**वर्ष पर्यंत टैंकरों के पानी से प्यास बुझाते हैं नागरिक**

## बैरिया-निमिया में पेयजल का अभूतपूर्व संकट, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बैरिया-निमिया आदि मोहल्लों में पेयजल का अभूतपूर्व संकट व्याप्त है। कोई प्रबंध नहीं होने के कारण यहां के नागरिक प्यास बुझाने के लिये वर्ष पर्यंत टैंकरों के पानी पर निर्भर हैं। नागरिकों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि क्षेत्र की इस विकराल समस्या की किसी को जानकारी नहीं है। कई बार उनका ध्यान भी आकृष्ट कराया जा चुका है। इसके बाद भी कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या दिन-प्रतिदिन गहराती जा रही है। नागरिकों ने इस बार चुनावों में उम्मीदवारों से बकायदा

**तस्वीर झूठ ना बोले**



कभी घन-घना तो कभी मुट्ठी भर चना, कभी वो भी मना। नाली में फेंके गये कंबल को देख उक्त उक्ति सामने चरितार्थ हो गयी। ठिठुरन भरी ठंड में कुड़कुड़ा रहे राहगीर मौसम बदलते ही फेंक कर चलते बने। (छाया -भोला)

## एक नजर

### थाना प्रभारियों का गैर जनपद स्थानांतरण

**मेदिनीनगर।** शासन द्वारा जिले में तीन वर्ष से ज्यादा समय व्यतीत कर चुके थाना प्रभारियों का गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया गया है। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर यह कार्रवाई की गयी है। पुलिस मुख्यालय से जारी सूची के अनुसार विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन का रांची, नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास का धनबाद, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक का जमशेदपुर, उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो का हजारीबाग व पांडू थाना प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता का पाकुड़ तबादला किया गया है। इसके पहले रेहला इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद का तबादला सीआईडी में किया जा चुका है। विश्रामपुर पुलिस सुरजीत कुमार की जगह राकेश सिंह( आईपीएस) का पदस्थापना किया गया है।

### सरस्वती पूजा पर विधि-व्यवस्था को सौंपा पत्रक

**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना ने मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी से मिलकर आगामी सरस्वती पूजा पर विधि-व्यवस्था को लेकर पत्रक सौंपकर इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाने की अपील की। ज्ञात हो कि यह पूजा विद्या की देवी मां सरस्वती की साधना करने हेतु की जाती है, परंतु ऐसा देखा जाता है कि कुछ पूजा समिति इसे मौज-मस्ती का पर्व मानकर इस दौरान अमर्यादित गाना बजाने सहित विसर्जन के क्रम में अमर्यादित कार्य करते हैं।

**मुख्यमंत्री के आगमन को ले उपायुक्त ने की बैठक, दिये निर्देश**

# सीएम दौरे पर कोताही न बरतने की हिदायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के पलामू आगमन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल शिवाजी मैदान से हवाई अड्डा तक विधि-व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों के बीच कार्य व दायित्व का बंटवारा भी किया गया। उपायुक्त ने किसी स्तर पर कोई कोताही या लापरवाही नहीं होने की हिदायत दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन व अपर समाहर्ता समेत जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सीएम के प्रथम जिला दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा मुकम्मल तैयारी की गयी है। चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही अन्य बुनियादी पहलुओं का भी बारीकी से अध्ययन कर व्यवस्था दुरूस्त किया जा रहा है।

**कार्यक्रम स्थल शिवाजी मैदान से हवाई अड्डा तक विधि-व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश**

**सीएम के प्रथम जिला दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा मुकम्मल तैयारी की गयी है, चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती की जा रही है**



**कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों के बीच कार्य व दायित्व का बंटवारा भी किया गया**

### 13681 लाभूकों को मिलेगा अबूआ आवास का लाभ

अपने पलामू दौरे पर सीएम जिले के 13681 लाभुकों को अबुआ आवास की पहली किश्त प्रदान करेंगे। विदित हो कि दो-दो लाख रूपये की आवास योजना की पहली किश्त के रूप में 30 हजार रूपये की राशि का चेक प्रदान किया जायेगा। इस योजना के तहत दूसरी किश्त 50हजार,तीसरी एक लाख और चौथी और अंतिम किश्त के रूप में 20 हजार रूपये प्रदान किये जाने का प्रावधान है।

**सेना मुख्यालय की जीआर यूनिट देगी उपयोगी जानकारी**

## पूर्व सैनिकों की मदद के लिये सहायता शिविर कल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व सैनिकों की मदद के लिये एनसीसी आफिस के समीप जिला स्कूल मैदान में रविवार को सहायता शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान रांची मुख्यालय की जीआर यूनिट द्वारा पूर्व सैनिकों को उपयोगी जानकारी दी जायेगी। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि शिविर में पूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी विसंगतियां, प्रपत्र संबंधी समस्यायें, जीवित प्रमाण पत्र, पेंशन पर कर, स्पर्श संबंधी समस्या, सीएसडी कैंटीन जैसी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। इसके साथ ही 18 फरवरी को भी शिविर लगाया जायेगा। इस दौरान पूर्व सैनिकों को तत्काल आवश्यक सुविधायें भी मुहैया करायी जायेंगी। उन्होंने पलामू व गढ़वा जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया है। श्री मिश्रा ने बताया कि मुख्यालय के शिविर से पूर्व सैनिकों को काफी राहत मिल रही है।

### भाकपा नेताओं ने जन समस्याओं की ली जानकारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चोठासा व जयनगरा में जनसंपर्क कर समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि खेती ही यहां का प्रमुख पेशा है। इसके बाद भी सिंचाई का कोई प्रबंध नहीं होने से किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। भ्रमण के दौरान जनयगरा मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण कर बच्चों के सापेक्ष अध्यापकों की कम तैनाती पर असंतोष जताया गया। अभय कुमार भूइयां ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आम जनता और गरीबों के हक एवं अधिकार के लिए शुरू से लड़ते आई है।

**11 फरवरी को हाउसिंग कॉलोनी मैदान में होगा ओबीसी मंच की अधिकार रैली**

## आबादी के अनुसार हिस्सेदारी मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई: ब्रह्मदेव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच की अधिकार रैली ऐतिहासिक होगी। उक्त बातें संयोजक मंडल के ब्रह्मदेव प्रसाद ने हाउसिंग कॉलोनी मैदान में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को पलामू के ओबीसी के लोग इतिहास लिखेंगे। पिछड़ों की आवाज पूरे देश में फैलेगी और झारखंड में जब तक जातीय जनगणना नहीं होती है और जातीय जनगणना के अनुसार जिसकी ज्यादा संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी के आधार पर आरक्षण नहीं मिलता है तब तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। राज नारायण पटेल ने कहा कि तत्काल में हम 27 प्रतिशत आरक्षण एवं 52 प्रतिशत आरक्षण की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी 11 सूत्री मांग सभी राजनीतिक पार्टियों के चुनावी मेनिफेस्टो में होनी चाहिए, नहीं तो सत्ता में बैठेंगे हुक्मरानों का सत्ता परिवर्तन में देर नहीं लगेगी। शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू प्रमंडल में 33 लाख लोग ओबीसी है सिर्फ 5 प्रतिशत लोग भी अगर आ जाएंगे तो राज्य से लेकर केंद्र तक बात पहुंच जाएगी। रवि पाल ने कहा कि ओबीसी भाई और बहनों को अब जाग कर अपने हक अपने अधिकार को सरकार के समक्ष रखना होगा और जाति के अनुपात में आरक्षण की मांग करनी होगी वर्तमान सत्ताधारी राजनीतिक प्रक्रिया के कारण पिछड़े वर्ग को अपने-अपने जातियों के खेमे में बताकर उसका राजनीतिक फायदा उठा रहे हैं जिस कारण एकजूटता नहीं बन पा रही है। मुस्तकीम अंसारी ने कहा कि ओबीसी जीएसटी और सेल टैक्स भरपूर मात्रा में देती है जिसके कारण आज देश चल रहा है परंतु टैक्स पेयर को किसी तरह की सुरक्षा और किसी तरह की व्यवस्था नहीं मिली है। मुकेश मेहता ने कहा कि ओबीसी वर्ग के व्यापारियों एवं बेरोजगारों को बिना ब्याज का 10 लाख रुपए ऋण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होना चाहिए। रोशन मेहता ने कहा कि ओबीसी पिछड़ा वर्ग में कल 85 अन्य पिछड़ी जाति आते हैं जिसमें सभी जातियों को एक साथ जुड़कर खड़ा होना होगा।

## राज्य ऑटो चालक महासंघ ने आरक्षी अधीक्षक को सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ ने आटो चालकों की मनमानी से शहर में जाम लगने की खबर की निंदा करते हुये इसे अनुचित करार दिया है। महासंघ के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश सिंह के नेतृत्व एवं पलामू जिलाध्यक्ष रमाकांत दुबे की अध्यक्षता में ऑटो चालकों ने आरक्षी अधीक्षक मांग पत्र सौंपकर नगर निगम व यातायात प्रभारी द्वारा सड़क जाम होने पर एकमात्र ऑटो चालकों को ही दोषी ठहराने की कार्रवाई को अव्यवहारिक करार दिया है। महासंघ का कहना है कि यातायात प्रशासन एवं जवानों की कमी व उदासीन रवैये के कारण शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। छहमुहान, उपायुक्त बंगला के आसपास एवं सादिक चौक आदि जगहों पर जाम लगे होने के बाद भी जवान अनदेखी कर मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते हैं। महासंघ ने मांग की है कि शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर यातायात जवानों की संख्या में बढ़ोतरी एवं सजग सतर्कतापूर्ण ड्यूटी का निर्वहन सुनिश्चित किया जाये। पूर्व के अनुसार नो-इंट्री मार्ग एवं छहमुहान स्थित उपायुक्त आवास से कचहरी रोड होते हुए ओवर ब्रिज रेडमा चौक मार्ग पर भारी वाहनों एवं बसों का नो-इंट्री के समय आवागमन पर रोक लगाई जाए। नो -इंट्री के समय छहमुहान स्थित प्राइवेट व सरकारी बस डिपो से चलने वाले भारी वाहनों एवं बसों को पूर्व की तरह बैरिया चौक होते हुए एन एच-75 पर चलना सुनिश्चित हो। सड़कों पर अनावश्यक ऑटो आदि वाहनों के खड़ा करने पर रोक लगाई जाए। महासंघ ने जाम की समस्या से निजात के लिये एसपी को 11सूत्री सूझाव पत्र प्रेषित कर तत्काल इस पर अमल कराये जाने की मांग की है। इस अवसर पर महासंघ के जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, जाफर, रंजीत प्रसाद पासवान, विजय ठाकुर आदि मौजूद थे।

**पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में भाजपा नेताओं ने भरा जोश**

## भाजपा कार्यकर्ता गांव - गांव जाकर करें केंद्रीय योजनाओं का बखान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में चलो गांव की ओर अभियान पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला के पूर्व महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम है सभी कार्यकताओं व पदाधिकारीयों को बूथों पर जाकर करना है तथा कार्यकर्ता व पदाधिकारी एक-एक बूथ को देखेंगे और वहां के जनमानस से पीएम मोदी के प्रति सोच को समझने का प्रयास करेंगे ताकि आने वाले समय में हम लोग मिल करके चुनाव की तैयारी कर सकें। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि चलो गांव की ओर अभियान का उद्देश्य है कि हम गांव-गांव जाकर पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का बखान करें। साथ ही लोगों में इसका कैसा प्रभाव है उसका भी अवलोकन करना है। जिन लाभार्थियों ने योजनाओं का लाभ उठाया है उनकी प्रधानमंत्री के प्रति क्या सोच है इसका भी मूल्यांकन करें, ताकि आने वाले समय में हमें पार्टी के द्वारा प्रदत कार्य को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में सहूलियत हो। श्याम नारायण दुबे ने कहा कि जैसे परीक्षा के समय में विद्यार्थी सतर्क होते हैं वैसे ही अब हम सभी को सतर्क होने का समय आ गया है। आने वाले एक से डेढ़ महीने के अंदर चुनाव होने वाले हैं अतः हम सभी कार्यकर्ता अपने कार्यों के प्रति सजग रहें। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ,नरेंद्र पांडे, अजय तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, रूपा सिंह, रेणु देवी, लवली गुप्ता, मंजू गुप्ता, नवेंदु मिश्र, सोमेश सिंह, सीटू गुप्ता, ज्योति पांडे उपस्थित थे।



## धूमधाम से हुई महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम सुआ-कौड़िया स्थित झरीवा अहरा के पास नवनिर्मित शिव मंदिर में भोलेनाथ का विधि-विधान पूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा की गयी। मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष नंदू सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, संरक्षक दिनेश प्रसाद, उपसचिव अजीत सिंह, सदस्य देवेंद्र ठाकुर और मंदिर के कमेटी के अन्य लोग उपस्थित रहे। भक्ति जागरण में प्रमोद प्रेमी यादव के भजन गायक पर रात भर श्रद्धालु गोता लगाते रहे। मौके पर परशुराम सेना से गुरु पांडे,अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के युवा अध्यक्ष शुभम प्रसाद, महासचिव आनंद कुमार गुप्ता, महामंत्री जयशंकर सोनी, उपाध्यक्ष रजनीश प्रजापति, मुकेश कुमार ने मंदिर निर्माण हेतु मुकेश कुमार गुप्ता को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



**सराहनीय** | **लापता हेल्प पर मैसेज के बाद की गयी कार्रवाई, नाबालिग को बालिका गृह भेजा**

# आरपीएफ ने नाबालिग सहित दो का किया रेस्क्यू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आरपीएफ ने लापता हेल्प पर मैसेज के बाद नाबालिग सहित दो लोगों का डालटनगंज रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू किया। इनमें 14 वर्ष की लड़की और 19 साल का लड़का शामिल है। इंस्पेक्टर प्रभारी आरपीएफ बनारसी यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम 7.35 बजे लापता हेल्प पर स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से लड़का-लड़की के यात्रा करने संबंधी मैसेज आने के बाद पहल की गयी। ट्रेन के डालटनगंज रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर आते ही आरपीएफ के अधिकारी वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में जवानों ने कोच में जाकर उन्हें सुरक्षित तरीके से रेलवे स्टेशन पर उतारा। दोनों ने बताया कि वे खेलारी के रहने वाले हैं। घर से भागने के बाद उन्होंने बरकाकाना स्थित एक मंदिर में शादी कर ली है। शादी का प्रमाणपत्र मांगने पर उन्होंने चुप्पी साध ली। लड़की को रात में ही बालिका गृह में विधिवत रूप से सौंप दिया गया। जबकि लड़के को उसके माता-पिता के हवाले कर दिया गया।





### भूले-भटकों के लिये फरिश्ता बनी आरपीएफ

भूले-भटकों के लिये आरपीएफ फरिश्ता साबित हो रही है। प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि साल 2023 में आपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत 30 बच्चों का रेस्क्यू किया गया था। जबकि पांच महिलाओं को बाइज्जत सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया गया था। इस दौरान तीन यात्रियों की जान भी बचायी गयी। बीते वर्ष रेलवे टिकट और रिजर्वेशन की कालाबाजारी से संबंधित 18 मामलों में आरपीएफ ने 12 लख रुपए की जब्ती भी की थी।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### मेगा हेल्थ कैंप 500 लोगों ने कराई जांच

**बालूमाथ।** मगध संघमित्रा एरिया द्वारा सीएसआर के तहत जीएम कार्यालय परिसर, चमातु में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें रांची नगर अस्पताल, सीसीएल, रांची के विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दौरा किया। नेत्र, ईएनटी, मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, मधुमेह, बीपी, ईसीजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जरी, त्वचा संबंधी डॉक्टरों ने आकर लाभार्थियों को मुफ्त में निर्धारित दवाएं वितरित कीं। खबर लिखे जाने तक 514 लोगों का रजिस्ट्रेशन हो चुका था। इसके अलावा वृद्ध ग्रामीणों और गर्भवती महिलाओं को 200 फल और पोषक तत्वों के पैकेट वितरित किए। मौके पर जीएम नृपेंद्र नाथ आदि उपस्थित थे।

### 75 मरीजों की जांच

**बारियातु।** शिबला बाजार टांड स्थित शुक्रवार को आयुष हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश, नौशाद आलम एवं आलोक कुमार कश्यप ने लगभग 75 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा दी गई। मौके पर सहिया हलीमा खातून, पूनम देवी, योग प्रशिक्षक अंजली, मोहम्मद इमरान आदि उपस्थित थे।

### स्नेह मिलन समारोह का किया आयोजन



**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर के वरिष्ठ आचार्य विजय पाठक की सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अनिल ठाकुर, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं वरिष्ठ आचार्य विजय पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आचार्य विजय पाठक के समय के आचार्य शशिकांत पांडे, लाल बहादुर राम, ओंकार नाथ सहाय, राधेश्याम मिश्रा, ममता त्रिपाठी ने अपने अनुभव साझा किये।

### दीवार लेखन किया

**बारियातु।** एक बार फिर मोदी सरकार एवं गांव चलो अभियान के तहत सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह ने गोनिया पंचायत के चुम्बा व साल्वे पंचायत के जबरा गांव पहुंच कर दीवार लेखन किया। मौके पर बूथ अध्यक्ष अनिल पासवान, नवीन सिन्हा, श्रवण ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### मतदान प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**गिद्धौर।** प्रखंड के मंझगांवा पंचायत के ब्रह्मपुर मोड़, मंझगांवातरी सहित विभिन्न गांव के मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को मतदान प्रक्रिया की जानकारी लोगों को दी गई। पंचायत के सभी मतदान केंद्रों पर जागरूकता रथ पहुंचकर मतदाताओं को मतदान के लिए भी जागरूक किया। मौके पर बीडीओ राहुल देव, प्रवेक्षक दिगंबर पांडेय आदि उपस्थित थे।

### सुदेश आज प्रतापपुर में

**प्रतापपुर।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का आगमन 11 फरवरी को प्रतापपुर हाई स्कूल मैदान में होना है। इसको लेकर शुक्रवार को बैठक की गई। इसमें अच्छयवट सिंह, बबलू पाठक, ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के महासचिव अशोक गहलोत, पूर्व मुखिया उमेश दास, अवध किशोर भगत मनोज कुमार यादव, मोहम्मद हसनैन, नवनीत पाठक गोल्डन, सुबोध दांगी अरविंद यादव, रंजीत यादव, मुनारीक राम, गोपाल पांडेय, खुर्शीद खान, दरगाही खान आदि उपस्थित थे।

---

डीसी व एसपी ने प्रशासनिक तैयारियों का लिया जायजा, कहा-मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

# भव्य होगा इटखोरी महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 की तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन इटखोरी पहुंचे। उन्होंने विभिन्न विभागों को महोत्सव को सफल बनाने हेतु निर्देश दिए। मंदिर परिसर, कार्यक्रम स्थल समेत अन्य सभी स्थलों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारी को ससमय कार्य को पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि 19, 20 एवं 21 फरवरी को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन कार्यक्रम में बतौर



मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था की भी तैयारी पूरी तरह पूर्ण कर ली जाय।

**तीन दिवसीय महोत्सव में देश के जाने-माने कलाकार बांधेंगे समां :** 9 फरवरी को विपिन मिश्रा एवं ग्रुप, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी, मुकुन्द नायक एवं ग्रुप, सत्या ठाकुर एवं ग्रुप, मैथिली ठाकुर एवं ग्रुप, रोहित आरके एवं ग्रुप, 20 फरवरी को सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, शालीनी दुबे एवं ग्रुप, साक्षी प्रिया दुबे एवं समूह, रजत आनंद एवं ग्रुप, किस्सु राहुल एवं ग्रुप, विनोद राठौर एवं ग्रुप तथा 21 फरवरी को बीएसएफ हजारीबाग, मृणालिनी अखौरी, प्रकाश कुमार एवं ग्रुप, सिमरन साह एवं ग्रुप, पुजा चटर्जी एवं ग्रुप, शब्बीर कुमार एवं ग्रुप समां बांधेंगे। इन कलाकारों के अलावे और जाने माने कलाकार भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# अपराध पर नियंत्रण के लिए जाने जाते हैं अरविंद

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पहचाने जाते हैं लातेहार के नये एसडीपीओ अरविंद कुमार। अरविंद कुमार ने लातेहार के 13वें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने के साथ ही यह साफ भी कर दिया है कि अपराध किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीपीओ ने बताया कि अपराध और नक्सल गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कड़ाई और कार्रवाई दोनों जरूरी है। यह टीम से ही हो सकता है, इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। साथ ही मेरे कार्य क्षेत्र में लातेहार थाना और चंदवा थाना शामिल है। इन थानों पर भी नियंत्रण की जरूरत है। इसलिए समय-समय पर थानेदारों के साथ बैठक करना और थाना क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करना जरूरी है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि थानेदार के अलावा सिपाही, मुंशी, पीसीआर वैन, गश्ती दल में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करना ताकि हमें यह पता रहे कि हमारे थाने के गश्ती दल, सिपाही, पीसीआर वैन की पुलिस कब कहां और क्या कर रहे हैं।

### जानिए अपने एसडीपीओ अरविंद कुमार को



लातेहार अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं अरविंद कुमार। 2015 फोर्थ जेपीएससी बैच के अधिकारी हैं। इससे पहले भी वह लातेहार में नक्सल अभियान के खिलाफ कार्य किया है। वह बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने के लिए चलाये गये कारगर प्रयास में अपनी दमदार भूमिका निभाई है। वह लातेहार के एसडीपीओ के पदभार ग्रहण करने से पहले पूर्व जमशेदपुर हेडक्वार्टर डीएसपी तथा प्रशिक्षु डीएसपी के रूप में धनबाद में भी पदस्थापित रह चुके हैं।

#### पुराने अपराधियों को करेंगे चिन्हित

एसडीपीओ ने कहा कि मेरे कार्य क्षेत्र में आने वाले सभी थाना क्षेत्र के सभी थानेदारों को टास्क दिया जाएगा कि जितने भी पुराने अपराधी हैं, किन-किन मामलों में भी जेल जा चुके हैं, ऐसे बदमाशों की सूची तैयार करें। वर्तमान में इनकी क्या गतिविधियां हैं, इसकी भी जानकारी रखें, कोशिश करें कि ऐसे बदमाशों पर न सिर्फ नजर रखें बल्कि इन्हें थाने पर हाजिरी के लिए भी बुलायें। असामाजिक व विवादित व्यक्तियों से पुलिसकर्मी सांठगांठ न रखें। यदि ऐसी सूचना मिलती है तो कार्रवाई सुनिश्चित है। साथ ही उन्होंने कहा कि नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाना और उनकी गतिविधियों को लेकर सूचना समय समय पर मिलता रहे इसे लेकर सूचना तंत्र को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान रहेगा।

#### पेंडिंग फाइलों का होगा निष्पादन

पूर्व में जितनी भी फाइलें पेंडिंग है उनका निष्पादन कराना, पुराने वारंटी, लाल वारंटी, कुर्की जब्ती और फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराई जाएगी। हत्या, लूट, छीनताई, डकैती, चोरी, चेन स्नेचर, रंगदारी, छेड़ खानी, जमीन विवाद जैसे अन्य मामले पर कोई फरार हैं गिरफ्तारी जल्द की जायेगी। अपराध वाले स्थान को चिन्हित करना और सीसीटीवी कैमरे लगवाने, इन जगहों पर पुलिस की गतिविधियां बढ़ाने की पहल करेंगे। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम करेंगे जिससे स्थानीय लोग भी पुलिस को अपना मित्र मानें।

#### पीड़ित का आवेदन तुरंत लिया जायेगा

कभी कभी ऐसा सुनने को मिलता है की कोई पीड़ित महिलाएं या पीड़ित परिवार अपना आवेदन लेकर थाना पहुंचते हैं तो उन्हें टालमटोल किया जाता है, लेकिन मेरे कार्यकाल में यह नहीं होने दिया जाएगा। जो भी पीड़ित आवेदन लेकर थाना आते हैं तुरंत रजिस्टर्ड कर आगे की कार्रवाई शुरू होगी। यदि यह पता चला कि पीड़ित आवेदन लेकर थाना आये थे लेकिन उसे थाना में घंटों बैठाए रखा और उसका आवेदन भी नहीं लिया, ऐसे पुलिसकर्मी पर कार्रवाई करने की अनुशंसा तुरंत वरीय पुलिस अधीक्षक से की जाएगी।

#### झूठी एफआईआर कराने वाले सावधान

झूठे एफआईआर कराने का भी मामला प्रकाश में आता है। यदि इस तरह का मेरे कार्यकाल में मामला आएगा तो वैसे लोग सावधान रहेंगे। झूठ बोलकर एफआईआर कराता है और जांच के क्रम यह पाया गया कि पैसे और पैरवी के बल पर झूठा एफआईआर करवाया गया है तो झूठे एफआईआर कराने वाले और इसका साथ देने वाले दोनों पर एफआईआर दर्ज होगी।

---

# आम रास्ता बंद किये जाने पर दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

चंदवा पूर्वी पंचायत के देवीमंडप मोहल्ले में आम रास्ते को बंद किये जाने के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने शुक्रवार को भीम आर्मी के बीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना दिया। लोगों ने प्रखंड कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि खाता सं 608 प्लॉट सं 1459 जो कि एक गैरमजरूआ आम है जिसका उपयोग मोहल्ले के लोग आम रास्ते के रूप में वर्षों से करते आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले उक्त रास्ते के समीप स्थित एक रैयत ने अपनी जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को बिक्री कर दी है, लेकिन जमीन खरीदने वालों के द्वारा जमीन के साथ साथ उक्त रास्ते को भी बंद कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। रास्ता बंद हो जाने के कारण लगभग 25 परिवारों के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। लोगों को आने जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरने को संबोधित करते हुए बीरेंद्र कुमार ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा जबरन



आम रास्ते को बंद करने की कोशिश की जा रही है, जो किसी भी तरह से उचित नहीं है। अगर रास्ता बंद हो जायेगा तो फिर वहां रह रहे लोग कहां जायेंगे। उन्होंने प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि जल्द से जल्द उक्त मामले की जांच कर लोगों को न्याय दिलाया जाय। अन्यथा बाध्य होकर हम सभी लोग उपायुक्त कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। मौके पर तुलसी राम आदि लोग मौजूद थे।

---

## सात बकाएदारों का काटा गया विद्युत कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड के महुआटांड़ गांव में शुक्रवार को विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार ने किया। इस क्रम में सात बकायादाओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। उन्हें बिजली बिल जल्द जमा करने की हिदायत दी गई। बगैर बिजली बिल जमा किये बिजली जलाते पकड़े जाने पर कार्रवाई के साथ प्राथमिकी दर्ज करने की भी चेतावनी दी गई। दल में विद्युत सहायक कर्मी संतोष कुमार, पंकज कुमार, विकास कुमार, सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

---

# कुएं में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर के पास कुएं से 25 वर्षीय एक युवक का शव मिला। इसकी सूचना मिलते ही पुअनि बंधन भगत घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। इस संबंध में भगत ने बताया कि युवक उदय गायर पिता नागेश्वर गायर महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चंपा

#### मृतक उदय गायर ससुराल में रहकर मजदूरी का कार्य करता था

पत्थर टोली का निवासी है। वह आदर्श नगर रामपुर में ससुराल में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। हम सभी बिंदुओं पर जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

---

# केदार नाथ मंदिर की तर्ज पर 100 फीट ऊंचा बनाया जाएगा सरस्वती पूजा पंडाल

**संतोष कुमार निराला। गिद्धौर**

सरस्वती पूजा की तैयारी गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों व क्लबों में जोर-शोर से की जा रही है। प्रखंड के विभिन्न कल्बों द्वारा सरस्वती पूजा के पंडालों का आकर्षक तरीके से निर्माण किया जा रहा है। वहीं विद्यालयों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। प्रखंड के मूर्तिकारों द्वारा प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरस्वती पूजा को



लेकर खास कर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। प्रखंड के मध्य विद्यालय में रंग-रोगन का कार्य पूरा कर लिया गया है। जबकि विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति प्रखंड के मुख्य चौक पर सार्वजनिक नवयुवक विकास संघ द्वारा केदार नाथ मंदिर पर आधारित आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई लगभग 100 फिट रहेगी। पूजा अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि केदारनाथ मंदिर के भारी भव्य तरीके से सजाया जा रहा है।

---

# भ्रमण कर लौटे बच्चे, किये अनुभव साझा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

16वीं आदिवासी आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत पुणे गए लातेहार जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के 10-10 आदिवासी युवक और युवतियां सकुशल अपने घर वापस लौट आएं और अनुभव साझा किया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र लातेहार एवं केंद्रीय पुलिस रिजर्व बल (सीआरपीएफ) 11वीं बटालियन द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि इन बच्चों को नेहरू युवा केंद्र लातेहार एवं सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के सौजन्य से जिला-लातेहार के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 10-10 आदिवासी युवक एवं युवतियों का चयन कर आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत पुणे भ्रमण के लिए भेजा गया था। सीआरपीएफ के 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के मार्ग-दर्शन में द्वितीय कमान अधिकारी जुगल किशोर जोशी ने युवक एवं



युवतियों को अपना अनुभव गांव के लोगों से साझा करने को कहा। जोशी ने बच्चों को पुणे भ्रमण की यादों एवं अपने-अपने अनुभवों को डायरी में लिखने की भी सलाह दी। मौके पर नेहरू युवा केंद्र लातेहार के जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, सुबेदार मेजर राजा सिंह तोमर, निरीक्षक जितेंद्र कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

---

# राकेश सहाय का 26वें अंचल अधिकारी के रूप में योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर अंचल के 26वें अंचल अधिकारी के रूप में राकेश सहाय ने शुक्रवार को योगदान दिया। सहाय ने पदभार वर्तमान प्रभारी अंचल अधिकारी हरिनाथ महतो से ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान अंचल अधिकारी को विदाई दी गई। अंचल अधिकारी ने कहा विकास की गति में तेजी लाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरा



लक्ष्य होगा। अंचल से संबंधित कार्य के लिए ग्रामीणों को चक्कर नहीं लगाना होगा। भूमि या अंचल से संबंधित कार्य का निष्पादन त्वरित गति से किया जाएगा। मौके पर बीडीओ राहुल देव उपस्थित थे।

---


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.**
**e-Procurement Short Tender Notice**
**2nd Call**
Short e-Tender Ref No- 5/ RCD/Daltonganj/2023-24/ 192
Dated:-09.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Balance Work of widening and Strengthening of Bishrampur-Belhara via Pandu Road (Total Length- 22.00 K.m) for the year 2023-24. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 8,19,73,331.76 (Rupees Eight Crore Nineteen Lacs Seventy Three Thousand Three Hundred Thirty One and Seventy Six Paise) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 8,19,800.00 (Rupees Eight Lac Nineteen Thousand Eight Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 09 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 13.02.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 27.02.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 29.02.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj
PR 318492 Road (23-24)D


---

## 'बड़का गांव विधायक अंबा प्रसाद को दी जाय मंत्रिमंडल में जगह'

**बालूमाथ।** झारखंड सरकार के मंत्रालय में नए चेहरे को शामिल करने की खबर है। ऐसे में हम तैलिक साहू समाज की ओर से लातेहार तैलिक साहू समाज के युवा जिला अध्यक्ष विजय प्रसाद चंपई सोरेन की सरकार से मांग करते हैं कि बड़का गांव विधायक अंबा प्रसाद को मंत्रालय में जगह दी जाए। अगर अंबा प्रसाद को मंत्री बनाया जाता है तो राज्य का समुचित विकास होगा। वह एक तेज तर्रार पढ़ी-लिखी और जुझारू नेत्री हैं। वह अपने प्रतिद्वंदियों को बेबाक तरीके से जवाब देती हैं। जन समस्याओं को विधानसभा में जोरदार तरीके से रखती है चाहे वह ओबीसी का 27 परसेंट आरक्षण का मुद्दा हो या शिक्षा की बात हो, नारी सम्मान की बात हो या अन्य कोई वह प्रतिदिन जनता दरबार लगाकर अपने क्षेत्र की समस्याओं को निदान करने की काम करती है।

## मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से भरें

**बालूमाथ।** झारखंड राज्य अवस्थित मॉडल विद्यालय बालूमाथ में वर्ष 2024 के लिए नामांकन प्रवेश परीक्षा हेतु फॉर्म 10 फरवरी से 1 मार्च तक ऑनलाइन भरा जाएगा। इच्छुक छात्र/छात्रा, जिसकी उम्र 1 अप्रैल 2024 को 10 वर्ष हो रही है एवं अधिकतम 12 वर्ष है, फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म वैसे छात्र/ छात्राएं भर सकते हैं जो पांचवी या छठी में अध्यनरत हो। नामांकन प्रवेश परीक्षा 17 मार्च को निर्धारित है। यह परीक्षा कुल 100 अंकों का होगा, जिसमें अंग्रेजी के 30 अंक, गणित के 30 अंक एवं सामाजिक विज्ञान के 40 अंक का रहेंगे। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद ही इस विद्यालय में नामांकन लिया जाएगा। प्राचार्य विजय कुमार ने बताया कि लातेहार जिले में कुल तीन मॉडल विद्यालय हैं जो मनिका, बरवाडीह एवं बालूमाथ में पदस्थापित है।

---

**मनमानी** समय से पूर्व गायब हो जाते हैं शिक्षक, बंद हो जाता है स्कूल

# बच्चों की थाली से अंडा व फल गायब

**अजीत कुमार यादव। कुंदा(चतरा)**

एक तरफ जहां सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाखों खर्च कर रही है, वहीं विद्यालय के शिक्षक ही इस सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। दरअसल प्रखंड के एनपीएस कोजरम, यूपीएस बल्ही में शिक्षक की घोर लापरवाही देखी गई। यहां के शिक्षक सरकारी मापदंड को ताक पर रख विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। यहां तक कि बच्चों को विद्यालय व शिक्षक का नाम तक मालूम नहीं है, जबकि मेन्यू के आधार पर बच्चों की थाली से अंडा व फल गायब है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की परिकल्पना कैसे कर सकते हैं।



शुक्रवार को यूपीएस बल्ही के शिक्षक समय से पूर्व विद्यालय में ताला लगाकर नदारद थे। शिक्षा की गुणवत्ता की क्या बात की जाय तो बच्चों को न विद्यालय, न शिक्षक का नाम तक मालूम है। वैसे शिक्षक पर शिक्षा विभाग क्या कार्रवाई करती है जो बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। बच्चों ने बताया कि यहां के मास्टर साहब महीने में पांच दिन ही स्कूल खोलते हैं। महीनों से मध्याह्न भोजन बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर यहां गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई होती तो बच्चों को किस लिए बाहर भेजते। अब देखना होगा कि विभाग लापरवाह शिक्षक पर कार्रवाई करता है या कार्रवाई करने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करता है। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संतोष सिंह ने पूछे जाने पर बताया कि आपलोग शिक्षक को सहयोग करिए।

---


**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, चतरा**
**ई0–निविदा सूचना**
e-TENDER : - HJ AND DM/DJ CHATRA/Y/2024/266

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चतरा |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामिग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक निविदा दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 22.02.2024 से 29.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 22.02.2024 से 29.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 01.03.2024 से 02.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 01.03.2024 से 02.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 04.03.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा के कार्यालय वेश्म में उप विकास आयुक्त, चतरा की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 318521 Home, Prison And Disaster Management(23-24)#D
अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा



**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**मंडल कारा, चतरा**
**ई0–निविदा सूचना**
e-TENDER : - HJ AND DM/DJ CHATRA/Q2/2024/265

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चतरा |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामिग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.04.2024 से 30.06.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 22.02.2024 से 29.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 22.02.2024 से 29.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 01.03.2024 से 02.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 01.03.2024 से 02.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 04.03.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा के कार्यालय वेश्म में उप विकास आयुक्त, चतरा की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा
PR 318518 (Home, Prison And Disaster Management) 23-24 (D)

# हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहर के पुराना शुक्र बाजार अजय पार्क के समीप नवनिर्मित हनुमान जी एवं विश्वकर्मा भगवान के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिठियों कोयल तट से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। इस कलश यात्रा में 1501 श्रद्धालुओं महिलाएं किशोरियों एवं सनातन लोगों ने भाग लिया।

इस दौरान आचार्य जयशंकर मिश्र चंद्रशेखर मिश्र आदि ने कलश का संकल्प कराया। इसके बाद यात्रा शुरू हुई जो सेरेंगहातू, बीएस कॉलेज रोड, सोबरनटोली एवं बरवा टोली चौक शुक्र बाजार अजय पार्क होते हुए श्री सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर परिसर पहुंची, जहां कलश स्थापित की गई। भगवान हनुमान एवं विश्वकर्मा भगवान के गगन भेदी जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। कलश यात्रा के क्रम में सेरेंगहातु बरवाटोली मंदिर आदि जगहों पर भक्तों का स्वागत किया गया। आचार्य जयशंकर मिश्र, चंद्रशेखर मिश्र, पंकज मिश्र, परमानंद मिश्र, गोपाल मिश्रा द्वारा यजमान सरोज प्रजापति, पत्नी सरिता देवी, दीपक अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति, यशोदा देवी, विनय शर्मा, पत्नी जयंती देवी, रवि शंकर शर्मा, पत्नी नीलम शर्मा के साथ पूजन कराया गया। संध्या में आरती की गई। भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं मंदिर को फूलों, विद्युत सज्जा फाटक से आकर्षक ढंग से सजाया संवारा गया था। पूरे क्षेत्र में झंडा, पट से पाट दिया गया था। मौके पर अध्यक्ष सरोज प्रजापति, दीपक अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति, अजय प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, विनोद प्रसाद, कुलदीप, राहुल कुमार, पप्पू, कन्नू, विनय शर्मा, नवल अग्रवाल, रमेश साहू, नागेंद्र प्रजापति, मृत्युंजय मधुप, प्रदीप गुप्ता, अभिषेक शर्मा, राहुल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, दिनेश प्रजापति, किरण देवी, ऋषिका प्रजापति आदि उपस्थित थे।





## एक नजर

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर निकाली गई रैली

**लोहरदगा।** कस्तूरबा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका विद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा सेवन कार्यक्रम एमडीए को लेकर जागरूक किया गया। इसमें सीआरपी नीलू गोयल, प्रिंसीपल, सभी शिक्षक और पिरामल के सदस्य ने बच्चों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी। एमडीए प्रोग्राम 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलेगा। बच्चों द्वारा स्कूल से फाइलेरिया जागरूकता के लिए रैली भी निकाली गई, जिसमें 240 बच्चे शामिल थे। रैली में प्रधानाध्यापक, सीआरपी नीलू गोयल, पीरामल से अजय राठोड़ उपस्थित थे।

### बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**कैरो।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजना की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से आवास निर्माण पर विशेष चर्चा करते हुए सभी अपूर्ण आवास का कार्य 15 फरवरी तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा अंतर्गत, कूप निर्माण, पोटो हो खेल मैदान का अधूरा कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने व अधिक से अधिक मजदूरों को कार्य पर लगाने व ससमय मजदूरी भुगतान कराने को कहा। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, अमन शिखर, पंचायत सचिव गुहा उरांव, आनंद सिंह, राजू गुप्ता, जेई दुर्गा बच्चन, रोजगार सेवक नंदा भगत, प्रवेज अख्तर, हिबजुल रहमान, राजमणि मिंज, मंसूर आलम, पंचम एतवा पहान उपस्थित थे।

### योजनाओं को ससमय पूरा करें : डीडीसी

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना के तहत आम बगवानी, नाडेफ टैंक, नाली, भूमी समतलीकरण, पशु शेड निर्माण कार्य में मानव दिवस को पूरा करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रधान मंत्री आवास योजना में 95 मानव दिवस हैं, जिनमें 88 मानव दिवस का भुगतान हुआ है। बाकी का डिमांड संधारण करा कर भुगतान कराने का निर्देश दिया गया। पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और कनीय अभियंताओं को विकास कार्य को गति देने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र से पलायन रोकने के लिये नई योजना की स्वीकृति कर अधिक से अधिक मजदूरों को काम देने की बात की गई। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, कनीय अभियंता मनु कुमारी, संजीत कुमार, पंचायत सचिव ओम प्रकाश साहू, प्रमोद कुमार, डोली कुमारी अधीश खाखा, रिजवान अख्तर, नागमणी उरांव, सुजीत उरांव उपस्थित थे।

### कार्य का निरीक्षण

**सेन्हा।** बदला पंचायत स्थित तलाब में राज्य सभा सांसद मद से निर्मित छठ घाट में पक्की कंक्रीट स्टेयर निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण उपविकास आयुक्त द्वारा किया गया। जिला परिषद के कनीय अभियंता श्याम बिहारी यादव द्वारा छठ तलाब में लगभग 8 लाख की लागत से बन रहे छठ घाट में पक्की कंक्रीट स्टेयर निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्य गुणवत्ता से करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया सुजीता उरांव, पंचायत सचिव ओमप्रकाश साहु, प्रखंड समन्वयक धनेशर महतो आदि उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर से गिरने व चक्का चढ़ने से आठ वर्षीय छात्र की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सदर थाना क्षेत्र के फोरी पंचायत के भंडरिया तेतरटोली निवासी आठ वर्षीय मनीष उरांव की ट्रैक्टर से गिरने व ट्रैक्टर का चक्का चढ़ने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक, भंडरिया डांडटोली निवासी 15 वर्षीय सूरज उरांव ट्रैक्टर मालिक डांडटोली निवासी विनोद गोप के निर्देश पर ट्रैक्टर से पुआल लाने सुगीटोली गांव गया था। कार्य समाप्त कर वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में स्कूल छुट्टी होने पर गांव के ही दो छात्र भंडरिया सरनाटोली निवासी 10 वर्षीय अनुज उरांव और भंडरिया तेतरटोली निवासी आठ वर्षीय मनीष उरांव को ट्रैक्टर में बैठा लिया। छात्रों को उसके घर पहुंचाया। इसके बाद दोनों छात्र ड्रेस चेंज कर वापस ट्रैक्टर में आकर बैठ गए। सूरज उरांव तेज गति से ट्रैक्टर चलाते व कटिंग करते हुए दोनों को घुमा रहा था, तभी दोनों छात्र ट्रैक्टर से नीचे गिर गए और मनीष उरांव के शरीर पर ट्रैक्टर का चक्का चढ़ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर टोटो थाना की पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। मृतक छात्र की मां अपने मायके गई है और उसके पिताजी कमाने कोलकाता गए हैं। छात्र अपने चाचा राजेश उरांव के साथ रहता था। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार है।

## वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार भाजपा नेता गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

शहर के लोहरदगा रोड स्थित सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से भाजपा के प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल डॉक्टर ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। उनके सिर में काफी चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक मुनेश्वर साहू अपने सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम से निकलकर स्कूटी से दुंदुरिया स्थित आवास जा रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल में लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई।

## जैक बोर्ड की कुडुख भाषा की परीक्षा में शत प्रतिशत रही उपस्थिति

**भंडरा।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा दसवीं की परीक्षा में शुक्रवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ सुधांशु कुमार ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में शुक्रवार को कुडुख विषय की परीक्षा हुई। इसमें 165 छात्रों ने परीक्षा दी। छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत हुई। वहीं उत्क्रमित बिटपी टेन प्लस टू में कुडुख भाषा की परीक्षा में कुल 102 छात्र शामिल हुए। छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। भंडरा एवं बिटपी परीक्षा भवन का निरीक्षण जिला दंडाधिकारी डीएसओ द्वारा किया गया।

# 178 विद्यार्थियों ने दी मैट्रिक बोर्ड में कुडुख की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा चौथे दिन शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 43 तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में कुडुख की परीक्षा ली गई, जिसमें सभी 135 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं 2 छात्र अनुपस्थित रहे। मौके पर केंद्राधीक्षक सीमा नैंसी लकड़ा, अभिषेक गौरव, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट मनोज सिंह, बीपीओ निलेन्द्र कुमार व एसआई शशिकांत कुमार, एएसआई राजेश राम लोहरा आदि उपस्थित थे।

### 38 रहे अनुपस्थित

**लोहरदगा।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 शुक्रवार को प्रथम पाली में जिले के 17 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 1280 परीक्षार्थी उपस्थित और 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक जिला के 11 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 4036 परीक्षार्थी उपस्थित और 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# कुकिंग प्रतियोगिता में कुटमु प्राथमिक विद्यालय रहा प्रथम



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी लोहरदगा के नेतृत्व में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमू, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा अभिषेक झा विशेष रूप से उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी पांच संकुलों के रसोइयों द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, मोटा अनाज जैसे मिलेट, रागी, मडुवा, कोदो, गोंदली आदि का व्यापक उपयोग, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्यान भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में संकुल स्तर पर विजेता (प्रथम) और उपविजेता (द्वितीय) प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी रसोइयों ने सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ उक्त कॉम्पिटिशन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया। निर्णायक मंडल में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा, एक सीआरपी, विद्यालय से एक बाल संसद के प्रधानमंत्री, एक स्वच्छता मंत्री और एक पोषण मंत्री थे। प्रतियोगिता में प्रथम- राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा(सुमन उरांव और टीम), द्वितीय - राजकीकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मन्हो, लोहरदगा (रीना देवी और टीम) रही। विजेता को 2000 रुपये और उपविजेता को रुपये 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मंजू देवी, सभी संकुलों के सीआरपी यथा; जीतेंद्र मित्तल, निधि गुप्ता, संयुक्ता देवी, श्यामा मिश्रा, सीमा शर्मा, त्रिसंध्या प्रजापति, नीलू गोयल जिला एमडीएम से कुंदन कुमार, निशा कुमारी, सलोमी लकड़ा, विजय आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की विभिन्न कार्यों की समीक्षा, कर्मियों को चुनावी मोड में कार्य करने का दिया निर्देश

**भंडरा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड प्रशासन ने प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी है। चुनावी तैयारी की समीक्षा के लिए बीडीओ रंजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कर्मियों संग मैराथन बैठक हुई। बैठक में बूथों के रीलोकेशन से लेकर उग्रवाद प्रभावित बूथों को चिह्नित करने और सुरक्षा के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बैठक में कर्मियों को पूरी तरह से चुनावी मोड में गंभीरता से कार्य करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। बैठक में बूथों के सत्यापन और उसके रीलोकेशन के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की गई। इसमें सभी कर्मियों को बूथों का भौतिक सत्यापन करना था, जिसमें बूथों पर पानी, बिजली, रैंप आदि सुविधाओं की उपलब्धता के साथ भवन की स्थिति के बारे में भी रिपोर्ट करनी थी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में क्लस्टर पर भी सभी प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित कराने की आवश्यकता जताई है।

## दुर्गा ने लिया भंडरा सीओ का प्रभार



**भंडरा।** प्रखंड अंचल कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ सह प्रभारी सीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने भंडरा सीओ का प्रभार नवपदस्थापित सीओ दुर्गा कुमार को सौंपा। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा नये सीओ दुर्गा कुमार को बुके देकर बधाई दी। इस दौरान भंडरा अंचल कार्यालय से पांच फरवरी को बिशुनपुर स्थांतरित हुए सीओ दिनेश प्रसाद को भी अधिकारियों ने अंग वस्त्र देकर विदाई दी। मौके पर सीओ दुर्गा कुमार ने भंडरा में सीओ का प्रभार लेने के बाद राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक कर अंचल से संबंधित कार्यो की समीक्षा की। बता दें कि भंडरा अंचल कार्यालय से सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता का बिशुनपुर स्थांतरण के बाद विगत पांच फरवरी से भंडरा सीओ का प्रभार बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा संभाल रहे थे।

## पहल: जन जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

# वृद्धावस्था पेंशन को योग्यता घटाकर की गई 50




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

राज्य सरकार के निदेशानुसार मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के लिए योग्यता आयु 60 से घटाकर 50 कर दी गई है, जिसके मद्देनजर जन जागरूकता के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने तीन जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिला मुख्यालय से रवाना किया। मौके पर अपर समाहर्ता गुमला, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक, जिला श्रम अधीक्षक, जिला नियोजन पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। जागरूकता वाहन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों को योजना एवं इससे मिलने वाले लाभ के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा। ज्ञात हो कि राज्य वृद्धि योजना के तहत राज्य के वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों को सरकार के द्वारा प्रत्येक माह 1000 रुपये की सहायता व पेंशन की राशि दी जाती है। पहले उक्त योजना का लाभ राज्य के 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को मिलता था, परंतु राज्य सरकार के सम्यक विचारोपरांत राज्य की महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 50-60 वर्ष आयुवर्ग के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिये जाने का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 50 से 59 वर्ष के आवेदक (पुरुष) को योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अंचल अधिकारी से अन्यून प्राधिकर द्वारा निर्गत जाति प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा, परंतु महिला आवेदक को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य नहीं होगा।


**असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।**
Email-cs.lohardaga2@gmail.com

निविदा संख्या – 01/2024 दिनांक – 09/02/2024

**अति अल्पकालीन–निविदा**

जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा द्वारा प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न प्रकार के फ्लैक्स, बैनर, होर्डिंग इत्यादि के मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु दर निर्धारण एवं एजेंसियों का चयन कर सूचीबद्ध करने हेतु खुली निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा विस्तृत विवरण के साथ निविदा दस्तावेज को वेबसाइट https://lohardaga.nic.in पर देखा और डाउनलोड किया जा सकता है। सीलबंद निविदा को केवल निबंधित डाक अथवा हाथों–हाथ स्वीकार किया जाएगा।

निविदा दिनांक 19.02.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 20.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निविदा निस्पादन समिति (क्रय समिति) के समक्ष खोली जायेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 318533 (Lohardaga) 23-24 (D)

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

**(आम–सूचना)**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक :–QU/40/189/2022/3537 दिनांक:– 30.09.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक मे जिले के 3 CM SOE , 3 ULB एवं 17 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में अधिष्ठापित पुस्तकालयों हेतु पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए उपायुक्त गढवा के आदेशानुसार पुस्तक मेला का आयोजन दिनांक 15.02.2024 को किया जाना है। मेला का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय रामासाहू में 11 बजे से आहूत होगी । इस हेतु कार्यक्रम स्थल पर मेला लगाने के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से 13.02.2024 की अपराहन 4 बजे तक कार्यालय अवधि में हाथों–हाथ अथवा मेल के माध्यम से अभिव्यक्ति आमत्रित की जाती है। जिले के आधिकारिक वेबसाइट (http://garhwa.nic.in) पर वांछित पुस्तकों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

मेल आई डी :–s.s.a.garhwa@gmail.com

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,गढ़वा

PR 318515 Human Resource Developement(23-24).D

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (4th Call)**
**PR No. 314100 Dated 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 308/2023-24 दिनांक :- 08.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-LOH-06 /2023-24 | भण्डरा | 1 | बेदाल भौरो पी०एम०जी०एस०वाई० पथ से सेमरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –5.100 कि०मी०) | 1408.991 | चौदह करोड़ आठ लाख निन्यानबे हजार एक सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | भण्डरा | 2 | बेड़ों लोहरदगा मुख्य पथ (धोबाली) से बिटपी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.560 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 3 | बलसोता (मुरलीपोखर) से सोरेण्डा बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.100 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 4 | भैंसमुण्डो मसमानो सिमाना से बेदाल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.400 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 5 | कोटा मोड़ से डुमरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–2.200 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 6 | पझरी से सेमरा मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.400 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 7 | धनामुंजी मोड़ से धनामुंजी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.835 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 8 | जामूनडीपा से मादा सिमाना भाया टोटो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.700 कि०मी०) | | | |
| | | भण्डरा | 9 | भण्डरा से सोरण्डा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.300 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–13.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 19.02.2024 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–20.02.2024 .अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 318527 (Rural Work Department)23-24*D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

### e-Procurement Notice

Short e-Tender Ref No- 7/ RCD/Daltonganj/2023-24/193
Dated:-09.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | IRQP Work of Mohammadganj-Dangwar Road (Total Length- 30.40 km) Working Length- 0.00 to 15.00 km for the year 2023-24 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 9,07,88,875.00 (Rupees Nine Crore Seven Lacs Eighty Eight Thousand Eight Hundred Seventy Five) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 9,07,900.00 (Rupees Nine Lacs Seven Thousand Nine Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 06 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 13.02.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 27.02.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 29.02.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR.NO.318493 Road(23-24):D

## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, चतरा

### ई0–निविदा सूचना

e-TENDER : - HJ AND DM/DJ CHATRA/Q1/2024/264

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चतरा |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2024 से 31.03.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 22.02.2024 से 29.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 22.02.2024 से 29.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 01.03.2024 से 02.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राषि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 01.03.2024 से 02.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 04.03.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा के कार्यालय वेश्म में उप विकास आयुक्त, चतरा की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhand tenders .gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा

PR.NO.318512 Home, Prison And Disaster Management(23-24):D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## WATER RESOURCES DEPARTMENT

### LOCAL/NATIONAL TURNKEY COMPETITIVE BIDDING

(Complete Job with Ten Years OM&M)

NIT No. :- WRD/Water Ways Division, Medininagar/ TURNKEY-01/23-24 Date :- 07.02.2024

| | |
|---|---|
| Name of Work | Palamu Pipeline Irrigation Scheme (Package-I) on Turn Key basis with 10 (Ten) years Operation, Maintenance and Management (OMM) (Complete job) |
| Estimate Cost. (Rs.) | Rs. 190,79,25,302.58 (One Hundred Ninety Crore Seventy Nine Lakh Twenty Five Thousand Three Hundred Two Rupess and Fifty eight Paise Only) |
| Time of Completion | 02 Years (Two Years), 730 Days |
| Period of availability of Bidding document on website | From 12.02.2024 at 4:00 PM to 11.03.2024 upto 5:00 PM |
| Time and Date of Pre-bid Conference. (Physical as well as On-line) | 23.02.2024 at 02:00 PM at 1st floor, Conference Hall, Nepal House, Doranda, Ranchi. |
| Period of online submission of Bids | From 12.02.2024 at 4:00 PM to 11.03.2024 upto 5:00 PM |
| Date and Time of opening Pre-Qualification Bid. | 15.03.2024 upto 2:00 PM |
| Date and Time of opening of Technical Bids | To be announced after Pre-Qualification Bid |
| Date and Time of opening of Financial Bids | To be announced after Technical Bid |
| Place of opening of Bids | Chief Engineer, WRD, Medininagar |
| Officer Inviting Bids and his Mobile No. and E-mail id. | Executive Engineer, Water ways division, Medininagar Mob. No.- 7250009057 E-Mail ID- waterwaysdiv.003@gmail.com |
| Helpline Number of e-Procurement | 06562-240841 |

Executive Engineer
Water Ways Division, Medininagar.

PR 318388 District(23-24).D

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।

*Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

लोकसभा/विधानसभा आम निर्वाचन–2024 हेतु पुनर्निविदा आमंत्रण की

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

आसन्न लोक सभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले कम्प्यूटर/फोटोकॉपियर/प्रिंटर/लेपटॉप/डेस्कटॉप/कार्टेज इत्यादि/ मतदान सामग्री/ मुद्रण सामग्री/ कार्यालय उपयोगी सामग्री के लिए दर निर्धारण हेतु विभागीय वेबसाईट **https://jharkhandtenders.gov.in** में पुनः ई–निविदा आमंत्रित की गई है। दिनांक–16.02.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक इच्छुक निविदादाता ई–निविदा समर्पित कर सकते है। प्राप्त ई–निविदा दिनांक–17.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे समाहरणालय सभागार, चतरा में खोला जाएगा। सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते चतरा जिला के विभागीय वेबसाईट www.chatra.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 318485 Election(23-24)D

## कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 19/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– **दिनांक 15.02.2024 (अप0 3.00 बजे तक)**
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक **16.02.2024** (अप0 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक **16.02.2024** (अप0 3:30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– **कार्यालय जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला**
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– **कार्यालय जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला**
7. कार्य का विवरण मदवार :– 15वें वित्त आयोग

| क्रम | एक्टिविटि कोड | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 88312950 | सिसई प्रखण्ड के पोढ़ाटोली घांसी टंगरा से कृष्णा साहु के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | सिसई | 698600 | 2500 | 14000 | तीन माह |
| 2 | 88313515 | गुमला प्रखण्ड के वृन्दा पंचायत के सालटोली म0वि0 परिसर में सोलर उर्जा आधारित जलमीनार निर्माण | गुमला | 504241 | 2500 | 10100 | तीन माह |

**NIT के नियम एवं शर्त्तें :–**

1. **निविदा की विस्तृत शर्त्तों का अवलोकन जिला परिषद्, गुमला** के सूचना पट्ट पर किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद,गुमला

PR 318482 Rural Development(23-24)#D

## कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार

**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.**

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT)लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

**विज्ञापन सं0–01/2024 (DMFT)** **आवेदन की अंतिम तिथि–29.02.2024.**

जिला लातेहार के अंतर्गत **जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के तहत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता हेतु सदर अस्पताल लातेहार एवं रक्त अधिकोश लातेहार के लिए अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप** से आवश्यकता आधारित नीचे अंकित चिकित्सा पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु **हांथो–हांथ/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम से इच्छुक उम्मिदवारों से निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

01.जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अधीन आवश्यकता आधारित (संविदा/अनुबंध) पदों का विवरण निम्नवत् है:–

**पदों की विवरणी:–**

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित को टिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | Physician | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | Surgeon | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | Anesthetist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | Radiologist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | Skin Specialist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Nephrologists | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | Forensic Expert | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | Medical Officer (MBBS) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

नोटः–रिक्तयों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

➢ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

सिविल सर्जन लातेहार

PR 318381 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 40/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.02.2024 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 21.02.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 21.02.2024 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी :–

| क0.सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03 | नागरिक सुविधा | Plaster, Textured, paint and Signage work at ward no 03 for Library in Kaushal Vikas Kendra Manjhiaon. | 149900 | 1000 | 3000 | 15 दिन |
| 02 | 05 | नागरिक सुविधा | Deep boring (200X 150 mm . dia) and installation of 2HP Submersible Pump set near Radha Krshna Mandir Public Toilet Under Nagar panchayat Manjhiaon. | 286300 | 1000 | 5800 | 15 दिन |
| 03 | 05 | नागरिक सुविधा | Deep boring (200X 150 mm . dia) and installation of 2HP Submersible Pump set near Pampu Kal Chhath Ghat Under Nagar panchayat Manjhiaon. | 286300 | 1000 | 5800 | 15 दिन |
| 04 | 03 | नागरिक सुविधा | Laying of Paver Block and wiring in Vending Market Shop near Block road in ward no 03 | 208900 | 1000 | 4200 | 15 दिन |
| 05 | 03 | नागरिक सुविधा | Construction of Vending Market shop near Block road in ward no 03 | 999100 | 5000 | 20000 | 45 दिन |
| 06 | 03 | नागरिक सुविधा | Construction of Vending Market shop near Nagar Panchayat road in ward no 03 | 999100 | 5000 | 20000 | 45 दिन |
| 07 | 03 | कार्यालय आधारभूत संरचना | Construction of Conference hall under Nagar Panchayat Manjhiaon | 966900 | 5000 | 19350 | 45 दिन |
| 08 | 03 | कार्यालय आधारभूत संरचना | Office Cabin interior work of Nagar Panchayat Manjhiaon | 528200 | 5000 | 10600 | 30 दिन |
| 09 | 03 | कार्यालय आधारभूत संरचना | Furnishing Works for Office Building of Nagar Panchayat Manjhiaon in ward no 03 | 998600 | 5000 | 20000 | 45 दिन |
| 10 | 05 | 14वें वित्त | Construction of 4 Unit Public Toilet near Pampukal Chhath ghat Part-A | 938800 | 5000 | 18800 | 45 दिन |
| 11 | 03 | 14वें वित्त | Construction of 4 Unit Public Toilet in Nagar Panchayat office Manjhiaon Part-B | 721300 | 5000 | 14500 | 45 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 318402 Urban Development(23-24)#D

## कार्यालय नगर परिषद,चतरा
## पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

### आम सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्र के ज्ञापांक–01/न0प्र0नि0/ NULM/SUSV–चुनाव/82/2017 2312 दिनांक–10.02.2024 के निर्देश के अनुपालन में आज दिनांक–10.02.2024 को नगर परिषद्, चतरा अंतर्गत दिनांक–02.07.2016 को गठित टाउन वेंडिग कमिटि को निरस्त किया जाता है।

विभागीय पत्र के अनुसार टाउन वेंडिंग कमिटि के पाँच वर्ष के अवधी पूर्ण होने के उपरान्त नए सिरे से गठन किया जाना है। नए सिरे से गठन हेतु अखबार में चुनाव संबंधी सूचना प्रकाशन किया जाएगा।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 318391 Urban Development(23-24).D

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक ........................./ दिनांक .........................

### आम सूचना

एतद द्वारा को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2023–24 तक में कुल 14 होल्डिंग धारकों द्वारा टैक्स का भुगतान नहीं करने पर नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा तृतीय नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया गया है। वैसे होल्डिंग टैक्स धारक 07 (सात) दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स भुगतान करना सुनिश्चित करें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा 184 के कम संख्या– 161 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रिज करने एवं साथ ही व्यक्तिगत गिरफतारी हेतु वारंट निर्गत व नोटिस शुल्क भी वसूला जाऐगा। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl.no | holding_no | ward_no | owner_name | mobile_no | property_address | amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | '002000065000OD4 | 1 | KEDAR NATH SINGH | '9304745051 | JAI PRAKASH CHOWK | 45774.5 |
| 2 | '0050000252000A1 | 5 | MD Hanif | '9386149800 | Chattarpur road Islam ganj | 39592.5 |
| 3 | '0020000408000A1 | 2 | RAM LAKHAN SINGH | '8084368329 | MUNNI CHOWK HUSSAINABAD | 25980 |
| 4 | '0050000295000M0 | 5 | Binod Shanker Prasad | '9849191919 | CHATTARPUR ROAD, JAPLA | 22469.8 |
| 5 | '0020000374000M0 | 2 | RAMESHWAR PRASAD SAHU,TARKESHWAR PRASAD SAHU,CHANDRIKA PRASAD,MUNESHWAR PRASAD sahu | '7870367505 | Saidabad | 18607 |
| 6 | '0010000282000A1 | 1 | SURENDRA SINGH / VIRENDRA SINGH | '7250249054 | NEAR BLOCK ROAD | 15703 |
| 7 | '0100000314000M0 | 10 | Shekh ifatekharun navi | '8102695757 | Lambi gali | 13907.8 |
| 8 | '0010000279000M0 | 1 | RAMANAND DAS | '8002334540 | NEAR BLOCK ROAD | 12073.6 |
| 9 | '0130000060000A1 | 13 | Fulkuar Devi | '7033521806 | Bansi Bigha | 10640.3 |
| 10 | '0060000339000M0 | 6 | Tapas dey | '7870826843 | Devry road | 10513.7 |
| 11 | '0080000199000A1 | 8 | Najma khatoon | '7033400390 | Mirjapur | 9227.92 |
| 12 | '0010000075000A1 | 1 | ARJUN SINGH CHANDEL | '8757370654 | Shiv puri colony | 9134.8 |
| 13 | '0100000048000A1 | 10 | RAFIQ ANSARI | '9162707853 | ISHLAM GANJ | 9123.04 |
| 14 | '0110000022000A1 | 11 | INDESHWAR KUMAR MEHTA | '9939399263 | BANSHIBIGHA | 9111.6 |

विश्वासभाजन
प्रशासक
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 318395 (District)23-24*D

## कार्यालय–जिला परिवहन पदाधिकारी, चतरा

नीलाम पत्र से संबंधित मार्ग कर भुगतान नही करने वाले वाहन स्वामी एवं वाहन संख्या से संबंधित

### –:प्रेस विज्ञप्तिः–, Tax Defaulter

| Sl No. | Registration No. | Vechile's class | Owner Name |
|---|---|---|---|
| 1 | JH13A 0708 | Goods Carrier | BINOD SHANKAR |
| 2 | JH13A 2397 | Goods Carrier | ABDUL HAMID |
| 3 | JH13A 5114 | Goods Carrier | CHOURASIYA CONTRUCTION |
| 4 | JH13A 8870 | Goods Carrier | MD IMDAD HUSSAIN |
| 5 | JH13A 9690 | Goods Carrier | KRISHNA KUMAR VERMA |
| 6 | JH13B 0460 | Goods Carrier | SAVTRI DEVI |
| 7 | JH13B 5072 | Goods Carrier | MD IFTEKHAR ALAM |
| 8 | JH13B 0922 | Goods Carrier | HIRA LAL CHOUDHARY |
| 9 | JH13B 0939 | Goods Carrier | ARBIND KUMAR AGRAWAL |
| 10 | JH13B 1739 | Goods Carrier | SUJIT KUMAR JAISWAL |
| 11 | JH13B 3386 | Goods Carrier | CHITRANJAN THAKUR |
| 12 | JH13B 4802 | Goods Carrier | SUBODH KUMAR SINGH |
| 13 | JH13B 5603 | Goods Carrier | CHHOTU LAL |
| 14 | JH13B 6647 | Goods Carrier | ASHOK SAW |
| 15 | JH13B 9563 | Goods Carrier | JAMUNA GANJHU |
| 16 | JH13C 0449 | Goods Carrier | PRASHANAT KUMAR SINGH |
| 17 | JH13C 3039 | Goods Carrier | ARBIND DANGI |
| 18 | JH13C 3870 | Goods Carrier | MUKESH SONI |
| 19 | JH13C 4123 | Goods Carrier | RAJENDRA SAW |
| 20 | JH13C 4921 | Goods Carrier | NAGENDRA YADAV |
| 21 | JH13C 5336 | Goods Carrier | VIJAY YADAV |
| 22 | JH13C 5966 | Goods Carrier | TULSI GANJHU |
| 23 | JH13C 6938 | Goods Carrier | SURAJ KUMAR YADAV |
| 24 | JH13C 7528 | Goods Carrier | RAM JI SINGH |
| 25 | JH13C 8167 | Goods Carrier | TAPESHAR DANGI |
| 26 | JH13C 8870 | Goods Carrier | DHAMA BHOKTA |
| 27 | JH13C 8971 | Goods Carrier | KAUSHAL KISHOR |
| 28 | JH13C 9291 | Goods Carrier | YOGENDRA SINGH |
| 29 | JH13D 0962 | Goods Carrier | E C I ENGINEERING |
| 30 | JH13D 7435 | Goods Carrier | UMESH KUMAR SINGH |
| 31 | JH13D 8445 | Goods Carrier | AMIT SINGH |
| 32 | OR09Q 1913 | Goods Carrier | TUKAN YADAV |
| 33 | OR09Q 3083 | Goods Carrier | SANJAY KUMAR |
| 34 | BR48 2324 | MOTOR CAB | ANJAN KUMAR & OTHERS |
| 35 | JH13A 0916 | MOTOR CAB | MD TAIYAB |
| 36 | JH13A 0992 | MOTOR CAB | SUKHDEO SAW |
| 37 | JH13A 3342 | MOTOR CAB | KAILASH PRASAD KUSHUWAHA |
| 38 | JH13A 3947 | MOTOR CAB | MANOJ KUMAR SINGH & SMRITI KUMAR SINGH |
| 39 | JH13A 3956 | MOTOR CAB | TRIBHUWAN SINGH |
| 40 | JH13A 5664 | MOTOR CAB | RAMJI PRASAD |
| 41 | JH13A 6909 | MOTOR CAB | BHUNESHAR MAHTO |
| 42 | JH13A 7063 | MOTOR CAB | SUNIL YADAV |
| 43 | JH13A 7493 | MOTOR CAB | RAJENDRA SAW |
| 44 | JH13A 7713 | MOTOR CAB | RAKESH KUMAR |
| 45 | JH13A 7821 | MOTOR CAB | MD SABIR |
| 46 | JH13A 7827 | MOTOR CAB | JITENDRA KUMAR |
| 47 | JH13A 7828 | MOTOR CAB | SANJAY KUMAR |
| 48 | JH13A 8729 | MOTOR CAB | ARJUN PRASAD DANGI |
| 49 | JH13B 1160 | MOTOR CAB | DINESH BHAGAT |
| 50 | JH13B 1568 | MOTOR CAB | BAIJNATH DANGI |
| 51 | JH13B 1684 | MOTOR CAB | ASHOK PRASAD SAHU |
| 52 | JH13B 3429 | MOTOR CAB | MADNESH SINGH |
| 53 | JH13B 4033 | MOTOR CAB | TEJO YADAV |
| 54 | JH13B 5340 | MOTOR CAB | CHANDRIKA YADAV |
| 55 | JH13B 5961 | MOTOR CAB | ARJUN SAW |
| 56 | JH13B 6416 | MOTOR CAB | AFSAR KHAN |
| 57 | JH13B 7321 | MOTOR CAB | SHANKAR RAVIDAS |
| 58 | JH13B 7447 | MOTOR CAB | BHOLA RAM |
| 59 | JH13B 8661 | MOTOR CAB | CHANDU GANJHU |
| 60 | JH13C 0622 | MOTOR CAB | DEEPU KUMAR |
| 61 | JH13C 3037 | MOTOR CAB | RAJESH YADAV |
| 62 | JH13C 4267 | MOTOR CAB | PRABHU GANJHU |
| 63 | JH13C 5490 | MOTOR CAB | MD SAHABUDDIN |
| 64 | JH13C 5716 | MOTOR CAB | NIRAJ KUMAR SINHA |
| 65 | JH13C 6840 | MOTOR CAB | DEVNATH SAW |
| 66 | JH13C 7483 | MOTOR CAB | MD SAMIM |
| 67 | JH13C 9388 | MOTOR CAB | KULDEEP GANJHU |
| 68 | BR48 0233 | BUS | S P CHATRA |
| 69 | BR48 7292 | BUS | MD KHURSHID ALAM |
| 70 | JH13A 5322 | BUS | CHANDAN KUMAR SINGH |
| 71 | JH13C 7124 | BUS | MD AURANZAB ALAM |
| 72 | JH13D 0348 | EXCAVATOR | SURESH GANJHU |
| 73 | JH13D 4906 | EXCAVATOR | PRASAD SAW |
| 74 | JH13D 5251 | EXCAVATOR | RAM PRAWESH RAM |
| 75 | JH13D 6878 | EXCAVATOR | MAA GANGA COAL TRADING PVT LTD |
| 76 | JH13E 0446 | EXCAVATOR | SUKHI GANJHU |
| 77 | JH13E 0534 | EXCAVATOR | ASHOK KUMAR YADV |
| 78 | JH13E 1649 | EXCAVATOR | M/S NANDNI ENTERPRISES |
| 79 | JH13E 1670 | EXCAVATOR | SANTOSH PRAJAPATI |
| 80 | JH13E 3730 | EXCAVATOR | UMSL LTD |
| 81 | JH13E 4842 | EXCAVATOR | PAWAN KUMAR |
| 82 | JH13E 6042 | EXCAVATOR | FAKIRA GANJHU |
| 83 | JH13E 6247 | EXCAVATOR | RUPESH KUMAR BHOKTA |
| 84 | JH13E 9060 | EXCAVATOR | GANESH PRASAD |
| 85 | JH13E 9802 | EXCAVATOR | PRADHAN YADAV |
| 86 | JH13F 7581 | EXCAVATOR | PRAVEEN PRAJAPATI |

जिला परिवहन पदाधिकारी
चतरा

PR 318389 Transport(23-24)#D

**सभी की भावनाओं का सम्मान कीजिये चाहे फिर वो अपना हो अथवा पराया ही क्यों न हो : अज्ञात**

# धार्मिक स्थल विवाद का स्थायी समाधान हो

31 जनवरी को वाराणसी जिला न्यायालय के निर्णय के बाद हिंदुओं को 30 वर्ष पश्चात पुनः नियमित पूजा का अधिकार मिला है। तब से वहां पूजा-अर्चना जारी है। भारतीय पुरातत्व विभाग की ज्ञानवापी पर सर्वेक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद यह न्यायिक आदेश मिला है।सनातनियों का मानना है कि सदियों से इस परिसर के पश्चिमी दीवार पर खुली आंखों से (हिंदू वास्तुशिल्प-रूपांकन) दिख रहा है कि यह हिंदू मंदिर था। अयोध्या में रामजन्मभूमि को लेकर स्वतंत्रता के बाद भी सात दशकों से अधिक समय तक विवाद रहा था, जिसकी देश को मानवीय जीवन और आपसी सद्भाव के रूप में कीमत चुकानी पड़ी थी। हिंदू पक्षकारों का कहना है कि ज्ञानवापी में आदि विश्वेश्वर की पूजा का इतिहास 473 वर्ष पुराना है। व्यास परिवार ने वर्ष 1551 में आदि विश्वेश्वर की पूजा प्रारंभ की थी, जो दिसंबर 1993 तक व्यासजी के तहखाने में जारी रही। परंतु तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार में बिना किसी लिखित आदेश के पूजा को बंद करा दिया गया। यह स्थिति तब थी, जब मंदिर के पुनर्निर्माण और हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने हेतु 15 अक्तूबर, 1991 को सिविल न्यायाधीश की अदालत में मुकदमा दाखिल किया था। इसमें दावा था कि विवादित स्थल प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग भगवान विश्वेश्वर के मंदिर का अंश है, इसलिए उस स्थान पर हिंदुओं को पूजा-पाठ का अधिकार है।अदालती इतिहास की बात करें, तो अंग्रेजी राज में भी 1843, 1852, 1886, 1906, 1935 और 1936 में मुकदमे दाखिल हुए थे। जो समूह ज्ञानवापी में हिंदू पक्ष का विरोध कर रहे हैं, वे इस मामले को ह्यपूजास्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम-1991ह्ल के चश्मे से देखने या दो पक्षों के बीच संपत्ति विवाद तक सीमित करने या फिर इसे राजनीतिक महत्वाकांक्षा के रूप में प्रस्तुत करते हैं। यह संघर्ष परिसर में किसी जमीन के टुकड़े भर के लिए नहीं है,इसकी पृष्ठभूमि जटिल पर पूरी तरह राजनीतिक नहीं, आस्था,आत्म-सम्मान, पहचान और सदियों से चले रहे सभ्यतागत संघर्ष से जुड़ी है, जो अरब आक्रांता मोहम्मद बिन कासिम द्वारा वर्ष 712 में सिंध पर आक्रमण के बाद शुरू हुआ था। तब यहां स्थानीय बहुलतावादी संस्कृति को नष्ट करने का मजहबी उपक्रम चला, साथ ही सामाजिक जीवन के सम्मान चिन्हों को भी विरूपित किया गया। वर्ष 1908 में जी.रुस-केपेल और काजी अब्दुल गनी खान द्वारा अनुवादित तारीख-ए-सुल्तान महमूद-ए-गजनवी पुस्तक के अनुसार, जब महमूद गजनवी (971-1030) को एक पराजित हिंदू राजा ने मंदिर ध्वस्त नहीं करने के बदले अकूत धन देने की पेशकश की, तब उसने प्रस्ताव ठुकरा दिया था । काशी का प्राचीन मंदिर भी वर्ष 1194 से 1669 के बीच कई बार इस्लामी आक्रमण का शिकार हुआ और हर बार हिंदू प्रतिकार का साक्षी भी बना। जबकि मुस्लिम पक्षकारों का कहना है कि आक्रांता कहना उचित नहीं क्योंकि उन्होने भारत को अपना घर माना और लूट का समान वापस लेकर अपने उद्गमस्थान पर नहीं लौटे। अंग्रेज भी विदेशी हमलावर थे, जिन्होंने 200 से अधिक वर्षों तक भारत को लूटा, यहां की मूल सनातन संस्कृति को बौद्धिक रूप से विकृत किया और स्वदेश रवाना हो गए।

**अयोध्या में रामजन्मभूमि को लेकर स्वतंत्रता के बाद भी सात दशकों से अधिक समय तक विवाद रहा था, जिसकी देश को मानवीय जीवन और आपसी सद्भाव के रूप में कीमत चुकानी पड़ी थी। हिंदू पक्षकारों का कहना है कि ज्ञानवापी में आदि विश्वेश्वर की पूजा का इतिहास 473 वर्ष पुराना है। व्यास परिवार ने वर्ष 1551 में आदि विश्वेश्वर की पूजा प्रारंभ की थी, जो दिसंबर 1993 तक व्यासजी के तहखाने में जारी रही। परंतु तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार में बिना किसी लिखित आदेश के पूजा को बंद करा दिया गया।**

इन दिनों

# उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विकास की एक नई सुबह




**जी. किशन रेड्डी**
**उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री**

**उत्तर**-पूर्वी क्षेत्र राज्यों के अनूठे एवं खूबसूरत पहाड़ों व घाटियों में बदलाव की बयार बह रही है। दस वर्षों के अथक प्रयासों के बाद, यहां शांति और विकास का एक नया युग शुरू हुआ है। जब माननीय प्रधानमंत्री ने इन आठ राज्यों को भारत की 'अष्टलक्ष्मी', विकास और समृद्धि का अग्रदूत कहा, तो पहली बार इनकी अंतर्निहित क्षमताओं को स्वीकार किया गया। इस क्षेत्र मेंतेज गति से स्थापित होती सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के जरिये इतिहास रचा जा रहा है। जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है, तो ये अवसंरचनाएं शेष भारत में उपलब्ध विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे जैसी ही हैं। यहां का युवा अब बंद, चक्का जाम और हड़ताल से परेशान नहीं हैं, बल्कि अब उनके सपने पहले से कहीं ज्यादा सच हो रहे हैं। व्यापार को आसान बनाया गया है और पर्यटकों के लिए आकर्षण के नये केन्द्र बनाये गये हैं। यह सब बेहतर कनेक्टिविटी के कारण संभव हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, अपने आप में, अभूतपूर्व राजनीतिक इच्छा शक्ति, प्रेरणादायक समर्पण और प्रत्येक भारतीय के लिए बेहद प्रिय एक लक्ष्य के सामूहिक स्वामित्व की गाथा है और वह लक्ष्य है-भारत के ईशान कोण में प्रगति व विकास की एक नई सुबह की शुरूआत! जैसा कि माननीय गृह मंत्री ने हाल ही में संपन्न एनईसी की 71वीं पूर्ण बैठक के दौरान सही ही कहा है कि पिछला दशक उत्तर-पूर्वी भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय रहा है। इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण ने न केवल इस क्षेत्र में संघर्ष-केंद्रित-प्रशासन के पारंपरिक मॉडल की अवधारणा को तोड़कर शासन के विकास-उन्मुख मॉडल को खड़ा किया है, बल्कि एक मजबूत एवं अपेक्षाकृत अधिक एकजुट भारत को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक और सामाजिक एकीकरण के बीज बोये हैं। हाल ही में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पहली अंतर्राष्ट्रीय रेलवे कनेक्टिविटी, अगरतला-अखौरा रेल लिंक को हरी झंडी दिखाना, इस बात का गौरवपूर्ण उदाहरण है कि कैसे एक समय उपेक्षित रहा भारत का यह 'सुदूरवर्ती इलाका' अब अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और पर्यटन मानचित्र पर उभर आया है। जीवंत संस्कृतियों और प्रचुर संसाधनों से लैस भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, एक ऐसा इलाका है जिसने काफी लंबे समय तक राजनीतिक उदासीनता का दंशझेला है। वास्तविक प्रतिबद्धता की कमी को छुपाने के लिए अक्सर हिंसा और अस्थिरता को एक सुविधाजनक ओट के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और सिद्धांत एवं व्यवहार के बीच की बड़ी खाई बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देती थी। हालांकि, पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में किये गये निरंतर प्रयासों से इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है। सरकार भौगोलिक और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए विकास एवं समृद्धि के राजमार्ग तैयार कर रही है। अरुणाचल के किबिथू को देश के अंतिम गांव के बजाय भारत के पहले गांव और राष्ट्रव्यापी 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम के लॉन्च पैड के रूप में पुर्नकल्पित करना उत्तर-पूर्वी क्षेत्र एवं इसके सुदूरवर्ती इलाकों के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वर्ष 2014 के बाद से 50 से अधिक मंत्रालयों द्वारा क्षेत्रीय विकास में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ, यह क्षेत्र विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्ष 2014 से, यहां एक वित्तीय क्रांति जारी है, जिसके तहत 54 केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा व्यय में 233 प्रतिशत की भारी वृद्धि (2014 में 24,819 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 82,690 करोड़ रुपये) या डोनर मंत्रालय के लिए बजट आवंटन में 152 प्रतिशत की वृद्धि (2014 में 2,332 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 5,892 करोड़ रुपये) की गई है। यह तथ्य एक ऐसे ठोस वित्तीय परिदृश्य की ओर इंगित करता है, जो परिवर्तनकारी एजेंडे को बढ़ावा देता है। हालिया पीएम-डिवाइन योजना, जिसमें विभिन्न राज्यों की जरूरतों के लिए 6,600 करोड़ रुपये की सहायता का वादा किया गया है, इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वर्ष 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में 'परिवहन से परिवर्तन' के अपने दृष्टिकोण को साझा किया था। आज 10 साल बाद, हम उन के इस दृष्टिकोण को अद्भुत रूप से साकार होते देख रहे हैं। कनेक्टिविटी अब सबसे गतिशील क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। चाहे वह 75 वर्षों में मणिपुर में पहली माल ढुलाई से संबंधित कनेक्टिविटी हो या 100 वर्षों के बाद नागालैंड में राज्य के दूसरे रेलवे स्टेशन की स्थापना हो या कई राज्यों से पहली बार हवाई सेवाओं का उड़ान भरना हो या 75 वर्षों में पहली मालगाड़ी का 2022 में मणिपुर पहुंचना हो या फिर दुनिया के सबसे ऊंचे गर्डर रेल ब्रिज के साथ जिरीबाम-इम्फाल रेलवे लाइन पर 141 मीटर ऊंचे पाये का निर्माण,एनईआर में कनेक्टिविटी में सुधार विस्मय एवं प्रेरणा का विषय रहा है। वर्ष 2014 से पहले, विशाल भारतीय रेलवे कभी भी गुवाहाटी या त्रिपुरा से आगे नहीं बढ़ पाई थी। लेकिन आज इसका नेटवर्क दूर-दूर तक फैला हुआ है और सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने की योजना लगभग पूरी होने वाली है तथा स्वीकृत किये गये सेक्शनों में 170 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हुई है, जो प्रति वर्ष औसत से दोगुने से भी अधिक है (यूपीए-2 अवधि के दौरान 66.6 किलोमीटर प्रति वर्ष से बढ़कर वर्तमान में 179.78 किलोमीटर प्रति वर्ष)। राजनीतिक इच्छाशक्ति और सहयोग के भरोसे आएएक उल्लेखनीय वित्तीय उछाल ने इस बदलाव को संभव बनाया। यूपीए-2 युग की तुलना में वार्षिक बजट आवंटन में 384 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 9,970 करोड़ रुपये हो गई। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह प्रसिद्ध कथन कि 'अमेरिका की सड़कें इसलिए अच्छी नहीं हैं क्योंकि अमेरिका अमीर है, बल्कि अमेरिका अमीर इसलिए है क्योंकि अमेरिका की सड़कें अच्छी हैं', उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बिल्कुल सटीक तरीके से चरितार्थ होता है। एनईआर के विकास को प्राथमिकता देने के साथ, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकल गया है। इस सरकार के तहत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कार्य दोगुना से अधिक हो गया है, जो यूपीए सरकार के तहत प्रतिदिन केवल 0.6 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग से बढ़कर 2014 से 2019 के बीच 1.5 किलोमीटर हो गया है। परिणामस्वरूप, आजादी के बाद से 2014 तक, एनईआर में केवल 10,905 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे, लेकिन केवल 10 वर्षों की अवधि में, 2023 तक यह आंकड़ा बढ़कर इस क्षेत्र में 16,125 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग हो गया। आज 1.11 लाख करोड़ रुपयेकी लागत से 5,388 किलोमीटर की विभिन्न परियोजनाओं पर काम चल रहा है! इसी तरह, 2014 के बाद से आठ नये हवाई अड्डों के निर्माण के साथ हवाई कनेक्टिविटी को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है। क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी योजना एनईआर में हवाई यात्रा की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुई है, जो चुनौतीपूर्ण मार्गों के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण की पेशकश करती है। उड़ान योजना के तहत आज 64 नये मार्गों पर परिचालन शुरू किया गया है। पहली बार, प्रत्येक राज्य में एक सक्रिय हवाई अड्डाउपलब्ध है। हाल ही में पाकयोंग, उमरोई और ईटानगर जैसे हवाईअड्डे पर हवाई सेवाएं शुरू हुई हैं। नदियां, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाती हैं। विभाजन से पहले कई नौगम्य परिवहन मार्ग उपलब्ध थे जिससे माल तक पहुंचना सुलभ था। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के टूट जाने से लोगों के लिए आर्थिक अवसर समाप्त हो गये। आश्चर्यजनक रूप से, अंतदेर्शीय जलमार्ग संपर्क को बहाल करने में सात दशक लग गये। कुल 19 नये राष्ट्रीय जलमार्ग (2014 तक केवल एक के साथ) और बांग्लादेश के साथ अंतदेर्शीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) प्रोटोकॉल तथा चटगांव एवं मोंगला बंदरगाहों के उपयोग सहित विभिन्न द्विपक्षीय समझौते, आसियान और पड़ोसी देशों के साथ व्यापार को आगे बढ़ाते हुए नये आर्थिक अवसरोंका मार्ग प्रशस्त करेंगे। **(लेखक, भारत सरकार के केन्द्रीयउत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं)**

**वास्तविक प्रतिबद्धता की कमी को छुपाने के लिए अक्सर हिंसा और अस्थिरता को एक सुविधाजनक ओट के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और सिद्धांत एवं व्यवहार के बीच की बड़ी खाई बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देती थी। हालांकि, पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में किये गये निरंतर प्रयासों से इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है।**

## आपकी बात


### प्रथम पृष्ठ पर उत्तम लेखों की श्रृंखला



**उमा शंकर पाठक**

आज के 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में आपका लेख 'युद्ध के मैदान की ओर बढ़ता अंतरीक्ष मिशन' पढ़ा। यह ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ सामान्य जन को भी अंतरीक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अपने देश की उपलब्धियों की जानकारी देगा। खोज परक इस लेख के लिये आपका आभार। प्रतिदिन अपने बेलचम्पा गढ़वा रोड स्थित गांव से बहुत दूर होते हुए भी मातृभूमि के समाचारों से तृप्ति होती है। **(गुरुग्राम, हरियाणा)**

### बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब



**दिलीप कुमार**

'सड़क सुरक्षा माह सिर्फ औपचारिकता न बने 'शीर्षक से प्रकाशित सम्पदाकीय में बढ़ते सड़क हादसों के सन्दर्भ में में बिलकुल सही टिप्पणी की गई है। इस ज्वलंत मुद्दे पर परिचर्चा की जानी चाहिए और सबको जागरूक बनाने के लिए प्रयास भी होने चाहिए। बढ़ती सड़क दुर्घटनायें और इससे होनेवाली मौतें वाकई चिंता का विषय है। सड़क दुर्घटना में मौत के आंकड़ों की बात करें तो ये आंकड़े भी खतरनाक स्थिति की ओर इशारा करते हैं। इस स्थिति से निबटने के लिए हम सबको अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी तभी सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और इससे होने वाली मौत का आंकड़ा भी कम होगा। न केवल सभी सम्बंधित विभाग बल्कि आम जनमानस को भी इस दिशा में प्रयास करने की जरुरत है। यहाँ यह भी ध्यान देने की जरुरत है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों से कैसे निबटा जाय। इस सम्बन्ध में प्रशासनिक सख़्ती भी आवश्यक है। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आम जनमानस ही यातायात सम्बन्धी नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं में कमी ला सकते हैं और इसी में हम सबकी भलाई है। यातायात नियमों का पालन नहीं करने यथा ओवरस्पीड में वाहन चलाने, हेलमेट का प्रयोग नहीं करने, गलत दिशा में वाहन चलाने से होने वाले नुकसान का प्रचार प्रसार करते हुए सबको यह समझाना होगा कि जीवन अनमोल है और असमय मौतें न जाने कितनो के जीवन में अंधेरा लाती है और न जाने कितने घर बर्बाद हो जाते हैं। सम्बंधित विभागों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है । उन्हें भी अपने- अपने दायित्व ईमानदारी पूर्वक निभाने होंगे। समस्याओं को दूर करना होगा। उचित रणनीति बनाकर निश्चित ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है। इसमें सबको साथ देने की जरुरत है।

**(सहायक लेखा अधिकारी, पोटमा, गढ़वा झारखण्ड )**

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर विशेष

# समग्र क्रांति के अग्रणी अग्रदूत महर्षि दयानंद



**डॉ. मोक्षराज**

***गुजरात*** के गांव टंकारा में जन्मा एक ऐसा महापुरुष जिसके तर्क आज भी अकाट्य हैं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त कवि प्रदीप ने ऋषि गाथा लिख व गाकर, बाबू देवेंद्रनाथ मुखोपाध्याय, रक्तसाक्षी पं. लेखराम, पं. घासीराम, मुंशी प्रेमचंद एवं कविवर मैथिलीशरण गुप्त ने लेखबद्ध कर गुजरात की धरती में जन्मी इस दिव्य आत्मा का गुणकीर्तन किया है। पाश्चात्य देशों में चर्चितः महर्षि दयानंद सरस्वती भारत के प्रथम महामानव थे जिनके बारे में 19वीं सदी के अमेरिकी एवं यूरोप के अखबारों में सबसे अधिक चर्चा रहती थी और इस चर्चा का प्रमुख कारण था महर्षि का क्रांतिकारी व्यक्तित्व। जन्मस्थली टंकाराः महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को तत्कालीन मोरवी राज्य के टंकारा गांव में हुआ। उनके पिता का नाम करसन तिवारी तथा मां का नाम यशोदा बेन उर्फ अमृतबाई था । वे औदीच्य ब्राह्मण थे। महान मार्गदर्शकः जो लोग महर्षि दयानंद से प्रभावित थे और उनका अनुसरण करते थे उनमें महारानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, नाना साहब पेशवा, मैडम भीकाजी कामा, पंडित लेखराम, स्वामी श्रद्धानंद, श्यामजी कृष्ण वर्मा, सरदार किशन सिंह, सरदार भगत सिंह , विनायक दामोदर सावरकर, भाई परमानंद, लाला हरदयाल, मदन लाल ढींगरा, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, पं. गुरुदत्त विद्यार्थी, सुभाष चन्द्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरदार ऊधम सिंह, स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, स्वामी शंकरानंद, पं. रुचिराम आर्य, महाशय राजपाल, महादेव गोविंद रानाडे, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, अशफाकउल्ला खां, महात्मा हंसराज, योगमाया न्यूपाने, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि प्रमुख थे। अंधविश्वास व पाखंड पर निष्पक्ष व निर्भीक प्रहारः यद्यपि संत कबीरदास, गुरु नानकदेव व संत रविदास ने गहन साधना के प्रभाव से कई सदी पूर्व अनेक धार्मिक पाखंड का खंडन किया, पुनरपि महर्षि दयानंद ने जो वेद-शास्त्रों व अन्य मत मजहबों की समालोचना की उसका कोई प्रतिवाद नहीं कर सका। महर्षि दयानंद सरस्वती ने निष्पक्षता से सामाजिक एवं धार्मिक भेदभाव को मिटाने का यत्न किया।

**महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को तत्कालीन मोरवी राज्य के टंकारा गांव में हुआ। उनके पिता का नाम करसन तिवारी तथा मां का नाम यशोदा बेन उर्फ अमृतबाई था।**

## फेसबुक वॉल से

**Saurabh Singh**
6 h

Today, we grieve the passing of our mentor and guide "Padma Shri" Dr. I. C. Verma. His departure marks a profound loss for Human Genetics in India, yet his cherished memories and contributions will continue to inspire generations.

Rest in Peace Sir🙏 💐
We'll miss you🙏

See Translation



## X - से

**Surya Pratap Singh IAS Rtd.**
@suryapsingh_IAS

हल्द्वानी हिंसा के पक्ष में खड़े लोगों को शर्म आनी चाहिए।

2 लोगों की मौत, 100 पुलिस व सरकारी कर्मी घायल।

थाने में आग, पेट्रोल बम,पथराव, तमंचों के साथ सुनियोजित हमला।

उच्च न्यायालय का आदेश, अवैध मदरसा हटाया गया।

भीड़ व गुस्से के साथ क़ानून के प्रहरियों पर पर अटैक।

इस सब का औचित्य क्या था?

क्या क़ानून अपना काम न करे?
क्या भीड़तंत्र क़ाबिज़ होने दिया जाये?

Translate post

12:04 PM · 09/02/24 From Earth · 158K Views

882 Reposts 29 Quotes

3.9K Likes 10 Bookmarks

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# एमएस स्वामीनाथन : जिन्होंने भूख और अन्न का व्याकरण बदल दिया



**संजीव**

***सुप्रसिद्ध*** कृषि विज्ञानी प्रोफेसर मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा की गई है। पिछले साल ही 28 सितंबर को इस महान वैज्ञानिक का 98 साल की आयु में निधन हो गया था। उनके वैज्ञानिक अवदान की वजह से लाखों भारतीय गरीब दशकों तक भूख के खिलाफ जीवन-मरण की लड़ाई जीत सके या अकाल मौत का निवाला बनने से कम-से-कम बचे रह सके। मानव सेवा के क्षेत्र में इस सर्वोच्च योगदान की इसी वजह से टाइम मैगजीन ने 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली एशियाई के रूप में जिन तीन भारतीयों का चयन किया, उनमें रवीन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी के साथ एमएस स्वामीनाथन का नाम था। स्वामीनाथन को हरित क्रांति का मुख्य वास्तुकार कहा जाता है। उन्होंने धान की ज्यादा पैदावार देने वाली किस्मों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। जिसने यह सुनिश्चित किया कि भारत के कम आय वाले किसान ज्यादा पैदावार ले सकें। 1960 के दशक में स्वामीनाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और दूसरे वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च पैदावार वाली किस्म (एचवाईवी) के बीज विकसित किए, जिसने आगे चलकर हरित क्रांति की लहर के रूप में भारतीय कृषि जगत की सूरत बदल दी। देश में हरित क्रांति की शुरूआत दिल्ली-हरियाणा सीमा के एक गांव से हुई। जौंती के नाम से मशहूर यह गांव, देश के कृषि क्रांति का नर्सरी रहा है। दरअसल, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा, जिसमें भूख से छटपटाते करीब 20 लाख से ज्यादा भारतीयों की जान चली गई। बंगाल का अकाल भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की सबसे बड़ी त्रासदियों में एक था। इसमें हुई मौतों के लिए ब्रिटेन के तत्कालीन पीएम विस्टन चर्चिल को भी जिम्मेदार माना जाता है। 4 अगस्त 1943 को चर्चिल की अगुवाई में वॉर कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें अधिकारियों ने बंगाल में भूख से मर रहे लोगों की मदद के लिए तत्काल पांच लाख टन गेहूं भारत भेजने की सिफारिश की।

**बंगाल का अकाल भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की सबसे बड़ी त्रासदियों में एक था। इसमें हुई मौतों के लिए ब्रिटेन के तत्कालीन पीएम विस्टन चर्चिल को भी जिम्मेदार माना जाता है।**




# एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

मुख्य मंदिर के अधिष्ठान में हाथियों की विशाल आदमकद मूर्तियों की एक पंक्ति है जो संरचना के पूरे भार को ढोते हुए प्रतीत होते हैं। **मुख्य मंदिर का आधार स्रोत :** पहाड़ी के किनारे बने हुए परिक्रमा पथ पर पाँच सहायक मंदिर पंक्तिबद्ध हैं, जो तीन नदी-देवियों, गंगा, जमुना और सरस्वती के सम्मान मे बनाये गये हैं। मंदिर की संरचना के अंदर 45 फुट ऊँचे दो कीर्ति स्तंभ (विजय स्तंभ) भी हैं। कभी इन स्तंभों के शीर्ष भाग पर बना त्रिशूल अब नष्ट हो गया है।

**विजय स्तंभ स्रोत :** मुख्य मंदिर के दोनों ओर ध्वज स्तंभ के पीछे वाली बाहरी दीवार पर महाभारत और रामायण के दृश्यों की दो दिलचस्प पट्टिकाएँ हैं।

**रामायण पट्टिका स्रोत :** रामायण पट्टिका (पैनल) सात पंक्तियों में कई दृश्य दर्शाती है- भगवान राम का अयोध्या से जाना, भरत का उन्हें वापस लौटने के लिए मनाना, शूर्पणखा के वन दृश्य, रावण द्वारा देवी सीता का अपहरण, भगवान राम का हनुमान से मिलना, हनुमान द्वारा लंका पहुँचने के लिए समुद्र पार करना, अशोक-वन, रावण के दरबार का दृश्य, और अंतिम पंक्ति में, वानर सेना द्वारा लंका तक पहुँचने के लिए पत्थरों का एक पुल बनाने का दृश्य।

**महाभारत पट्टिका** (पैनल) में भी सात पंक्तियाँ हैं। भगवान श्री कृष्ण के शुरूआती रोमांचक कारनामों को नीचे की दो पंक्तियों में दिखाया गया है, और महाभारत युद्ध, अर्जुन की तपस्या और महाभारत में वर्णित किरात-अर्जुन की लड़ाई के दृश्यों को शीर्ष पाँच पंक्तियों में दर्शाया गया है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# भूलकर भी न करें यह गलतियां

***पहले*** भी कई सारी घटनएं आपको न्यूज में सुनने को मिली जहां सोते समय सर के पास रखा फोन ब्लास्ट हो गया और संबंधित व्यक्ति की मृत्यु हो गई। ऐसी कई सारी खबरें आपको पिछले कुछ दिनों के दौरान सुनने को और पढ़ने को मिली होंगी। आजकल के समय में स्मार्टफोन सर्वाधिक प्रिय वस्तुओं की लिस्ट में शुमार हो गया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्मार्टफोन वह सबसे जरूरी संसाधन है जिसके बगैर हम शायद ही कुछ मिनट बिता पाएं, इतना ही नहीं कुछ लोग तो फोन के इतने एडिक्ट हो चुके हैं कि वह वॉशरूम जैसे जगह पर भी फोन ले जाना नहीं भूलते हैं। ऐसे में फोन से चिपके रहने वाले लोगों के लिए एक वार्निंग भरा मैसेज वायरल हो रहा है, जहां कई सारे स्मार्टफोन के अंदर ब्लास्ट होने की घटनाएं सामने आई है। कुछ दिनों पहले ही अमेरिका के एक फ्लाइट में एक फोन में आग लग गई थी, जिसके बाद पूरी फ्लाइट को खाली करानी पड़ी। इससे पहले भी कई सारी घटनएं आपको न्यूज में सुनने को मिली जहां सोते समय सर के पास रखा फोन ब्लास्ट हो गया और संबंधित व्यक्ति की मृत्यु हो गई। ऐसी कई सारी खबरें आपको पिछले कुछ दिनों के दौरान सुनने को और पढ़ने को मिली होंगी। ऐसे में सवाल उठता है कि अच्छे अच्छे ब्रांड के नये-नये फोन ऐसे कैसे ब्लास्ट हो जा रहे हैं? हालांकि स्मार्टफोन ब्लास्ट की कुछ ही मामले सामने आये हैं लेकिन फिर भी चिंता का विषय तो बनता है।



**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**श्रीबंशीधर नगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के महुली खुर्द गांव निवासी राकेश दुबे उम्र 30 वर्ष पिता चंद्रमणि दुबे की श्रीबंशीधर नगर- विशुनपुरा रोड के जंगीपुर गांव के नहर के पास घटित सड़क हादसे में मौत हो गयी। वहीं इस घटना में मृतक के चचेरे भाई अभिषेक दुबे उर्फ गोलू दुबे उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेहतर इलाज हेतु रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार की रात्रि 10 बजे की बताई जा रही है। समाचार के अनुसार दोनों चचेरे भाई श्रीबंशीधर नगर स्थित एक शादी समारोह में भाग लेकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नहर के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित महुआ के पेड़ से टकरा गई। मृतक का अंतिम संस्कार बाकी नदी के तट पर किया गया।

### जांच कर मरीजों में आयुष दवा का वितरण

**भंडरिया।** जिला आयुष समिति के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय स्थित खादी भंडार प्रांगण में आयुष कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. दीपक कुमार मेहता व डॉ. एकता कुमारी के द्वारा कैंप में आए महिला पुरुष व बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित आयुष दवा का वितरण किया गया। डॉ. मेहता ने बताया कि कैंप लगाने का मकसद लोगों के बीच आयुष दवा के प्रति विश्वास लाना है। कैंप में घुटना दर्द, सर्दी, खांसी, ब्लड प्रेशर,शुगर से संबंधित मरीज का जांच कर दवा वितरण किया गया है। शनिवार को भंडरिया प्रखंड के बिंदा गांव में आयुष कैंप का आयोजन किया जाएगा

### कीटनाशक का सेवन कर महिला ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मंडरा गांव निवासी मुरलीधर दुबे की पत्नी सोनम देवी ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर विवाद से क्षुब्ध होकर महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी तरफ मृतका के मायके पक्ष वालों ने ससुराल वालों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### आयुष कैंप में दवा वितरण

**केतार।** प्रखंड के लोहरगाड़ा पंचायत के मेरौनी गांव में गुरुवार को आयुष निदेशालय के निर्देश पर आयुष कैंप लगाया गया। शिविर में डॉ. अविनाश कुमार और डॉ. दया शंकर ठाकुर के द्वारा स्वास्थ्य जांच कर मरीजों को निःशुल्क दवा दी गई। डॉ. अविनाश ने बताया कि शिविर में घुटना दर्द, शुगर,बीपी, सर्दी- खांसी, गठिया, बुखार, पेट दर्द और महिलाओं में होने वाली मासिक अनियमितता सहित गैस की समस्याओं का निदान किया गया।

---

### काई भी जरूरतमंद नहीं रहेगा वंचित, सीएम आज देंगे सौगात

# सभी जरूरतमंदों को मिलेगा अबुआ आवास : मिथिलेश ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का गढ़वा में शनिवार को पहली बार आगमन होगा। मुख्यमंत्री श्री सोरेन गढ़वा से ही अबुआ आवास योजना की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री यहां पलामू प्रमंडल के 28903 अबुआ आवास योजना के लाभुकों का प्रथम किस्त की राशि जारी करेंगे। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का मां गढ़देवी की धरती पर पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। झामुमो के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को बेहतर एवं भव्य बनाने में लगे हुए हैं। यहां सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करेंगे। विधायक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड के सर्वमान्य नेता हेमंत सोरेन का सपना था कि सभी गरीबों के सिर पर अपना छत हो। इस सपने को साकार करने मुख्यमंत्री गढ़वा आ रहे हैं। आगामी तीन वर्षों में सभी गरीबों के सिर पर छत का सपना पूरा हो जाएगा। गढ़वा आगमन के दौरान मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र देंगे। साथ ही प्रथम किश्त की राशि भी जारी करेंगे। प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में पलामू जिला के 13600, गढ़वा जिला के 10003 तथा लातेहार जिला के 5300 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाएगा। श्री ठाकुर ने कहा कि सभी जरूरतमंदों को निश्चित रूप से अबुआ आवास योजना का लाभ मिलेगा। कोई भी योग्य लाभुक वंचित नहीं रहेगा।

#### क्रमवार प्राथमिकता सूची तैयार

विधायक श्री ठाकुर ने कहा कि अबुआ आवास की क्रमवार प्राथमिकता सूची बना ली गई है। अगले वित्तीय सत्र में मार्च के बाद पुनः अन्य लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत के सपने को साकार करने के लिए झारखंड सरकार पूरी तरह से संकल्पित है। मुख्यमंत्री के गढ़वा आगमन की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

**मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का मां गढ़देवी की धरती पर पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। झामुमो के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को बेहतर एवं भव्य बनाने में लगे हुए हैं। यहां सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करेंगे**

---

### श्रीमद्भागवत कथा में बोले स्वामी श्यामनारायनाचार्य

# प्रभु प्राप्ति का साधन है श्रीराम चरित मानस

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के मंगरदह ग्राम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन स्वामी श्यामनारायनाचार्य महाराज ने कहा कि श्रीरामचरित मानस व श्रीमद्भागवत दोनों प्रभु प्राप्ति का साधन हैं। जीव का कल्याण भगवान की शरणागति होने पर ही होता है। जीव जब तक भगवान के शरण में नहीं जाता तब तक उसे किसी प्रकार की शांति नही मिलती। भगवान की कथा जहां भी होती है वहां सिर्फ मनुष्य ही नही अपितु पशु-पक्षी भी कथा का श्रवण कर अपने जीवन को सार्थक करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस नीलगिरी पर्वत पर कागभुसुण्डि जी राम कथा कर रहे हैं। वहां पक्षीराज गरुड़ व हंस भी कथा श्रवण करने के लिये एकत्रित रहते हैं। सभी को रामकथा परमानंद की प्राप्ति कराती है। इसलिए जो भी भगवान के शरणागति होता है उसी को यह सुख प्राप्त होता है। इसलिए जीवों को अपने धर्म पर अडिग विश्वास होना चाहिये। मौके पर डॉ. निशीथ नीरव, कंचन तिवारी,राजा पांडेय,मंटु पांडेय, संतोष पांडेय, रिशु सिंह, गुड्डू लाल, सिंधु पांडेय, राजेश पांडेय, दयानन्द पांडेय, रमेश महतो, श्यामनन्द पांडेय उपस्थित थे।



---

### शंभू राम ने नये सीओ के रूप में दिया योगदान

# आमजन की समस्याओं का होगा त्वरित निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** अंचल अधिकारी के स्थानांतरण के बाद नये अंचलाधिकारी के रूप में शंभू राम ने शुक्रवार को योगदान दिया। अंचल कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सतीश कुमार भगत ने अंचल का प्रभार नए अंचलाधिकारी शंभू राम को दिया। प्रभार लेने के पश्चात उन्होंने कहा कि अंचल से संबंधित सभी कार्यों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। आमजन की सभी समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। मौके पर राजस्व कर्मचारी शैलेश कुमार महतो, संजीव कुमार, सीआई धनलाल उरांव, सूचित कुमार,संतोष कुमार दुबे,राहुल सिंह उपस्थित थे।

### ओबीसी महासम्मेलन को लेकर बनी रणनीति

**गढ़वा।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के तत्वावधान में 11 फरवरी को आयोजित महासम्मेलन को लेकर रणनीति बनायी गयी। दानरो नदी के समीप मेलोडी मंडप में आयोजित वार्ता में संयुक्त वार्ता में श्रवण कुमार, विरेंद्र साव,विकास कुमार चंद्रवंशी,अब्दुल मन्नान खलीफा, विनय पाल, राजकुमार साह, प्रमोद चौधरी, डॉ. इस्त्याक रजा आदि ने पिछड़ा वर्ग के लोगो से अपील की कि उक्त तिथि पर मेदिनीनगर स्थित हाउसिंग कालोनी में भारी से भारी संख्या में पहुंचकर चट्टानी एकता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के कार्यक्रम से समाज के लोगों में काफी उत्साह है।

---

### 10 से 25 फरवरी से चलेगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम, तैयारी पूरी

# फाइलेरियारोधी खुराक से बीमारी की संभावनाएं कम



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** फाइलेरिया को लेकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम शनिवार से शुरू होगा। इसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़वा में सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़वा के एमओआइसी डा.संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित वार्ता में कही। मौके पर बीएएम प्रेममणि सुधांशु भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। फाइलेरिया हो जाने पर रोगी को अपने पूरे जीवनकाल में इस बीमारी से छुटकारा नहीं मिल पाता है। लेकिन समय-समय पर फाइलेरियारोधी खुराक लेते रहने से इस बीमारी के होने की संभावनाएं कम रहती हैं। उन्होंने कहा कि 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलेगा। इसके तहत गढ़वा सीएचसी में लक्षित जनसंख्या 181809 लोगों को फाइलेरियारोधी दवा एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की गोली खिलाई जाएगी। इसके लिए 184 बूथ बनाए गए हैं। जबकि 368 दवा प्रशासक लक्षित जनसंख्या को दवा की एकल खुराक खिलाएंगे। कार्यक्रम के पहले दिन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालय, सार्वजनिक स्थानों, स्वास्थ्य उप केंद्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बने बूथों पर दवा प्रशासकों द्वारा दवा की एकल खुराक खिलाई जाएगी। जबकि 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक घर-घर जाकर दवा खाने से वंचित लोगों को दवा खिलाएंगे। कार्यक्रम की निगरानी के लिए 37 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। एमओआइसी ने कहा कि लोग फाइलेरियारोधी दवा का एकल खुराक खाएं एवं दूसरे लोगों को भी इसके लिए जागरुक करें ताकि वर्ष 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

---

### आजसू नेता के नेतृत्व में एसडीओ को सौंपा पत्रक, कार्रवाई की मांग

# अबुआ आवास की सूची से नाम हटने पर ग्रामीण बिफरे

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अबुआ आवास योजना में नियम विरुद्ध अयोग्य लाभुकों का नाम सूची में चढ़ाये जाने को लेकर प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के ग्रामीणों ने आजसू नेता जयराम पासवान के नेतृत्व में शुक्रवार को श्रीबंशीधर नगर एसडीओ को पत्रक सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अबुआ आवास योजना में बीडीओ, मुखिया व जांचकर्ताओं की मिलीभगत से वैसे लोगो का नाम प्राथमिक सूची में दर्ज कर उन्हें आवास का लाभ दिया जा रहा है, जिन्हें पूर्व में पीएम आवास मिल चूका है और जिनके पास पक्का मकान है। जब इस संबंध में वे बीडीओ के पास शिकायत लेकर गये तो उन्होंने कहा कि अब देर हो गयी है। कुछ नहीं हो सकता। मौके पर रविंद्र शर्मा, मिथिलेश चौरसिया, उदय गुप्ता, उमेश शर्मा, डोमन चंद्रवंशी, मनोज बैठा मौजूद थे।

**ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अबुआ आवास योजना में बीडीओ, मुखिया व जांचकर्ताओं की मिलीभगत से वैसे लोगो का नाम प्राथमिक सूची में दर्ज कर उन्हें आवास का लाभ दिया जा रहा है**

#### अबुआ आवास के सूची से नाम कटने पर की शिकायत

केतार। प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव निवासी बैजंती देवी पति यमुना साह ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी को आवेदन देकर अबुआ आवास की सूची में नाम शामिल करने का आग्रह किया है। आवेदन में उल्लेख किया है की उनका मिट्टी का खपरैल घर है,जो जर्जर स्थिति में है। उन्हें किसी भी तरह की सरकारी योजनाओं का लाभ आज तक नहीं मिला है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया था। उस समय सूची में नाम क्रमांक-479 पर था। प्रखंड कर्मी द्वारा आवास सूची सत्यापन के बाद उनका नाम क्रमांक-129 पर आ गया था,लेकिन अब उनका नाम अबुआ आवास की सूची से हटा दिया गया है। महिला ने बीडीओ से आवास सुची में नाम जोड़ने और दोषियों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। विदित हो कि प्रखंड में योग्य की जगह अयोग्य लाभार्थियों का नाम सूची में पैसा लेकर जोड़ने की शिकायत आम हो गयी है।

---

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 पार

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गम प्रखंड के सुखबाना गांव में गढ़वा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ भाजपा नेता सह ग्रामीण मंडल गढ़वा के प्रभारी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का जादू जनता के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस बार भाजपा निश्चित ही लोस चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतकर कीर्तिमान स्थापित करेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के कार्यो से प्रभावित होकर सुखबाना गांव के नवरत्न वैद्य, नवादा पंचायत के बीडीसी जितेंद्र कुमार मेहता, चंदन कुमार मेहता, छठ महतो, की देखरेख में सुखबाना गांव के वार्ड पार्षद साधना देवी, श्याम बिहारी मेहता, रोहित यादव, धर्मेंद्र सिंह,लिटिल चंद्रवंशी, प्रिंस कुमार, आदित्य मौर्य, सुमित शर्मा, अंकुर मौर्य सहित कई नव मतदाताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री पांडेय सहित सभी वरिष्ठ नेताओं ने फूलमाला और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर गढ़वा जिला के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, आद्याशंकर पांडेय, अखिलेश तिवारी आदि ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

### स्वच्छ भारत मिशन फेज-टू की समीक्षा बैठक

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन फेज-टू को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक दिव्यम शुक्ल ने सभी जल सहिया को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इसमें नये शौचालय का निर्माण कराने, नये मुखिया के साथ जलसहिया का ज्वाइंट बैक खाता खुलवाने का निर्देश दिया गया। प्रखंड समन्वयक ने बताया की पीएचईडी विभाग के द्वारा केतार पंचायत को मॉडल पंचायत के रूप में चयन किया गया है। इस मौके पर समन्वयक राजू कुमार, जलसहिया संगीता देवी, निर्मला देवी, बसंती देवी मौजूद रहीं।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**केतार।** परती-पाचाडुमर मुख्य पथ पर निमिया टिकर टोला के समीप गुरुवार की रात्रि में बाईक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान हरिहरपुर गांव निवासी सुखाड़ी चौधरी के पुत्र सनेश चौधरी (25) के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार सनेश चौधरी अपने ससुराल परती गांव आया था। रात्रि में वापसे लौटते समय बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये भेजवाया।

---

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोदरमाना।** राहुल गांधी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान झारखंड में प्रवेश करते ही गोदरमाना में सभा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उसे लेकर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गोदरमाना पहुंचकर गोदरमाना हाई स्कूल के मैदान का जायजा लिया। अपने अधीनस्थ कांग्रेसी कार्यकताओं को मैदान में स्टेज लगाने, लोगों को आने जाने की सुविधा का ध्यान रखने सहित कई दिशा निर्देश दिए। पलामू के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी ने बताया कि यहां पर करीब 8 से 10 हजार लोगों को बैठने की क्षमता है। उसके लिए स्थानीय कार्यकताओं को भागीदारी सुनिश्चित करने की बात की गई। गोदरमाना हाई स्कूल के मैदान का जायजा लेने प्रदेश अध्यक्ष के साथ गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, उदय नारायण तिवारी, ईश्वरी चंद्र चौधरी, सेवा दल के दिवाकर चौबे, बिजेंदर चौधरी, दीपू सिंह, मिराज अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

---

### प्रार्थना सभा के बाद अचानक हुई उल्टी की शिकायत

# छात्राओं की तबियत बिगड़ने से अफरा-तफरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सिंदुरिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में शुक्रवार को अचानक आधा दर्जन छात्राओं की तबियत खराब होने से विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन हो गया। सभी छात्राओं को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक रंजन दास के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। बीमार छात्रा पूजा कुमारी, शिवानी कुमारी,पूनम कुमारी, सोनाली कुमारी, अफसाना खातून आदि ने बताया कि प्रार्थना सभा के बाद क्लास में आने पर अचानक चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। इस दौरान कुछ छात्रायें अचेत भी हो गयीं। शिक्षकों द्वारा तत्काल108 पर फोन से सूचना दी गई। इसके बाद सभी को ईलाज के लिए भेजा गया। इस बारे में चिकित्सक रंजन दास ने बताया कि संभवतः मौसम परिवर्तन के कारण छात्राओं की तबियत खराब हो सकती है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने बताया कि शिक्षक उदय गुप्ता के साथ तत्काल छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा गया।

---

## हेराफेरी

### लाभुक का आवास कोआर्डिनेटर पर आवास दिलाने के नाम पर धन ऐंठने का आरोप

# अबुआ आवास के नाम पर 40 हजार रुपये की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता**


**डंडई।** अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लाभुक से 40 हजार रुपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। लाभुक समता देवी ने बताया कि समूह से पांच लाख का लोन लेकर घर बनाने के बाद वे पूरी तरह आर्थिक रूप से टूट चुकी थीं। पैसे के अभाव में अभी तक जहां प्लास्टर नहीं हो पाया है। वहीं दरवाजा ही नहीं लगा है। इसी बीच सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमा हुए अबुआ आवास के आवेदनों का सत्यापन शुरू हो गया। उक्त सूची में नाम नहीं आने पर वे काफी परेशान हो गई। जिसके बाद उन्होंने उप प्रमुख पति रामाशीष प्रसाद से संपर्क किया तो उनके द्वारा सारा काम हो जाने की बात कह कर मुझे शांत कर दिया गया। इसी बीच उनके द्वारा कहा गया कि वे आवास कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार से मिल लें। आवास कोऑर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि काम हो जायेगा, किंतु उसके लिये 40 हजार रुपये खर्च करना पड़ेगा। समता ने बताया कि उसके एक दिन बाद उप प्रमुख पति के कहे अनुसार उन्होंने अपना सारा जेवर गिरवी रखकर 30 हजार रुपये तथा उसके बाद 10 हजार रुपये का प्रबंध कर फोन पे के माध्यम से आवास कोआर्डिनेटर को दे दिया। जब उसके बाद भी उनका नाम सूची में नहीं आया तो उन्होंने कोआर्डिनेटर से पैसे की मांग की। तब उन्होंने 10 हजार रुपये वापस कर जून में उन्हें अबुआ आवास दिलाने की बात कहकर दौड़ाया जा रहा है। मामले में कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार ने कहा कि एक महिला के द्वारा मेरे खाते में जबरदस्ती 10 हजार की राशि हस्तांतरित की गई थी। जिसे उन्होंने कुछ दिन बाद ही वापस कर दिया है। इसके अलावा किसी भी लेनदेन का कोई मामला नहीं है। महिला द्वारा लगाया गया आरोप पूरी तरह से निराधार है।

**उप प्रमुख पति के कहे अनुसार उन्होंने अपना सारा जेवर गिरवी रखकर 30 हजार रुपये तथा उसके बाद 10 हजार रुपये का प्रबंध कर फोन पे के माध्यम से आवास कोआर्डिनेटर को दे दिया : समता देवी**



#### होगी सख्त कार्रवाई: डीसी

इस संबंध में उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि मामले की जांच कर कोऑर्डिनेटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लाभुक तत्काल थाने में शिकायत दर्ज करायें। इसके बारे में थाना प्रभारी को निर्देशित किया जा रहा है।



### खेल मंत्रालय ने 3 जूडोकाओं, निशानेबाज एलावेनिल के

# विदेशी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्तावों को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाइएएस) मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार को जुडोका हिमांशी टोकस, श्रद्धा चोपड़े और अस्मिता डे के कई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।



जूनियर एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता हिमांशी और जूनियर ओशिनिया चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता श्रद्धा क्रमशः पेरिस में फ्रांस ग्रैंड स्लैम, बाकू में अजरबैजान ग्रैंड स्लैम; ताशकंद में उज्बेकिस्तान ग्रैंड स्लैम और लिंज में ऑस्ट्रिया ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेंगी।

दूसरी ओर जूनियर एशियाई कप चैंपियन अस्मिता फ्रांस ग्रैंड स्लैम के लिए पेरिस में इस जोड़ी के साथ शामिल होंगी। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है एमवाईएएस, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत इन सभी प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण अवधियों के लिए उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास, बीमा और स्थानीय परिवहन लागत को कवर करेगा।

एमओसी ने रैंकिंग प्वाइंट ओनली (आरपीओ) श्रेणी के तहत स्पेन में आगामी आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेने के राइफल निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा एलावेनिल का हवाई किराया, प्रवेश शुल्क, प्रशिक्षण शुल्क, स्थानीय परिवहन लागत, वीजा और बीमा शुल्क सहित अन्य खर्च टॉप्स फंडिंग के तहत कवर किए जाएंगे।

# क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बने डेविड वार्नर

**एजेंसी। होबार्ट**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के साथ ही क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के पहले खिलाड़ी बन गए। इस मैच में उन्होंने 70 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेल अपनी उपलब्धि को और खास बना दिया है।

इसके अलावा वार्नर टी-20 में अपना 100वां मैच भी खेल रहे हैं और इसके साथ ही वह पूर्व कप्तान आरोन फिंच (103) और स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल (100) की सूची में शामिल हो गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए।

कुल मिलाकर वार्नर भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और न्यूजीलैंड के रॉस टेलर की विशिष्ट कंपनी में शामिल हो गए हैं और सभी प्रारूपों में अपने देश का सौ बार प्रतिनिधित्व करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। कप्तान मिशेल मार्श को कोविड होने के कारण वार्नर को ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।

मैच की बात करें तो बेलेरिव ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 213 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वार्नर ने 36 गेंदों पर 12 चौके और 1 छक्के की बदौलत शानदार अर्धशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। वार्नर के अलावा जोस इंगलिश ने 39, टिम डेविड ने नाबाद 37 और मैथ्यू वेड ने 21 रन बनाए।




## खबरें व्यापार जगत की

# भारत, एयरोस्पेस निर्माण के नये केंद्र के रूप में उभर रहा है

### एयरबस ए220 के दरवाजों का निर्माण बेंगलुरु की फर्म करेगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बुनियादी ढांचे में सुधार और सरकार के प्रेरित करने के साथ भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण में तेजी आ रही है। अनेक निजी कंपनियों ने भारत को एयरो संरचनाओं, कलपुर्जों, मशीन के अनेक कलपूर्जे जिन्हें एक बड़ी असेंबली की इकाई में लगाया जाएगा और जटिल प्रणाली जो सामान्य तौर पर अनेक भागों से तैयार की गई है। उसके पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने में तेजी से प्रगति की है। अग्रणी वैश्विक मूल उपकरण निमार्ताओं ने एयरोस्पेस से संबंधित भागों और असेंबलियों के निर्माण के लिए भारत में संयुक्त उद्यम स्थापित किए हैं जो कई वाणिज्यिक और रक्षा विमानों एवं हेलीकॉप्टरों में अपना रास्ता तलाश रहे हैं। अग्रणी विमान निर्माता एयरबस ने भारत में एकल गलियारे ए220 फैम्ली एयरक्राफ्ट के लिए सभी दरवाजे बनाने के लिए बेंगलुरु स्थित डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज के साथ अनुबंध किया है। यह अनुबंध न केवल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि मेक इन इंडिया पहल की सफलता को भी दशार्ता है।

इस समझौते के तहत, डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज ए220 फैम्ली एयरक्राफ्ट (प्रति विमान आठ दरवाजे) के लिए ओवर-विंग आपातकालीन निकास दरवाजे के साथ-साथ कार्गो, यात्री और सेवा दरवाजे का निर्माण और असेंबल करेगी। विमान के दरवाजे महत्वपूर्ण संरचनाएं हैं, जिनमें सुरक्षा और समग्र दक्षता के लिए कठोर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है।

# एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए तैयार भारतीय पुरुष टीम

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 अभियान की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय टीम 10 फरवरी को अपने पहले मैच में स्पेन से भिड़ेगी।

एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 (पुरुष) 10 फरवरी से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाला है। इसके बाद लीग का दूसरा चरण राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक होगा।

**पांच राष्ट्रीय टीमें-** आयरलैंड, नीदरलैंड, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया-एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 (पुरुष) के भारत चरण में भाग लेंगी, सभी टीमें एक बार भुवनेश्वर में और फिर एक बार राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगी।




भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा ओलंपिक से पहले यह घरेलू खेल है और हम इसमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रहे हैं। कुछ युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें देखना वाकई रोमांचक है और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। उन्हें इन आठ खेलों में अवसर दिए जाएंगे ताकि हम अपनी ओलंपिक टीम की पुष्टि कर सकें।

उन्होंने आगे कहा हमारे पास अच्छा आक्रामक खेल है और हम अपनी रक्षा के साथ इसे संतुलित करने की कोशिश करेंगे। इस टीम की महत्वाकांक्षा बेहद प्रभावशाली है। दक्षिण अफ्रीका दौरा इस तथ्य का संकेत था कि हमारी टीम की केमिस्ट्री अच्छी है और टीम के भीतर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और यह समय की मांग है। हम युवाओं को सामरिक और तकनीकी रूप से विकसित होने में मदद करना चाहते हैं। एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारतीय टीम के लक्ष्य पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा हम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 खेलने के लिए भारत वापस आकर वास्तव में उत्साहित हैं।

हमारे पास कुछ शीर्ष गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर है और हमें ओलंपिक के लिए अच्छी तैयारी करने का मौका मिलेगा। हम उन क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है और हम इन मैचों में उन पर अमल करने की कोशिश करेंगे जो हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# यांग हाओ और लियान जुन्जी ने लगातार तीसरा 10 मीटर सिंक्रो विश्व खिताब जीता




**एजेंसी। दोहा**

चीन के यांग हाओ और लियान जुन्जी ने गुरुवार को यहां पुरुषों की 10 मीटर सिंक्रोनाइज्ड डाइविंग स्पर्धा में अपना लगातार तीसरा विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप खिताब जीता। दोनों ने शुरूआत में अपना दबदबा कायम किया और कुल 470.76 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

फाइनल का समापन तब हुआ जब यांग और लियान ने अपने अंतिम 109 सी गोता में 104.34 अंकों का उल्लेखनीय स्कोर अर्जित किया। जो पूरे फाइनल का उच्चतम एकल गोता स्कोर था।

ब्रिटेन के टॉम डेली और नोआ विलियम्स ने कुल 422.37 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि 2023 फुकुओका विश्व चैंपियनशिप के उपविजेता यूक्रेन के किशोर ओलेक्सी सेरेडा और किरिल बोलिख ने 406.47 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

# उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स 0.23 और निफ्टी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए



**नई दिल्ली।** दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की सपाट स्तर पर मिली जुली शुरूआत हुई थी। पूरे दिन लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.23 प्रतिशत और निफ्टी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। दूसरी ओर मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयर भी बिकवाली के दबाव में कारोबार करते रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.82 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ग्रासिम इंडस्ट्रीज 5.41 प्रतिशत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 3.67 प्रतिशत, अपोलो हॉस्पिटल 3.31 प्रतिशत, सन फार्मास्युटिकल्स 2.35 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 2.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.34 प्रतिशत, ओएनजीसी 2.05 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.92 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.81 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## द.अफ्रीका की महिला टेस्ट टीम में छह नए खिलाड़ी शामिल



**सिडनी।** दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 फरवरी से पर्थ के वाका में शुरू होने वाले बहु-प्रारूप दौरे के एकमात्र मैच से पहले छह खिलाड़ियों को पहली बार महिला टेस्ट टीम में शामिल किया है। पहली बार टेस्ट कॉल-अप अर्जित करने वाली खिलाड़ियों में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज तजमीन ब्रिट्स, तेज गेंदबाज मसबाता क्लास और अयंदा ह्लुबी शामिल है। साथ ही ऑलराउंडर एलिज-मैरी मार्क्स और डेल्मी टकर के साथ-साथ विकेटकीपर मिके डी रिडर शामिल हैं।

## अपनी गलतियां सुधारने और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे : सुरजीत

**एजेंसी। कोलकाता**

बेंगलुरु बुल्स की प्लेऑफ की संभावनाओं को तब झटका लगा जब वे बुधवार को अपने आखिरी मैच में पुनेरी पलटन के खिलाफ 31-40 से हार गए। हालांकि, बेंगलुरु बुल्स के डिफेंडर सुरजीत सिंह ने कहा कि टीम अपनी गलतियों को सुधारेगी और प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के प्लेऑफ में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

सुरजीत ने एक आधिकारिक बयान में कहा हमारे पास अभी तीन मैच बाकी हैं और हमारे पास अभी भी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। हम अपनी गलतियों को सुधारने और बाकी बचे मैच जीतने की कोशिश करेंगे। देखते हैं क्या होता है। यह पूछे जाने पर कि क्या बुल्स अपने आगामी मैचों में अपनी खेल शैली में बदलाव करेगा, सुरजीत ने कहा हम अपने आगामी खेलों के बारे में चर्चा करेंगे। हमारे कोच रेडिंग और रक्षात्मक योजनाएं तैयार करेंगे। हम देखेंगे कि पिछले कुछ मैचों में हम जिस तरह से खेल रहे हैं उसमें कोई भी बदलाव करने के लिए क्या हमें आवश्यकता है। उन पहलुओं के बारे में बोलते हुए कि पुणे टीम के खिलाफ बुल्स बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। डिफेंडर ने कहा हमने पुनेरी पलटन के खिलाफ मैच की शुरूआत में बहुत सारे बोनस अंक दिए। हम एंकल होल्ड के जरिए रेडर्स को पकड़ना चाह रहे थे, लेकिन हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित नहीं कर सके।



## कोल इंडिया मैराथन रांची में 11 फरवरी को

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के द्वितीय कोल इंडिया मैराथन का आयोजन 11 फरवरी को रांची के मोरहाबादी में किया जाएगा। इस बार लगभग आठ हजार प्रतिभागी मैराथन में दौड़ लगाएंगे। इस वर्ष अब तक 7410 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें पुरुष प्रतिभागियों की संख्या 6049 और महिला प्रतिभागी 1361 हैं। इसके अलावा लगभग 500 सीसीएल के गेस्ट भी इस मैराथन भाग लेंगे। इस बार कोल इंडिया मैराथन के इनामी राशि में भी बढ़ोतरी की गयी है, जिसे 29.70 लाख से बढ़ाकर 33.12 लाख रुपये किया गया है। पहले सीसीएल मैराथन की तरह इस वर्ष भी दौड़ को चार श्रेणी में बांटा गया है। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और पांच किमी की दौड़ शामिल है। पूर्ण मैराथन में 42.195 किमी और हाफ मैराथन 21.098 किमी का सफर तय करना होगा।

## पहली बार भारत यात्रा पर पहुंचे मैनचेस्टर यूनाइटेड के महान खिलाड़ी ओले

**एजेंसी। बेंगलुरु**

मैनचेस्टर यूनाइटेड के महान खिलाड़ी ओले गुन्नार सोलस्कर तीन शहरों के दौरे पर अपनी पहली यात्रा पर भारत पहुंचे। वह शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचे और केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्रित प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया। ओले गुन्नार सोलस्कर का तीन शहरों का दौरा 'गार्डन सिटी' बेंगलुरु से शुरू होगा। उसके बाद 10 फरवरी को मुंबई और फिर 11 फरवरी को नई दिल्ली में इसका समापन होगा।

ओले फुटबॉल जगत में एक प्रसिद्ध नाम है और भारत में भी उनके प्रशंसकों की कमी नहीं हैं।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व मैनेजर भी क्लब के लिए 366 मैचों में 126 गोल के साथ क्लब के लिए अग्रणी स्कोरर में से एक हैं। बायर्न म्यूनिख के खिलाफ 1999 चैंपियंस लीग फाइनल में उनका आखिरी मिनट का



सनसनीखेज विजयी गोल आज भी दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों की यादों में ताजा है।

तीन शहरों के दौरे में एन इवनिंग विद ओले गुन्नार सोलस्कर के हिस्से के रूप में फुटबॉल के महान खिलाड़ी के साथ एक अनफि ल्टर्ड और पुरानी यादों से भरी बातचीत देखी जाएगी, जहां खेल प्रशंसकों और फुटबॉल कट्टरपंथियों को मैनचेस्टर यूनाइटेड लीजेंड के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। सोल्स्कजेर खेल उद्यमी तिलक गौरांग शाह के निमंत्रण पर भारत दौरे पर आए थे, जो भारत की सबसे बड़ी क्विजिंग कंपनी ऐस ऑफ पब्स के संस्थापक भी हैं।

## मारुति की अर्टिगा ने 10 लाख बिक्री का आंकड़ा पार किया




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की बहुउद्देश्यीय कार (एमपीवी) अर्टिगा ने 10 लाख बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली 7 सीटर मल्टी पर्पस व्हीकल है। यह जानकारी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने शुक्रवार को एक बयान में दी। उन्होंने कहा कि अर्टिगा ने उन्नत प्रौद्यागिकी से लैस वाहन के तौर पर एमपीवी की अवधारणा को एक बार फिर परिभाषित किया है। यह मॉडल शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में 37.5 फीसदी प्रतिशत की प्रभावशाली बाजार हिस्सेदारी के साथ देशभर में लोकप्रिय रहा है। उल्लेखनीय है कि अर्टिगा कार की कीमत 8.64 लाख रुपये से शुरू होती है। इसके टॉप मॉडल की कीमत 13.08 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। कंपनी घरेलू बाजार के अलावा 80 से ज्यादा देशों में इसका निर्यात करती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने ओपन वॉटर मिश्रित खिताब जीता




**वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप**

**एजेंसी। दोहा**

विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में गुरुवार को ओपन वॉटर मिश्रित 4x1500 मीटर स्पर्धा में रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला, जिसका समापन ऑस्ट्रेलिया के लिए रोमांचक जीत के रूप में हुआ।

खिताब के लिए इटली और ऑस्ट्रेलिया के बीच कड़ी टक्कर हुई। तेज गति के साथ, काइल ली ने अंतिम क्षण में अपने इतालवी प्रतिद्वंद्वी डोमेनिको एसेरेंजा को पीछे छोड़ दिया, और एक घंटे, तीन मिनट और 28.00 सेकंड के विजयी समय में फिनिश लाइन को पार कर लिया। 21 वर्षीय तैराक काइल ली ने अपने साथियों मोएशा जॉनसन, चेल्सी गुबेका और निकोलस स्लोमन के योगदान के साथ जीत हासिल की। काइल ने सिन्हुआ के हवाले से कहा यह बहुत कठिन था, लेकिन मेरी टीम ने मुझे सर्वोत्तम संभव स्थिति में रखा, इसलिए मैं उनसे और कुछ नहीं पूछ सका। मैं बस शांत रहने की कोशिश कर रहा हूं और जितना संभव हो उतना समय देने की कोशिश कर रहा हूं। इटली, जिसमें गिउलिया गैब्रिएल्स्की, एरियाना ब्रिडी और ग्रेगोरियो पाल्ट्रिनिएरी भी शामिल हैं, आस्ट्रेलिया से मात्र 0.20 सेकंड पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे।

RUGBY PREMIER LEAGUE

## रग्बी इंडिया सितंबर में करेगा रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन

**मुंबई।** भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू) ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वे जल्द ही अपनी तरह की पहली फ्रेंचाइजी-आधारित लीग शुरू करेंगे, जिसे रग्बी प्रीमियर लीग कहा जाएगा। लीग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ भारत की कुछ सर्वश्रेष्ठ 7एस रग्बी प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह भी घोषणा की गई कि आईआरएफयू ने लीग के आयोजन और विपणन के लिए भारत की अग्रणी खेल विपणन कंपनियों में से एक बेसलाइन वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इस ऐतिहासिक घोषणा पर भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा यह भारत और भारतीय रग्बी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। रग्बी विश्व स्तर पर सबसे बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है।

# जमैका की दिग्गज धाविका शैली-एन फ्रेजर प्राइस पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तीन बार की ओलंपिक चैंपियन शैली-एन फ्रेजर-प्राइस ने कहा है कि वह 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लेंगी क्योंकि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहती हैं।

जमैका स्टार ने 2008 (बीजिंग) में 100 मीटर में स्वर्ण, 2012 (लंदन) ओलंपिक में स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 ओलंपिक रिले में स्वर्ण पदक जीता। कुल मिलाकर, उन्होंने तीन ओलंपिक स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य जीता है।

उन्होंने अपने 15 साल के शानदार करियर में 100 मीटर, 200 मीटर और 4x100 मीटर रिले स्पधाओं में 10 विश्व चैंपियनशिप खिताब जीते हैं।

सर्वकालिक महानतम धावकों में से एक मानी जाने वाली 37 वर्षीय जमैका की खिलाड़ी ने अमेरिकी लाइफस्टाइल पत्रिका 'एसेंस' को बताया, ऐसा कोई दिन नहीं है जब मैं अभ्यास करने के लिए उठ रही हूं और मुझे लगता है कि मैं इससे उबर चुकी हूं। मेरे बेटे को मेरी जरूरत है।



मैं और मेरे पति 2008 में मेरे जीतने से पहले से ही साथ हैं। उन्होंने मेरे लिए बलिदान दिया है। हम एक साझेदारी हैं, एक टीम हैं। और यह उस समर्थन के कारण है कि मैं वह काम करने में सक्षम हूं जो मैं इतने वर्षों तक कर रही हूं और मुझे लगता है कि अब मुझ पर कुछ और करने का दायित्व है।

37 वर्षीय महिला जिसने 2017 में अपने बेटे, जायोन को जन्म दिया। उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। वह 2019 में दोहा में अपनी जीत के साथ 100 मीटर विश्व खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं और यूजीन में 2022 विश्व चैंपियनशिप में उस रिकॉर्ड को बढ़ाया जब उन्होंने अपना पांचवां 100 मीटर विश्व खिताब जीता। उसी वर्ष उन्होंने मोनाको डायमंड लीग भी जीती और एक सीजन में छह बार 10.7 सेकंड से कम समय में दौड़ने वाली पहली महिला बनीं।

फ्रेजर-प्राइस ने कहा आप प्रभाव डाल सकते हैं और लोगों को यह दिखाना महत्वपूर्ण है कि आप स्वार्थी नहीं हो सकते। यह पर्याप्त नहीं है कि हम एक ट्रैक पर कदम रखें और हम पदक जीतें। आपको अगली पीढ़ी के बारे में सोचना होगा जो आपके बाद आ रही है और उन्हें भी सपने देखने देना होगा और बड़े सपने देखने का अवसर मिलता है।

जमैका की स्प्रिंट क्वीन, जो वर्तमान में पेरिस 2024 के लिए प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं उन्होंने कहा कि इस साल का ओलंपिक खेल 'सीमाओं को आगे बढ़ाने' और लोगों को दिखाने के बारे में है कि आप निर्णय लेने के बाद रुक जाते हैं। मैं अपना करियर 'अपनी शर्तों पर' खत्म करना चाहती हूं।

## भारत सहित वैश्विक स्तर पर स्नैपचैट में आई आउटेज की समस्या

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट को शुक्रवार को भारत सहित ग्लोबल लेवल पर एक बड़े नुकसान का सामना करना पड़ा। यूजर्स ने बताया कि वे एक-दूसरे को टेक्स्ट और स्नैप सहित मैसेज भेजने में असमर्थ थे। आउटेज मॉनिटर वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के अनुसार, 76 प्रतिशत से अधिक लोगों ने एप्लिकेशन का उपयोग करते समय, 19 प्रतिशत ने लॉगिन के साथ, और 5 प्रतिशत ने वेबसाइट का उपयोग करते समय समस्याओं की सूचना दी। कई यूजर्स ने इसकी रिपोर्ट एक्स और रेडिट जैसे प्लेटफॉर्म पर की।

## स्टार्टअप पेमार्ट 'वर्चुअल एटीएम' की करेगा पेशकश, 5 भारतीय बैंकों के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** फोनपे के पूर्व सीईओ अमित नारंग के फिनटेक स्टार्टअप पेमार्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी इनोवेटिव वर्चुअल, कार्डलेस और हार्डवेयर-लेस कैश विड्रॉल सर्विस की पेशकश के लिए पांच भारतीय बैंकों के साथ साझेदारी की है। पेमार्ट ने इस सर्विस को देश भर में शुरू करने के लिए आईडीबीआई बैंक, इंडियन बैंक, जम्मू एंड कश्मीर बैंक और करूर व्यास बैंक सहित पांच प्रमुख बैंकों के साथ साझेदारी की है। कंपनी आगे के सहयोग के लिए चार अतिरिक्त बैंकों के साथ भी चर्चा कर रही है। पेमार्ट के संस्थापक और सीईओ नारंग ने एक बयान में कहा हमारी भविष्य के लिए तैयार टेक्नोलॉजी, बैंकों के कोर बैंकिंग सिस्टम से सीधे कनेक्टिविटी के साथ मिलकर, हमें एक कार्डलेस स्विच के रूप में स्थापित करती है, जो मौजूदा कार्ड ऑपरेटरों को पूरक बनाती है और अधिक समावेशी और सुलभ बैंकिंग इकोसिस्टम के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।

# झारखंड के 2703 सब इंस्पेक्टर का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड सरकार ने पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। 2,703 सब इंस्पेक्टर्स का ट्रांसफर किया गया है। ये सभी सब-इंस्पेक्टर झारखंड के अलग-अलग 24 जिलों में पदस्थापित थे। पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक) के कार्यालय से जारी आदेश में इसकी जानकारी दी गई है। जारी आदेश में कहा गया है जिन एसआई का तबादला आदेश जारी किया गया है, वे अविलंब नई जगह पर योगदान करें। इन्हें 10 फरवरी तक पुलिस मुख्यालय को बताने के लिए कहा गया है कि उन्होंने नई जगह पर योगदान दे दिया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि सभी एसएसपी और एसपी पुलिस मुख्यालय को बताएंगे कि निर्वाचन आयोग के आदेश का अक्षरशः अनुपालन हुआ है। एसएसपी और एसपी को यह सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है कि उनके जिले में पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के तीन वर्ष या उससे अधिक समय से तथा गृह जिला में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों का ट्रांसफर हो गया है। अगर किसी जिले में ऐसा नहीं हुआ है, तो उसकी भी जानकारी पुलिस मुख्यालय को दें, ताकि अपेक्षित कार्रवाई की जा सके।

### चुनाव आयोग के निर्देश पर हुई कार्रवाई

पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय ने जारी आदेश में कहा है कि ट्रांसफर-पोस्टिंग की यह कार्रवाई निर्वाचन आयोग के निर्देश पर की गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने 21 दिसंबर 2023 को एक पत्र भेजा था, जिसके आलोक में 27 दिसंबर 2023 को एक आदेश जारी किया गया।

# भारत मां के तीन सपूतों को मिला भारत रत्न : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह, स्व. नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बू संबाशिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मां के तीन सच्चे सपूतों को भारत रत्न देने का निर्णय लिया है, यह ऐतिहासिक क्षण है। बाबूलाल मरांडी कहा कि एक सामान्य किसान परिवार में जन्में असीम प्रतिभाओं के धनी, भारत के किसानों का मान सम्मान बढ़ाने वाले और लाल किले की प्राचीर से कृषि प्रधान भारत को एक महान राष्ट्र बनाने का सपना देखने वाले स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना बहुत ही खुशी की बात है। उनकी भारतीय अर्थव्यवस्था और कृषि अर्थव्यवस्था पर लिखी गई लगभग 20 से ज्यादा किताबें आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि अर्थव्यवस्था को समझने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

मरांडी ने आगे कहा कि आर्थिक सुधारों के अग्रदूत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिम्हा राव ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत छात्र जीवन के दौरान ही की थी, बहुभाषी के रूप में उनकी क्षमताओं ने उन्हें स्थानीय जनता के साथ जुड़ने में काफी मदद की। प्रधानमंत्री के तौर पर नरसिम्हा राव जी को मुख्य रूप से उनके द्वारा किये गए सुधारों के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति' के माध्यम से भारतीय कृषि में बदलाव लाने वाले प्रख्यात आनुवंशिकीविद् और कृषि वैज्ञानिक मनकोम्बु संबाशिवन स्वामीनाथन ने अपने पूरे जीवनकाल में एक ऐसी दुनिया की कल्पना के लिए लगातार काम किया जिसमें कोई भूखी या गरीब आबादी न हो। उन्होंने सतत विकास की अवधारणा, विशेष रूप से कृषि की पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों, खाद्य उपलब्धता और जैव विविधता संरक्षण के साथ भी महान काम किया। गेहूं की अधिक उपज देने वाली किस्मों के विकास में उनके योगदान के लिए उन्हें भारत की हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी मिले भारत रत्न : पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी भारत रत्न देने की मांग की है। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार से आग्रह है कि झारखंड समेत छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा के लाखों आदिवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के योगदान को देखते हुए उन्हें भी भारत रत्न दिया जाए। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट में मंत्री रहे मिथिलेश ठाकुर ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट डालकर स्वामीनाथन, चौधरी चरण सिंह, पीवी नरिम्हा राव को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान से अलंकृत करने के फैसले का स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड हाई कोर्ट से 2009 के एक मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को मिली राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को वर्ष 2009 में आम लोगों पर पुलिस के अत्याचार के खिलाफ गोड्डा के पोड़ैयाहाट में सड़क जाम से संबंधित एक मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश एसके द्विवेदी की अदालत ने प्रार्थी निशिकांत दुबे की याचिका स्वीकृत करते हुए गोड्डा की निचली अदालत के द्वारा सांसद की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किये जाने के आदेश को रद्द कर दिया। निचली अदालत के डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने के आदेश को हाई कोर्ट द्वारा रद्द किये जाने के बाद अब सांसद निशिकांत इस मामले में आरोप मुक्त हो गये हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता के ऊपर आपराधिक मामला नहीं बनता है। विरोध प्रदर्शन करने का उनका मौलिक अधिकार है। याचिकाकर्ता निशिकांत दुबे ने गोड्डा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत द्वारा उनकी डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज करने को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की। गोड्डा के पोड़ैयाहाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट सड़क जाम हुआ था। इस दौरान पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन को भी जाने नहीं दिया गया था। बाद में निशिकांत दुबे के अनुरोध पर रात 11:45 बजे सड़क जाम हटाया गया था। गोड्डा की निचली अदालत ने इस मामले को लेकर 18 जून 2013 को संज्ञान लिया था।

### हाई कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**भूमि घोटाला**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को बरियातु स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश एसएन प्रसाद की कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद अग्रवाल ने हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बरियातु स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है।

### कोल इंडिया मैराथन के प्रमोशन के लिए न्यूक्लियस मॉल में नुक्कड़ नाटक



**रांची।** 11 फरवरी को होने वाले कोल इंडिया मैराथन के प्रमोशन के लिए आज 09 फरवरी को रांची के न्यूक्लियस मॉल प्रांगण में एक पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसका भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों द्वारा सराहना की गयी एवं सभी ने इसका खूब आनंद लिया। इस विशेष अवसर पर सीसीएल के सीवीओ श्री पंकज कुमार, सीवीओ के निजी सचिव श्री शशांक शेखर, विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) आलोक कुमार सहित जनसंपर्क विभाग के विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं वॉलेंटियर्स उपस्थित थे। उक्त प्रतियोगिता में झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने मैराथन के विभिन्न आकृतियों को दशार्ते हुए कई मनमोहक दृश्य अपनी पेंटिंग में उकेरा। कोल इंडिया मैराथन 2024 में भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि श्री पंकज कुमार, सीवीओ, सीसीएल ने प्रतिभागियों की कला की प्रशंसा करते हुए सभी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# 'जब हेमंत 40 घंटे फरार थे तब राज्य किसके भरोसे था'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार ने पैदा की थी। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार शर्मसार करने वाली घटना घटित हुई, जब एक चुना हुआ मुख्यमंत्री कानून के डर से 40 घंटे तक फरार रहा। इस दौरान वह अपने राज्य के किसी भी अधिकारी से भी संपर्क में नहीं था। यानी साढ़े तीन करोड़ जनता को उनके भाग्य के भरोसे छोड़ दिया गया था। शुक्रवार को जारी बयान में प्रतुल शाहदेव ने हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में तो सिर्फ 'भागम भाग' का खेल चल रहा है। पहले 'भाग हेमंत भाग' हुआ, उसके बाद 'भाग विधायक भाग' हुआ। जब इनके पास बहुमत से ज्यादा विधायक थे और प्रदेश में इनकी ही सरकार थी तो हैदराबाद के राजनीतिक पर्यटन की आवश्यकता समझ से परे है। उन्होंने कहा राज्यपाल ने विधि सम्मत और कानून सम्मत निर्णय लिया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शाहदेव ने कहा कि साढ़े छह लाख छात्रों के भविष्य से इस सरकार ने खिलवाड़ किया। 25-25 लाख रुपये में प्रश्न पत्र बेचने की साजिश हुई। अभी तक इस मुद्दे पर कोई एफआईआर नहीं होना और एसआईटी का गठन कर ध्यान बंटाने की कोशिश साफ दिख रही है कि यह छात्र विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि झामुमो इस मुद्दे पर क्यों खामोश रहती है?

जाहिर है प्रश्न पत्र लीक का कवरअप ऑपरेशन चल रहा है। शाहदेव ने झामुमो और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से बीएमडब्ल्यू कार की रिकवरी पर अभी तक दोनों दल रहस्यमय तरीके से खामोश हैं। उन्होंने जानना चाहा कि धीरज साहू और हेमंत सोरेन के बीच का रिश्ता आखिर क्या कहलाता है? क्या इतनी घनिष्ठता थी कि धीरज साहू अपनी गाड़ी हेमंत सोरेन के गैरेज में रख रहे थे और पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन अपना पैसा धीरज साहू घर रख रहे थे? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि जो 350 करोड़ रुपये की रिकवरी धीरज साहू के घर में हुई थी, उसमें हेमंत सोरेन का कितना हिस्सा था या पूरी रकम ही उनकी थी।

# राज्यपाल को स्पष्टीकरण देने की जरूरत क्यों पड़ी : सुप्रियो भट्टाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और इस्तीफे पर गुरुवार को राजभवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि हेमंत सोरेन को ईडी हिरासत में ले चुकी थी। उसके बाद स्तीफा देने राजभवन आये थे। राज्यपाल के बयान पर जवाब देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मीडिया के माध्यम से पता चला कि राज्यपाल प्रिंट मीडिया को बुलाये हैं और एक मीडिया से स्पष्टीकरण भी मांगे हैं। अखबारों में पढ़ा कि उन्होंने कई सारी बातें कहीं। हिंदी में एक कहावत है ह्लदाढ़ी में तिनके वालीह्व ईडी ने जब उनसे कहा कि हिरासत में ले लिये हैं उसके बाद सभी लोग राजभवन पहुंचे। दो बसों को अंदर जाने का परमिशन दिया गया और फिर अंदर जाने के बाद परमिशन नहीं होने की बात कही गई और उन्हें बाहर निकाल दिया गया। वर्तमान सीएम ने सरकार बनने का दावा किया और दावे को अस्वीकार करते हुए अपने कक्ष की ओर चले गये फिर 15 मिनट बाद आ कर दावे को उन्होंने स्वीकार किया।राज्यपाल के प्रधान सचिव से दूसरे दिन फोन पर बात की गई, जिसके बाद सूचित करने की बात कही गई. फिर दोबारा राजभवन से समय की मांग की गई और तब जाकर गठबंधन के पांच नेताओं को मिलने की अनुमति दी गई। मिलने के बाद 10 बजे रात में चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनने की बात कही गई। जब 8:30 बजे रात में इस्तीफा हुआ तो दूसरे दिन रात का इंतजार क्यों हुआ। एक दिन से अधिक समय तक राज्य का कार्यपालक कौन था। मंत्रिमंडल विस्तार के समय फ्लोर टेस्ट की बात कही गई। क्या राज्यपाल को बहुमत की आशंका थी। 49 सदस्य हमारे साथ थे। 81 सदस्यीय विधानसभा सभा में 49 विधायकों के समर्थन के बाद भी राय लेनी पड़ी।बिहार की परिस्थिति अलग है। क्योंकि वह ईडी की गिरफ्त में नहीं है, जो अपका संदेश नहीं मानेगा। वह ईडी की गिरफ्त में रहेंगे। बिहार में सबसे बड़े दल की जगह तीसरे नंबर के दल को बुला लिया गया। लेकिन यहां बहुतमत वाले दल को नहीं बुलाया गया।

### कर्मचारियों के बीच 29 करोड़ वितरित करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बीएसआईडीसी लिमिटेड के कोर्ट में जमा किए गए 20 करोड़ रुपये को झारखंड स्थित पांच इकाइयों के कर्मियों के बकाया राशि के रूप में वितरित करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कर्मचारियों के यूनियनों ने 60 करोड़ की जमा राशि भी कर्मचारियों के बीच वितरित करने का आग्रह किया। इसपर कंपनी की ओर से बताया गया कि यह राशि बिहार के कर्मचारियों के बकाए के लिए है। इसका विरोध यूनियन ने किया। अदालत ने चार सप्ताह के अंदर बीएसआईडीसी को भुगतान का विवरण पेश करने का निर्देश दिया।

# उत्तर भारत की बर्फीली हवा से तापमान आठ डिग्री, 12-13 को बारिश की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उत्तर भारत में बर्फीली हवा चलने का असर रांची से लेकर पलामू तक देखने को मिल रहा है। सुबह में ठंडी हवा चल रही है। इससे तापमान में लगातार कमी आ रही है। रांची का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तो पलामू का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री रहा है। पिछले 72 घंटे के दौरान 7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

दिन में तेज धूप रहने के कारण अधिकतम तापमान में दो डिग्री की कमी आई है। इस बीच मौसम विभाग ने 12 एवं 13 फरवरी को बारिश का अलर्ट जारी किया है। पलामू जिले में भी बारिश को लेकर संभावना व्यक्त की गई है। वज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग की माने तो इस दौरान आकाश में बादल छाए रहेंगे वहीं न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि इसके बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ाने की संभावना है। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि 11 फरवरी को भी पलामू प्रमंडल के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। बफीर्ली हवा चलने के कारण सुबह और शाम की स्थिति काफी ठंडी हो गई है। इससे जनजीवन पर असर पड़ रहा है। लोग ठिठुरने पर विवश है। रात 9 बजे के बाद सड़के वीरान हो जा रही हैं।

# घायल जवान को ग्रीन कॉरिडोर बना विशेष विमान से दिल्ली भेजा



**नवीन मेल संवाददाता। दिल्ली/रांची**
चतरा में नक्सली मुठभेड़ में घायल हुए जवान आकाश सिंह को आर्किड अस्पताल से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर शुक्रवार को एयरपोर्ट ले जाया गया। वहां से उन्हें दिल्ली एम्स ले जाया गया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दिल्ली के एम्स ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि सात फरवरी को चतरा में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में दो जवान सिकंदर सिंह और सुकन राम बलिदान हो गए थे। जबकि यूपी, भभुआ निवासी आकाश सिंह नामक जवान को गोली लगी थी। उन्हें चतरा से एयर लिफ्ट कर रांची के आर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य के हर गरीब का अपना...**
कहा कि 50 वर्ष की आयु सीमा पूरी कर चुके अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के साथ महिलाओं को भी अब पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय सरकार ने लिया है। इस बाबत लाभुकों को चयनित करने के लिए पंचायत से अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम की वजह से आज कोई पेंशन से अछूता नहीं है। हर घर में पेंशन पहुंच रही है, जिसकी वजह से बड़े बुजुर्गों को आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है।

**गरीब बच्चे भी निजी स्कूलों की तरह प्राप्त कर रहे शिक्षा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार लगातार काम करती आ रही है। बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर इंग्लिश मीडियम में शिक्षा दी जा रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए छात्राओं को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। हमारे राज्य के बच्चे-बच्चियां इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बन सकें, इसके लिए उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए आर्थिक मदद की जा रही है। अब 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा, ताकि आगे की शिक्षा प्राप्त करने में उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक तंगी नहीं हो।

**456 करोड़ की पलामू पाइप लाइन...**
रुपये की मंजूरी मिली है। इस परियोजना के तहत जुलाई से अक्टूबर तक सोन , कोयल और औरंगा नदी से पानी उठाकर पाइप लाइन के सहारे पलामू के विभिन्न जलाशयों को भरा जायेगा। इस परियोजना से जिले के चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंडों को सीधा लाभ मिलेगा। यहां के रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम,पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटॉड डैम, कुन्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम समेत पाईपलाईन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय, तालाब एवं आहर को पानी से भरा जाना है। योजना के अनुसार तीनों नदियों से 31.397 एमसीएम पानी उठाया जाएगा। योजना पूर्ण करने का लक्ष्य दो वर्ष निर्धारित किया गया है।

**यहां से पानी किया जाएगा लिफ्ट :** देवरी में सोन नदी से पानी लिफ्ट कर छतरपुर क्षेत्र के बटाने, सुखनदिया, करमाकला, विश्रामपुर में धनकाई और ताली बांध में पानी भरा जायेगा। कोयल नदी से चैनपुर के कल्याणपुर तक पाइपलाइन के जरिये पानी पहुंचाया जायेगा और टेमराई, बुटनडुबा और मेदिनीनगर के कई जलाशयों को भरा जायेगा। वहीं मलय, कुन्देलवा, कचरवा, पनघटवा बांध को औरंगा नदी के पानी से भरा जाएगा।

**भूमि विवाद में तीन लोगों की...**
कैंप भी लगातार कर रही है। इस मामले को लेकर एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव ने बताया कि जमीन और पेड़ को लेकर दो परिवार में विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**फिल्म निर्देशक प्रकाश झा को...**
जांच कर फाइनल रिपोर्ट निचली कोर्ट में जमा कर दी थी और कहा था कि इस मामले में आपराधिक मामला नहीं बनता है, क्योंकि यह सिविल विवाद से जुड़ा हुआ है। सिविल कोर्ट के संज्ञान के खिलाफ प्रकाश झा की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में दायर क्रिमिनल क्वैशिंग याचिका पर जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई। प्रकाश झा की ओर से पक्ष रखते हुए उनके अधिवक्ता उमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रकाश झा को जो 20 लाख रुपए मूल्य के तीन ड्राफ्ट दिए गए थे, उन्हें भुनाया नहीं गया है। पुलिस की जांच में यह सामने आ चुका है कि यह सिविल नेचर का विवाद है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद एफआईआर को निरस्त करने का आदेश दिया।

# राज्य के सभी जिलों में प्रतिनियुक्त बलों को वापस करने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पुलिस मुख्यालय ने चतरा में नक्सली हमले में दो जवानों के बलिदान होने के बाद राज्य के सभी जिलों में प्रतिनियुक्त बलों को वापस करने का आदेश शुक्रवार को दिया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी अभियान एवी होमकर ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त बलों को तत्काल प्रभाव से उनके प्रशिक्षण संस्थान, वाहिनी में वापस करने का आदेश दिया जाता है। सात जनवरी को चतरा में अफीम फसल नष्ट कर लौट रहे पुलिसकर्मी पर बैरियो जंगल में नक्सलियों ने हमला कर दिया था। इसमें सिकंदर सिंह और शुकन राम बलिदान हो गये थे। जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गये थे।

# दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा में सोशल मीडिया की भूमिका पर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस कमिटी की अध्यक्षता में सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को जूम एप्लीकेशन के माध्यम से सभी नवनियुक्त स्टेट कोऑर्डिनेटर के साथ बैठक की। बैठक में दूसरे चरण की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया के रणनीति पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान सोशल मीडिया विभाग के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपना- अपना परिचय दिया। इसके बाद अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने लोगों को भविष्य की रणनीति के आलोक में अपने सुझाव और कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में स्टेट कोऑर्डिनेटर में नलिन मिश्रा, संजय कुमार तथा प्रशांत पांडे, भावेश भूषण, भोला दास, रामदेव सिंह, अरविंद कुमार सैनी, लवंगलता निराला, अभिषेक मानव, उमर अली अंसारी, बबलू दास, शंकर बेदिया, अश्वनी आनंद मौजूद थे।

# व्यावसायिक प्रशिक्षण से सरकारी स्कूलों के बच्चे बन रहे हुनरमंद

## आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बच्चे कर रहे रचनात्मक आविष्कार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार समग्र शिक्षा के तहत राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं व 12वीं के बच्चों के अंदर व्यावसायिक और तकनीकी कौशल विकसित करने के उद्देश्य से उन्हें 11 प्रकार की व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। इनमें कृषि, परिधान, होम फर्निशिंग, ऑटोमोटिव, सौंदर्य और कल्याण, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर, हेल्थकेयर, आईटी-आईटीईएस, मल्टीस्किलिंग, मीडिया और मनोरंजन, खुदरा, पर्यटन और आतिथ्य शामिल है।


यह ट्रेड ओरिएंटेड कोर्सेज सभी कस्तूरबा विद्यालयों, 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के साथ-साथ आदर्श विद्यालयों में संचालित हैं, जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। इससे बच्चों के भीतर व्यावसायिक व तकनीकी कौशल का विकास तो हो ही रहा है, साथ ही उनमें टीम मैनेजमेंट, लीडरशिप स्किल जैसे हुनर भी विकसित हो रहे हैं। व्यावसायिक शिक्षा के प्रभाव से स्कूली बच्चे आधुनिक तकनीकों का बेहतर उपयोग कर रचनात्मक आविष्कार कर रहे हैं जिनमें साइकिल को इलेक्ट्रिक साइकिल में बदलने से लेकर आधुनिक अल्कोहल सेंसिंग अलर्ट सिस्टम बनाना शामिल है।

### इलेक्ट्रिक साइकिल से लेकर आधुनिक अल्कोहल सेंसिंग अलर्ट सिस्टम बच्चों ने अपने कौशल से किया विकसित



**धनबाद के ओम अग्रवाल और उनकी टीम ने बनाई इलेक्ट्रिक साइकिल :** धनबाद के डीएवी 2 हाईस्कूल पाथरडीह के छात्र ओम अग्रवाल, शुभम कुमार और इमरान अंसारी ने ऑटोमोटिव विषय से व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर एक बैटरी से संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण किया है। अपने कौशल से उन्होंने एक साधारण साइकिल को इलेक्ट्रिक साइकिल में रूपांतरित कर दिया है। यह इलेक्ट्रिक साइकिल विद्युत ऊर्जा पर आधारित है। इलेक्ट्रिक साइकिल के निर्माण के लिए स्कूल द्वारा बच्चों को कच्चा माल और उपकरण उपलब्ध कराया गया। इस इलेक्ट्रिक साइकिल में बैटरी स्टोरेज बॉक्स लगा है, जो साइकिल के सामने की तरफ मुख्य फ्रेम पर स्थित है, ताकि बैटरी का भार दोनों पहियों पर वितरित किया जा सके। इसमें तीन फेज बीएलडीसी हब मोटर 36 वोल्ट 350 वाट है, जो व्हील के पिछले हिस्से में लगा है। इसमें लिथियम बैटरी 36 वोल्ट 15एएच भी शामिल है, जो लंबे समय तक चलने वाली लिथियम बैटरी है। इसमें 36 वोल्ट 350 वाट कंट्रोलर लगा है, जिसे इलेक्ट्रिक वाहन का दिमाग कहा जाता है। इन उपकरणों के अलावा इसमें कम ब्रेक, उच्च ब्रेक प्रणाली शामिल है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ दंत रोपण
❖ पायरिया का ईलाज ❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
❖ स्माईल डिज़ाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### जॉर्जिया में गोलीबारी में चार की मौत, एक घायल

**तबलिसी।** जॉर्जिया की राजधानी तबलिसी के पास दक्षिण पूर्वी शहर रुस्तवी के एक बाजार में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी है और एक व्यक्ति घायल हो गया है। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह पता चला है कि 1988 में पैदा हुए हमलावर ने रुस्तवी में बाजार के क्षेत्र में कई गोलियां चलायीं, जिसमें बाजार में काम करने वाले आरोपी के चाचा सहित चार लोग मारे गये। हमले में आरोपी के रिश्ते का भाई घायल हो गया।

### श्रीनगर में मीरवाइज उमर फारूक को नजरबंद किया गया



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद की प्रबंधन संस्था अंजुमन औकाफ ने शुक्रवार को बताया कि वरिष्ठ अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक को अधिकारियों ने घर में नजरबंद कर दिया है। अंजुमन औकाफ ने कहा कि अधिकारियों ने शुक्रवार को उपदेश देने (तकरीर करने) से रोकने के लिए मीरवाइज उमर फारूक को श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में उनके निगीन आवास के अंदर नजरबंद कर दिया।

### सोशल मीडिया पर डीपफेक के खिलाफ कानून



**केंद्रीय** आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए कानून लाया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर किसी भी निंदनीय कंटेंट के लिए जवाबदेह बनाने के लिए कानून लाया जा रहा है।

## पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न सम्मान पर बोले उनके भतीजे

# कांग्रेस को मोदी से सीखने की जरूरत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा पीएम मोदी ने की। घोषणा पर नरसिम्हा राव के भतीजे पीवी मदन मोहन ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न मिलने का इंतजार लंबे समय से परिवार के लोग कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने इस पुरस्कार के लिए उनके नाम की घोषणा कर हमारे घाव को भर दिया है। इसके साथ ही तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लोग इस घोषणा से बेहद खुश हैं। वारंगल जिले की जनता भी इस घोषणा के बाद से उत्साहित है और खुशी मना रही है। तेलंगाना सरकार की तरफ से भी केंद्र सरकार से इस बात की मांग की गई थी कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भारत रत्न पुरस्कार दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने इस पुरस्कार को लेकर नरसिम्हा राव की अनदेखी की। कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव की अनदेखी की, उसके बाद से कांग्रेस का क्या हश्र हुआ यह सभी ने देखा है। इस बात को पूरे देश की जनता भी समझ रही है। कांग्रेस अगर इन सारे कामों को नहीं कर सकती है तो कम से कम उनको अभी की नरेंद्र मोदी सरकार से सब कुछ सीखना चाहिए। कांग्रेस के समय में पुरस्कार एक परिवार के लिए सिमट के रह गया था लेकिन, नरेंद्र मोदी सरकार के समय यह देखने को मिल रहा है कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके योगदान को देखते हुए देश के प्रतिष्ठित पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

### दिल जीत लिया, पीएम मोदी व राष्ट्रपति को धन्यवाद : जयंत चौधरी





**मोदी** सरकार ने भारत रत्न देने के लिए शुक्रवार को तीन नामों की घोषणा की, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री और आरएलडी के चीफ जयंत चौधरी के दादा चौधरी चरण सिंह का नाम भी शामिल है। चौधरी चरण सिंह के नाम की घोषणा होने के बाद जयंत चौधरी ने अपनी खुशी पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जाहिर की और लिखा कि 'दिल जीत लिया।' उसके बाद एक प्रेस वार्ता में भी उन्होंने अपनी खुशी को जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। इस दौरान भाजपा के साथ गठबंधन पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, कोई कसर रहती है, अब किस मुंह से इनकार करूं, आपके सवालों का। सरकार के इस ऐलान के बाद जयंत काफी भावुक दिखे, उन्होंने पीएम मोदी का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, "आज देश के लिए बड़ा दिन है। मैं भावुक हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करता हूं। देश उनका शुक्रिया अदा करता है। प्रधानमंत्री मोदी देश की नब्ज को समझते हैं। आज कमेरा वर्ग, किसान और मजदूरों का सम्मान किया जा रहा है। यह करने की क्षमता और किसी सरकार में नहीं रही। मुझे आज मेरे पिता अजीत सिंह की याद आ गई। मैं कितनी सीटें लूंगा, इस बात पर ध्यान ना दें। अब मैं किस मुंह से इनकार करूं। मैं अपना कुछ डिलीट नहीं करूंगा। जैसी राजनीतिक परिस्थिति रहती है। मैं अपनी बात को आगे रखता हूं। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी और आरएलडी में गठबंधन लगभग तय हो गया है। आरएलडी दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ये दो सीटें बागपत और बिजनौर हो सकती हैं। इसके अलावा, जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी को एक राज्यसभा सीट भी दी जा सकती है। दोनों दलों के बीच गठबंधन का ऐलान दो से तीन दिन में हो जाएगा।

#### एमएसएसआरएफ ने पीएम का जताया आभार

एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन ने स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद दिया है। फाउंडेशन ने कहा कि यह कदम सभी के लिए खाद्य पोषण और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के उनके अथक परिश्रम के लिए एक बड़ी मान्यता है। बताते चलें कि स्वामीनाथन की मौत पिछले साल 28 सितंबर को 98 साल की उम्र में हो गई थी।

#### लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति समर्पित रहे चौधरी : शाह

अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को सम्मानित किए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई। आजीवन किसानों के लिए समर्पित चौधरी साहब ने किसान कल्याण के लिए अनेक कार्य किए।

#### लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया : जेपी नड्डा

जेपी नड्डा ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने के निर्णय हेतु मैं भारत सरकार का हृदय से अभिनंदन करता हूं। कृषि जगत व किसान भाइयों के सर्वविद उत्कर्ष के लिए चौधरी के द्वारा किए गए कार्य अविस्मरणीय हैं।

#### कांग्रेस की सरकार ने नहीं दिया सम्मान : सुशील मोदी

भाजपा सांसद और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। कांग्रेस की सरकार ने कभी इन लोगों को सम्मान नहीं दिया। प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर भाजपा सांसद हरनाथ यादव ने कहा, 'मैं पीएम मोदी के इस फैसले का स्वागत करता हूं। मैंने 2020 में संसद में यह मांग उठाई थी।'

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का अद्वितीय योगदान : राष्ट्रपति



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के 62वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने देश को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में अद्वितीय योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्थान ने न केवल कृषि से संबंधित अनुसंधान एवं विकास कार्यों को कुशलतापूर्वक किया है बल्कि इन कार्यों को जमीन पर उतारने का भी काम किया है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस संस्थान ने 200 से अधिक नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। 2005 और 2020 के बीच आईएआरआई ने 100 से अधिक किस्में विकसित की हैं और इसके नाम पर 100 से अधिक पेटेंट हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में एक बड़ी आबादी खेती से जीविकोपार्जन करती है। भारत की जीडीपी में कृषि का भी महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि हमारी अर्थव्यवस्था का आधार यथासंभव बढ़े और इसमें कोई बाधा न आए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, नई कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और सुचारु सिंचाई प्रणाली प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

सरकार ने किसानों को आय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सभी फसलों के एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की है। राष्ट्रपति ने कहा कि किसानों और कृषि से जुड़ी समस्याओं से हम सभी परिचित हैं। हमारे कई किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जी रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए और अधिक तत्परता से आगे बढ़ना होगा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले और वे गरीबी के जीवन से समृद्धि की ओर बढ़ें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 में जब भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा तो भारतीय किसान इस यात्रा के अग्रदूत होंगे।

## पाक आम चुनाव रुझान : इमरान की पार्टी समर्थित 154 उम्मीदवार आगे



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में धांधली के आरोपों और छिटपुट हिंसा के बीच गुरुवार को हुए आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को बढ़त मिलती दिख रही है। मुल्क में नेशनल असेंबली की 336 सीटों में से 266 पर मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर के हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद एक सीट पर मतदान स्थगित कर दिया गया था। नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 163 के रुझानों में पीटीआई समर्थित 154 उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने मतदान संपन्न होने के 10 घंटे से अधिक समय बाद शुक्रवार देररात चुनावी परिणाम की घोषणा शुरू की। अभी मतगणना जारी है। अब तक जिन बड़े नेताओं ने जीत हासिल की है, उनमें पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ, शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहजाद और शरीफ की बेटी मरियम नवाज शामिल हैं। आयोग के अनुसार जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के नेता गौहर अली खान और असद कैसर ने भी जीत हासिल की। पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी और उनके बेटे बिलावल भी अपनी-अपनी सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और बिलावल जरदारी भुट्टो की पीपीपी के बीच है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है।

## सरकार के श्वेत पत्र पर लोकसभा में चर्चा शुरू, सीतारमण ने कहा-

# मोदी ने दुनियाभर में बढ़ाया भारत का सम्मान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर पेश किए गए श्वेत पत्र पर शुक्रवार को लोकसभा में नियम-342 के तहत चर्चा शुरू हो गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सदन में श्वेत पत्र पर चर्चा के लिए प्रस्ताव पेश किया जिसमें कहा गया है कि, यह सदन भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत के लोगों के जीवन पर इसके प्रभाव पर श्वेत पत्र पर विचार करेगा। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज सदन दिन भर अर्थव्यवस्था पर पेश किए गए श्वेत पत्र पर चर्चा करेगा। इस श्वेत पत्र पर लोकसभा में चर्चा के लिए फिलहाल 4 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। हालांकि वक्ताओं की संख्या को देखते हुए इस समय को बढ़ाया भी जा सकता है। लोकसभा में श्वेत पत्र पर चर्चा का प्रस्ताव पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि यूपीए सरकार देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर और बहुत ही खराब हालत में छोड़ कर गई थी। जिसे वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने उबारा और आज देश दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने यूपीए सरकार के कार्यकाल में हुए घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि 2008 के संकट काल में यूपीए सरकार ने देश को बचाने के लिए कुछ नहीं किया जबकि देश के साथ-साथ दुनिया ने देखा कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोविड के वैश्विक संकट का कैसे सामना किया, भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास की गति तेज की और जी-20 शिखर सम्मेलन से दुनिया भर में भारत का मान सम्मान बढ़ा।

#### बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने का जरिया है 'श्वेत पत्र' : कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार 'श्वेत पत्र' पेश कर असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश में जुटी है। शुक्ला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाकर मौजूदा भाजपा सरकार सारा श्रेय ले रही है। मोदी सरकार को बताना चाहिए कि मनमोहन सिंह की कौन सी योजना इन्होंने बंद की जो आलोचना करते हैं? चंद्रयान तक को मनमोहन सरकार ने मंजूरी दी थी। खाद्य सुरक्षा बिल मनमोहन सिंह ने पास किया था। इन्होंने किसानों से धोखा, युवाओं से धोखा और गरीबों का मजाक बनाने के अलावा कुछ नहीं किया है।

#### पीएम आज लोस में दे सकते हैं समापन भाषण


पीएम अपने दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट सत्र के आखिरी दिन आज लोकसभा में समापन भाषण दे सकते हैं। पीएम के इस भाषण को लोकसभा के कई सांसदों के लिए फेयरवेल स्पीच भी बताया जा रहा है क्योंकि इसके बाद लोकसभा का चुनाव होना है और वर्तमान लोकसभा के कई सांसद अगली लोकसभा के सदस्य नहीं रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी शनिवार शाम को 5 बजे के लगभग लोकसभा में अपना भाषण दे सकते हैं।

**नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामला**

## पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी व दो बेटियों को अंतरिम जमानत

**पटना।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आईआरसीटीसी जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों राज्यसभा सांसद मीसा भारती और हेमा यादव को अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने उन्हें एक-एक लाख रुपये के बेल बॉन्ड पर अंतरिम जमानत दे दी। इस मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होनी है। इससे पहले राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मामले में उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के बाद शुक्रवार सुबह राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुईं। इससे पहले बिहार में सरकार बदलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पटना में लालू प्रसाद यादव से 10 घंटे, तेजस्वी यादव से आठ घंटे, राबड़ी देवी और मीसा भारती से तीन-तीन घंटे तक पूछताछ की थी। राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, अमित कत्याल, हृदयानंद चौधरी और अन्य पर 600 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।

## '2014 से रूस यूक्रेन की समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान की मांग कर रहा'



**एजेंसी। मॉस्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया कि उनका देश 2014 से लगातार यूक्रेन की समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान की मांग कर रहा है। अमेरिकी मीडिया पर्सनैलिटी टकर कार्लसन के साथ शुक्रवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में पुतिन ने कहा, "हमने बार-बार यूक्रेन में 2014 में तख्तापलट के बाद पैदा हुई समस्याओं का शांतिपूर्ण तरीकों से समाधान खोजने की पेशकश की। लेकिन, किसी ने हमारी बात नहीं सुनी। और, तो और यूक्रेनी नेतृत्व, जो अमेरिका के पूर्ण नियंत्रण में था, उसने अचानक घोषणा की कि वह मिन्स्क समझौतों को पूरा नहीं करेगा। उन्हें वहां कुछ भी पसंद नहीं आया और उन्होंने इस क्षेत्र में सैन्य गतिविधि जारी रखी।" समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि इस बीच नाटो ने कई ट्रेनिंग और रिट्रेनिंग स्ट्रक्चर की आड़ में क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ाई। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारियों ने ऐसे कानून अपनाए थे जो रूसियों के अधिकारों को प्रतिबंधित करते थे। यूक्रेन में, उन्होंने घोषणा की कि रूसियों ने एक गैर-नाममात्र राष्ट्र के लिए एक कानून पारित किया है। साथ ही उन्होंने गैर-नाममात्र राष्ट्रों के अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों को अपनाया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, यह सब ने मिलकर 2014 में यूक्रेन में नियो-नाजीस द्वारा सशस्त्र साधनों द्वारा शुरू किए गए युद्ध को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

## ब्राजीलियन परिवहन विमान सी-390 के लिए एम्ब्रेयर ने महिंद्रा से किया समझौता

# वायुसेना की परिचालन क्षमता के साथ 'मेक इन इंडिया' को मिलेगा बढ़ावा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर ने भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) सी-390 मिलेनियम खरीद परियोजना पर शुक्रवार को नई दिल्ली के ब्राजील दूतावास में महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी और महिंद्रा ने मल्टी-मिशन विमान का अधिग्रहण संयुक्त रूप से पूरा करने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने की औपचारिक घोषणा की है। नई दिल्ली के ब्राजील दूतावास में एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी के अध्यक्ष और सीईओ बोस्को दा कोस्टा जूनियर ने कहा, हम महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स के साथ इस समझौता ज्ञापन की घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। भारत में एक विविध एवं मजबूत रक्षा और एयरोस्पेस उद्योग है और हमने एमटीए कार्यक्रम को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाने के लिए महिंद्रा को अपने भागीदार के रूप में चुना है। भारत एम्ब्रेयर के लिए एक प्रमुख बाजार है और हम 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए भारत की महत्वाकांक्षाओं का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, हम इस साझेदारी को ब्राजील और भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रतीक और वैश्विक दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में देखते हैं। एम्ब्रेयर और महिंद्रा एमटीए कार्यक्रम के अगले चरणों की पहचान करने के लिए भारतीय वायुसेना के साथ जुड़ेंगे। साथ ही परियोजना को लेकर औद्योगीकरण योजना विकसित करने के लिए भारत में स्थानीय एयरोस्पेस उद्योग से संपर्क करेंगे। सी-390 मिलेनियम विमान भारत में एयरोस्पेस और सैन्य परिवहन विमान के लिए नवीनतम तकनीक लाएगा। एम्ब्रेयर और महिंद्रा भारत में सी-390 विमान के भविष्य को केंद्र में बदलने की क्षमता तलाशेंगे। महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स के अध्यक्ष और कार्यकारी बोर्ड के सदस्य विनोद सहाय ने कहा, हमें एम्ब्रेयर कंपनी के साथ इस साझेदारी को शुरू करने पर गर्व है, जो अपनी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता एवं विमान और प्रणालियों के अद्वितीय पोर्टफोलियो के लिए जानी जाती है। सी-390 मिलेनियम बाजार में सबसे उन्नत सैन्य एयरलिफ्टर है। हमारा मानना है कि यह साझेदारी भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के साथ ही कुशल औद्योगीकरण समाधान भी प्रदान करेगी, जिससे 'मेक इन इंडिया' पहल के उद्देश्यों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## प्रधानमंत्री ने संसद भवन की कैंटीन में किया लंच



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संसद भवन की कैंटीन में जाकर लंच किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ कई केंद्रीय मंत्रियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों और देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांसदों ने भी लंच किया। शुक्रवार को संसद सत्र के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी सबको चौंकाते हुए अचानक संसद भवन की कैंटीन में लंच करने पहुंच गए। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन, केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे, आरएसपी सांसद एनके प्रेमचंद्रन, बीजेडी सांसद डॉ. सस्मित पात्रा, भाजपा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल एवं हिना गावित सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांसदों ने भी लंच किया। बता दें कि संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री मोदी लगातार संसद भवन में मौजूद रहते हैं। प्रधानमंत्री संसद की कार्यवाही में शामिल भी होते हैं और संसद सत्र के दौरान संसद भवन परिसर स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय से ही अपना कामकाज भी करते हैं। वर्तमान में संसद का बजट सत्र चल रहा है, जो कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट सत्र है।